


- बुनियादी ढांचा सुधार से तेजी से बढ़ रहा उप्र का संपत्ति बाजार : यूपी रेरा-10



- कामकाज का मॉडल बदल रहा एआई, पर बाजार नहीं होगा कम-10



- तीस्ता पर तनाव : भारत से जुड़ा मुद्दा लेकर चीन के पास पहुंचा बांग्लादेश-11



- विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सेलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य घोषित-12

आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.28
सूर्यास्त 06.50

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |


www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी, 12:21 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 8 मई 2026, वर्ष 7, अंक 163, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये

...आओ व्यायाम करें



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को बिथ्याणी महाविद्यालय (यमकेश्वर, उत्तराखंड) में युवाओं को फिटनेस के प्रति प्रेरित करने के लिए ओपन जिम उपकरणों पर व्यायाम किया।

# ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, यह तो बस एक शुरुआत है




- सेना का संदेश- कोई आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं



वाइस एडमिरल प्रमोद



एयर मार्शल अवधेश



उप प्रमुख ले. जनरल जुबिन

जयपुर, एजेंसी

भारतीय सेना ने गुरुवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकी ठिकाना सुरक्षित नहीं है और यह मिशन तो बस एक शुरुआत है।

ऑपरेशन सिंदूर के एक वर्ष पूरे होने पर भारतीय वायुसेना, नौसेना और थलसेना के सैन्य अभियानों के प्रमुखों ने जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ऑपरेशन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस अभियान को सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान को दंडित करने के वास्ते पिछली आधी सदी में भारत का सबसे व्यापक सैन्य अभियान बताया गया। इस ऑपरेशन के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभाने वाले सेना के तत्कालीन सैन्य संचालन महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर अंत नहीं था, यह तो बस एक शुरुआत है। घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने अपनी पुरानी रणनीतियों से हटकर एलओसी और पाकिस्तान के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार स्थित आतंकवादी ढांचों को बेहद समन्वित तरीके से निशाना बनाया। यह अभियान हमारे देश के संकल्प, जिम्मेदारी और रणनीतिक संयम का प्रतीक था। तत्कालीन एयर ऑपरेशन्स महानिदेशक एयर मार्शल भारती ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने वायु शक्ति की अहमियत को फिर से स्थापित किया। 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने पिछले वर्ष सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था।

## पहली वर्षगांठ पर पाकिस्तान को भारतीय सेना का करारा जवाब

### शतरंज का खेल, पारियों की हार

**नई दिल्ली।** पिछले साल सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से एक साल के भीतर, सैन्य अधिकारियों ने इसकी जटिलताओं का वर्णन करने के लिए कई उपमाओं का इस्तेमाल किया है- दुश्मन की अगली चाल के बारे में अनिश्चितता को दर्शाने के लिए 'शतरंज का खेल' से लेकर भारत की जीत की विशालता को उजागर करने के लिए 'पारियों की हार' तक। इस सैन्य कार्रवाई में शुरुआत से ही प्रतीकात्मकता अंतर्निहित थी। इसके नाम के साथ-साथ अब व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले 'लोगो' से भी एक स्पष्ट संदेश मिलता है।

### मोदी ने सो. मीडिया की डीपी बदली



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरा होने पर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) बदल दी तथा उन्होंने सभी से सशस्त्र बलों और उनकी सफलता के प्रति सम्मान के रूप में ऐसा ही करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा कि एक साल पहले भारतीय सशस्त्र बलों ने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया था और हमला करने वालों को करारा जवाब दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध दवा : अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने नकली दवा बनाने, सरकारी आपूर्ति की दवाओं पर नए लेबल लगाने तथा उन्हें वितरित करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक अवैध इकाई का भी पता चला है, जहां दवाइयों की प्रोसेसिंग और दोबारा पैकिंग की जा रही थी। यह गिरोह उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के लिए भेजी गई दवाइयों हासिल करता था। गिरफ्तार किए गए लोगों में मुखर्जी नगर का निवासी कथित सरगना मनोज कुमार जैन (56), पंचकूला (हरियाणा) निवासी राजू कुमार मिश्रा (57), प्रयागराज निवासी विक्रम सिंह उर्फ सन्नी (32) और वतन (35) शामिल हैं।

### कनाडा करे भारत विरोधी चरमपंथियों पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** भारत ने कनाडा से आह्वान किया कि वह उसकी धरती से काम कर रहे भारत विरोधी चरमपंथी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करे। भारत की यह अपील कनाडा की खुफिया रिपोर्ट के मद्देनजर आई है, जिसमें खालिस्तानी तत्वों द्वारा उत्पन्न राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे को उजागर किया गया है। पिछले सप्ताह जारी 2025 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि खालिस्तानी चरमपंथियों की हिंसक उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्तता कनाडा के लिए खतरा बनी हुई है।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा भंग

## राज्यपाल ने अपनी शक्तियों का किया प्रयोग, ममता नहीं रहीं मुख्यमंत्री

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में गुरुवार को बड़ा संवैधानिक उलटफेर हुआ है। राज्यपाल आरएन रवि ने अनुच्छेद 174(2)(बी) के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य विधानसभा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। ममता बनर्जी के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे से इनकार के बाद राज्यपाल ने यह कड़ा कदम उठाया जिससे कैबिनेट भी बर्खास्त हो गई है। मुख्य सचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय 7 मई, 2026 से लागू हो गया है।

राज्य विधानसभा को उसका कार्यकाल पूरा होने के बाद ही भंग किया गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना जारी कर फैसले की घोषणा की गई। मई 2021 में वर्तमान विधानसभा का गठन किया गया था जब राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटी थी। हाल ही में संपन्न हुए दो चरणों के चुनावों के बाद, निवर्तमान विधानसभा को भंग किया जाना उसके कार्यकाल की औपचारिक समाप्ति का प्रतीक है।



- ममता के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे से इनकार करने के बाद राज्यपाल ने कड़ा कदम उठाया

### रथ की हत्या की जांच को एसआईटी गठित

**कोलकाता।** भाजपा के नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए की हत्या की जांच के लिए एसआईटी गठित की गईहै। इसमें राज्य पुलिस के साथ-साथ सीआईडी के अधिकारी भी शामिल हैं।

### तमिलनाडु में सरकार का संकट, राज्यपाल विजय से बोले- आपके पास बहुमत नहीं



**चेन्नई।** तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने गुरुवार को तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय से कहा कि उनकी पार्टी के पास सरकार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन नहीं है। वहीं, आवश्यक संख्या बल जुटाने के लिए टीवीके ने वाम दलों, वीसीके और आईयूएमएल से समर्थन का अनुरोध किया है। ये दल समर्थन देने के संबंध में दो दिनों के भीतर अपना रुख स्पष्ट कर सकते हैं। संबंधित दल चाहते हैं कि राज्यपाल टीवीके को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करें। विजय अपने मंत्रिमंडल में संभावित सहयोगियों को शामिल करने के लिए तैयार हैं, इसलिए वे संभवत: टीवीके को समर्थन दे सकते हैं। लोकभवन ने कहा कि राज्यपाल आर्लेकर ने टीवीके अध्यक्ष को गुरुवार को लोक भवन आमंत्रित किया। दोनों के बीच यह दूसरी बातचीत थी। राज्यपाल ने समझाया कि उनके पास विधानसभा में सरकार गठित करने के लिए आवश्यक बहुमत अभी तक नहीं है। टीवीके ने 23 अप्रैल को हुए चुनावों में 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट जीतीं और वह सबसे बड़े दल के रूप में उभरी।

### रथ की कराहने की आवाज सुनी : घोष

**कोलकाता।** भाजपा के विधायक शंकर घोष ने दावा किया कि मध्यग्राम के पास चंद्रनाथ रथ की हत्या से कुछ देर पहले फोन पर हुई बातचीत में उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी थी। घोष ने कहा, मेरे पास शब्द नहीं हैं। भाजपा विधायक ने दावा किया कि वह बुधवार रात करीब 10 बजे उल्टाडांगा से लौटते समय रथ से फोन पर बात कर रहे थे।

### मेरे पीए न होते तो हत्या नहीं होती : शुभेंदु

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया कि चंद्रनाथ रथ अगर उनके निजी सहायक के तौर पर काम नहीं करते तो शायद उनकी हत्या नहीं होती। उन्होंने भरोसा जताया कि पुलिस हमलावरों को गिरफ्तार कर लेगी। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि रथ की हत्या में सुपारी लेकर हत्या करने वाले संलिप्त थे। उन पर पांच गोलियां चलाई गईं।

# जनगणना 2027 का शंखनाद, योगी बोले- विकास का बनेगा मूल आधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ करते हुए इसे समग्र और समावेशी विकास की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला बताया। सीएम आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने 'हमारी जनगणना-हमारा विकास' के संकल्प के साथ मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य की शुरुआत कराई।

सीएम आवास पर आयोजित कार्यक्रम में योगी ने कहा कि जनगणना केवल लोगों की संख्या गिनने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीतियों, संसाधनों के वितरण और भविष्य की विकास योजनाओं का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि डेटा आधारित शासन के इस दौर में सटीक आंकड़े ही शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और आधारभूत ढांचे की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में मददगार होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पहली बार देश में पूरी तरह डिजिटल जनगणना कराई जा रही है। इस बार जातीय जनगणना भी प्रक्रिया का हिस्सा होगी, जबकि पहली बार वन ग्रामों को भी शामिल किया जा रहा है। 7 मई से 21 मई 2026 तक नागरिकों को स्वगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प मिलेगा, जिसके तहत लोग डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद जनगणना कार्मिक घर-घर जाकर सूचीकरण का कार्य करेंगे। दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी 25 करोड़ 70 लाख के करीब है और इतनी बड़ी जनसंख्या की गणना अपने आप में एक विशाल प्रशासनिक अभियान है। इसके लिए प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जिलों, 350 तहसीलों, 17 नगर निगमों, 745 नगरीय निकायों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों और करीब 1.04 लाख राजस्व गांवों में व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। इस कार्य के लिए करीब 5.47 लाख कार्मिक लगाए जाएंगे, जिनमें 4.50 लाख प्रगणक, 85 हजार सुपरवाइजर और 12 हजार अधिकारी शामिल हैं। दोनों चरणों के लिए 5.35 लाख से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं।



- कहा- जनगणना को राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए सही और तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराएं प्रदेशवासी

### इसलिए अहम है यह जनगणना

सरकारी योजनाओं का बजट, संसाधनों का बंटवारा, स्कूल-अस्पतालों की जरूरत, सड़क और आवास जैसी विकास परियोजनाएं जनगणना के आंकड़ों पर ही आधारित होती हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, डिजिटल और रियल टाइम डेटा आधारित यह जनगणना आने वाले वर्षों में नीति निर्माण की दिशा तय करेगी।

# स्कूल से सटे 60 फीट गहरे कुएं में गिरकर छह साल के छात्र की मौत



कुएं से छात्र को बाहर निकालती पुलिस और गांव वाले। ● अमृत विचार



- इंटरवल में खेलते समय कुएं में गिरा गया था लविश

संवाददाता, बरेली/ भुता

- थाना भुता क्षेत्र के गांव अदीनापुर में हुआ हादसा, डेढ़ घंटे बाद हुई जानकारी, स्कूल प्रबंधन पर सुरक्षा में लापरवाही के आरोप

**अमृत विचार** : अदीनापुर गांव के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाला छह साल का छात्र कैंपस के बाहर खुले पड़े गहरे कुएं में समा गया। मासूम इंटरवल के समय स्कूल के बाहर मैदान में खेलने गया था। काफी देर भी जब वह कक्षा में वापस नहीं लौटा तो पूछताछ शुरू हुई। इसके बाद एक छात्र ने कुएं में गिरने की बात कही तो सभी मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक मासूम लविश की मौत हो चुकी थी। बच्चे की मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिवार और स्थानीय लोग स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए हैं।

पुलिस के अनुसार, मासूम लविश क्षेत्र के गांव अंगदपुर खमरिया गांव के रहने वाले किसान टिंकू का पुत्र था। वह पास के गांव अदीनापुर के आत्मानंद विद्या मंदिर स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ता था। बड़ा भाई अनुज भी स्कूल में दूसरी कक्षा का छात्र है। परिवार ने बताया कि सुबह 10:30 बजे लविश इंटरवल में साथी बच्चों के साथ स्कूल के बाहर मैदान में देखा गया था। किसी तरह वह मैदान में खुले पड़े कुएं के पास जा पहुंचा और संतुलन बिगड़ने से 60 फीट गहरे कुएं में जा गिरा। बच्चे के कुएं में गिरने की जानकारी तुरंत किसी को नहीं हुई। दोपहर 12 बजे इंटरवल खत्म हुआ, तो सभी बच्चे कक्षा में पहुंचे मगर लविश नहीं आया। खोजबीन शुरू हुई तो एक छात्र ने कुएं में गिरने जैसी आवाज सुनने की बात कही। स्कूल स्टाफ के साथ गांववालों ने कुएं में देखा तो बच्चा पानी में उतराता नजर आया।

### प्रधानाचार्य बोले-बच्चे को बचाने के लिए वह खुद कुएं में उतरे

सूचना पर थाना भुता पुलिस गांव पहुंच गई और लोगों के साथ रेस्क्यू कर बच्चे को कुएं से बाहर निकाला। इस काम में भी आधा घंटा लग गया। तुरंत ही एंबुलेंस से बच्चे को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे को लेकर साथी बच्चों में किसी ने कहा है कि लविश पानी पीने टंकी पर गया था, तो किसी ने कहा है कि वह मैदान में पत्ते तोड़ रहा था। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य चिरौंजी लाल गंगवार ने सफाई दी है कि छात्र को बचाने के लिए वह खुद भी कुएं में उतर गए थे लेकिन गहराई ज्यादा होने की वजह से दिक्कत आई।

## बिना कारण बताए नहीं होगी कोई गिरफ्तारी : राज्य सरकार

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के समक्ष एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से भरोसा दिलाया गया है कि प्रदेश में किसी भी व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारण और आधार बताए बिना गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। सभी गिरफ्तारियां बीएनएसएस के प्रावधानों के अनुसार ही की जाएंगी। कोर्ट ने याचिका को मंजूर करते हुए मामले के याची को तत्काल रिहा करने के आदेश दिए हैं।

यह आदेश न्यायमूर्ति अब्दुल मोईन व न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने बलरामपुर जनपद निवासी संतोष गुप्ता की ओर से उसके पुत्र द्वारा दाखिल बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिया है। धोखाधड़ी व कूटरचना के आरोपों से संबंधित बलरामपुर के कोतवाली नगर में दर्ज एफआईआर में याची को आरोपी पाते हुए गिरफ्तार किया गया था।

# अब एआई बताएगा टिकट कंफर्म होगा या नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय रेलवे 40 साल पुरानी अपनी यात्री आरक्षण प्रणाली पूरी तरह से बदलेगा। वहीं, कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के जरिए आपको पता चलेगा कि आपका वेटिंग टिकट कंफर्म होगा या नहीं। इस सिलसिले में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को यहां स्थित रेल भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

वैष्णव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस बात का ख्याल रखें कि उन्नत प्रणाली पर गाड़ियों के स्थानांतरण के समय यात्रियों को परेशानी न हो। बैठक में रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना और रवनीत सिंह बिट्टू भी उपस्थित थे। रेलवे के अनुसार 1986 में शुरू हुई इस प्रणाली में पिछले 40 साल में कई छोटे बदलाव किए गए हैं, लेकिन अब इसमें आमूलचूल परिवर्तन किया गया है। अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर इसके क्षमता का विस्तार किया गया है। रेलवे के अनुसार रेल आरक्षण प्रणाली ने कई महत्वपूर्ण पड़ाव देखे हैं। वर्ष 2002 में भारतीय रेलवे ने टिकटिंग में इंटरनेट का प्रयोग शुरू किया। आज यह प्रणाली इतनी लोकप्रिय है कि देश की ज्यादातर आबादी खिड़की की ओर रुख नहीं करती।



- रेलवे बदलेगा 40 साल पुरानी आरक्षण प्रणाली
- रेल मंत्री वैष्णव ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा

### देश में 88% टिकट ऑनलाइन बुक हो रहे

वर्तमान में देश में 88 प्रतिशत टिकट ऑनलाइन माध्यम से बुक किए जाते हैं। वहीं, रेलवे का मोबाइल एप रेलवन यात्रियों के बीच बड़ी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। एक साल से कम समय में ही 3 .5 करोड़ लोग इसे डाउनलोड कर चुके हैं। आज जब यात्री अपनी टिकट बनाते हैं, तो एप आपको यह बताता है कि वेटिंग में दिख रही टिकट कन्फर्म होगी या नहीं। कन्फर्म होने की सटीक संभावना अब आपको एआई के माध्यम से रेलवन एप बताने लगेगा।

निगरानी | सड़क, पुल और जलापूर्ति परियोजनाओं का होगा थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट

# प्रदेश के निर्माण कार्यों पर अब आईआईटी की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार**: प्रदेश में सड़क, पुल और जलापूर्ति जैसी बड़ी सरकारी परियोजनाओं की गुणवत्ता पर अब आईआईटी और इंजीनियरिंग संस्थानों की नजर रहेगी। योगी सरकार ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने व गड़बड़ियों पर अंकुश लगाने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट की नई व्यवस्था लागू कर दी है। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए विस्तृत शासनादेश जारी किया है।

अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार की ओर से गुरुवार को सभी सचिवालय, निदेशालय, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से लेकर सभी विभागाध्यक्षों और विश्वविद्यालय प्रशासन को जारी शासनादेश में कहा है कि परियोजनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए थर्ड पार्टी क्वालिटी ऑडिट (टीपीक्यूए) की नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के तहत आईआईटी कानपुर, आईआईटी बीएचयू, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी रुड़की, एमएनआईटी प्रयागराज, एएमयू अलीगढ़, एचबीटीयू कानपुर और एमएमएमयूटी गोरखपुर सहित कई संस्थानों को अलग-अलग श्रेणी की परियोजनाओं का ऑडिट सौंपा जाएगा। शासनादेश में सड़क, पुल और जलापूर्ति/सीवर परियोजनाओं के लिए अलग-अलग मानक तय किए गए हैं। 25 करोड़ से अधिक लागत वाली परियोजनाओं में थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य किया है। 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की निगरानी आईआईटी जैसे राष्ट्रीय संस्थान करेंगे, जबकि मध्यम श्रेणी की परियोजनाओं में राज्यस्तरीय संस्थान करेंगे। शासनादेश के अनुसार संबंधित विभाग और तकनीकी संस्थान के बीच एमओयू होगा। ऑडिट एजेंसियां निर्माण सामग्री, डिजाइन, सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण और कार्य प्रगति की जांच करेंगी। निर्माण के विभिन्न चरणों डिजाइन, 25 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत प्रगति और कार्य पूर्ण होने पर निरीक्षण अनिवार्य रहेगा। सरकार ने गुणवत्ता ऑडिट के लिए शुल्क भी तय किया है।



- सरकार ने नई व्यवस्था को लेकर सभी विभागों को जारी किया शासनादेश

### किन संस्थानों को मिली जिम्मेदारी

- आईआईटी कानपुर
- आईआईटी बीएचयू
- आईआईटी दिल्ली
- आईआईटी रुड़की
- एमएनआईटी प्रयागराज
- एएमयू अलीगढ़
- एचबीटीयू कानपुर
- एमएमएमयूटी गोरखपुर

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### लोक अदालत 9 को जनअभियान बनाने की तैयारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने राष्ट्रीय लोक अदालत को जनअभियान का रूप देने के लिए सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को व्यापक तैयारियों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि 9 मई को प्रदेश के सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी, जिसके सफल संचालन के लिए विभागीय समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्री-लिटिगेशन मामलों की अधिक पहचान कर उनके निस्तारण पर जोर दिया, ताकि लोगों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिल सके। जागरूकता के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जोड़ा जाएगा।

### स्पेल कार्यक्रम से युवाओं में बढ़ रही नेतृत्व क्षमता : योगेंद्र

**लखनऊ, अमृत विचार :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'स्टूडेंट पुलिस एक्सपीरिएंशियल लर्निंग (स्पेल)' कार्यक्रम युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित कर रहा है। एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए संचालित इस कार्यक्रम का दूसरा चरण प्रदेश के सभी 75 जिलों में सफलतापूर्वक पूरा हुआ। कार्यक्रम में कमिश्नरेट क्षेत्रों से 75 और अन्य जिलों से 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शासनादेश के अनुसार प्रतिभागी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय स्तर पर अंकपत्र में दो क्रेडिट अंक दिए जाएंगे।

### नाव हादसा : सभी छह लोगों के शव बरामद

**हमीरपुर, अमृत विचार :** भौली ग्राम पंचायत के कोतूपुर पटिया गांव में बुधवार शाम यमुना नदी में हुए नाव हादसे के बाद रात भर सर्च ऑपरेशन चला, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। गुरुवार सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक एक के बाद एक कर महिला सहित सभी 6 लोगों के शव बरामद कर लिए गए। प्रदेश सरकार ने प्रत्येक मृतक के परिवार को 4.25 लाख मुआवजा देने की घोषणा की गई है। भौली ग्राम पंचायत के मजरा कोतुपुर पटिया गांव के पास यमुना नदी में नाव पलटने से छह लोग डूब गए थे, जबकि नाविक ने खुद के साथ दो लोगों को बचा लिया था। यह हादसा उस समय हुआ था, जब लोग यमुना नदी के बीच रेत वाली बारी में खरबूजा-ककड़ी लेने गए थे। वहां से शाम करीब 6:30 बजे लौटते समय अचानक संतुलन बिगड़ने से नाव पलट गई थी।

### नोएडा में निवेश के नाम पर इंजीनियर से 56 लाख ठगे

**नोएडा, एजेंसी :** शेयर बाजार में निवेश कर मोटी रकम कमाने का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने नोएडा के सेक्टर-144 स्थित एक आईटी कंपनी के इंजीनियर से 56 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। पुलिस उपायुक्त (साइबर अपराध) शैव्या गोयल ने बताया कि सेक्टर-53 में रहने वाले विकास कुमार ने अपने साथ हुई ठगी को लेकर गुरुवार को साइबर अपराध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में कहा गया है कि नौ फरवरी 2026 को कुमार के मोबाइल पर एक संदेश आया। इसे भेजने वाले ने कहा कि शेयर बाजार में निवेश करने पर उन्हें मोटा मुनाफा होगा। लाभ के झांसे में आकर कुमार व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से उनसे जुड़े। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने ऑनलाइन ट्रेडिंग के माध्यम से उन्हें मोटा मुनाफा होने का झांसा देकर उन्हें एक वेबसाइट से जोड़ा और शुरुआत में उन्हें 50 हजार रुपए का फायदा हुआ।



### छोटे योगी ने की मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात

**सहारनपुर, अमृत विचार :** देवबंद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के दौरान उस समय खास नजारा देखने को मिला, जब एक छोटे बच्चे ने योगी आदित्यनाथ की तरह भगवा वस्त्र पहनकर कार्यक्रम में प्रवेश किया और मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात की। बच्चे को देखकर वहां मौजूद लोगों ने उसे छोटे योगी कहना शुरू कर दिया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चे को देखकर मुस्कुराते हुए आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने छोटे योगी के साथ जमकर फोटो और वीडियो बनाए।

#### आईआईटी कानपुर का बनाया कम्प्युटेशनल टूल 'रेनॉयर' पढ़ सकेगा कोशिकाओं की बातचीत

## कोशिकाओं में होने वाले संवाद का अब खुलेगा राज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचारः** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के विशेषज्ञों ने एक ऐसा कम्प्यूटेशनल टूल 'रेनॉयर' विकसित किया है जो कोशिकाओं की बातचीत सुनने में सक्षम है। यह टूल स्पैटियल ट्रांसक्रिप्टोमिक्स डेटा का उपयोग करता है, जिससे वैज्ञानिक न केवल कोशिकाओं के बीच होने वाले संवाद को पहचान सकते हैं, बल्कि यह भी देख सकते हैं कि ये संकेत ऊतक के किस हिस्से में किस प्रकार जीन गतिविधि को प्रभावित कर रहे हैं। यह तकनीक विशेष रूप से कैंसर जैसी जटिल बीमारियों में रोग प्रेरित संचार नेटवर्क को समझने और सटीक उपचार लक्ष्य खोजने में सहायता करेगी।

मानव शरीर में कोशिकाओं के बीच होने वाले संकेत किस प्रकार जीन गतिविधि को प्रभावित करते हैं, यह बात अभी तक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए बड़ी चुनौती थी। अब आईआईटी के शोधकर्ताओं ने प्रो. हमीम जफर के नेतृत्व में 'रेनॉयर' नामक जिस उन्नत कम्प्यूटेशनल टूल को विकसित किया है, वह वैज्ञानिकों को यह समझने में सक्षम बनाता है कि जटिल ऊतकों के भीतर कोशिकाएं आपस में कैसे संवाद करती हैं। प्रतिष्ठित जर्नल नेचर कम्युनिकेशन में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

संस्थान की ओर से बताया गया कि शरीर के हर अंग का कार्य कोशिकाओं के निरंतर संवाद पर निर्भर करता है। कोशिकाएं ऊतक विकास, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और रोग की प्रगति जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं के समन्वय के लिए लगातार संकेतों का आदान-प्रदान करती रहती हैं।

**ऑस्ट्रेलिया की प्रयोगशाला का सहयोग :** यह अध्ययन ऑस्ट्रेलिया के गार्वन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च में प्रो. अंकुर शर्मा की प्रयोगशाला के साथ सहयोग में किया गया। जहां भ्रूणीय यकृत और लिवर कैंसर से संबंधित स्पैटियल ट्रांसक्रिप्टोमिक्स डेटा तैयार किया गया, ताकि 'रेनॉयर' का मूल्यांकन किया जा सके।



कम्प्यूटर पर काम करते प्रोफेसर प्रो. हमीम जफर। ● अमृत विचार

#### फ्रांसीसी कलाकार का नाम दिया

इस अध्ययन के पहले लेखक आईआईटी कानपुर के पूर्व एमएस छात्र नरेन राव ने टूल 'रेनॉयर' के बारे में बताया कि इसका नाम फ्रांसीसी इंप्रेशनिस्ट कलाकार के नाम पर रखा गया है। इसकी वजह यह है कि यह दो आयामी ऊतक परिदृश्य में परस्पर क्रिया करने वाले जीन्स की गतिविधि को मानो 'चित्रित' करता है।

#### कैंसर के इलाज को शोध के लिए खुलेंगे नए रास्ते

रेनॉयर स्पैटियल ट्रांसक्रिप्टोमिक्स डेटा के उपयोग से न केवल यह पहचानता है कि कौन सी कोशिकाएं आपस में संवाद कर रही हैं, बल्कि यह भी दर्शाता है कि ये संकेत ऊतक के विशिष्ट स्थानों पर डाउनस्ट्रीम जीन्स को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे शोधकर्ताओं को 'कम्युनिकेशन नीश' की पहचान करने में मदद मिलती है, जहां विशेष सिग्नलिंग मार्ग सक्रिय होते हैं। आईआईटी के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. हमीम जफर ने कहा कि 'रेनॉयर' विशेष रूप से कैंसर जैसी जटिल स्थितियों में रोग-प्रेरित संचार नेटवर्क की पहचान करने और अधिक सटीक उपचार लक्ष्यों की खोज के नए अवसर खोलता है।

## 3200 करोड़ के अवैध लेन-देन का सरगना पकड़ा गया

### 16 बैंकों में 68 खातों से महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी और उसके करीबियों का लेनदेन सामने आया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बोगस फर्म बनाकर किया खेल, श्यामनगर लूटकांड की जांच में हुआ खुलासा
- स्लाटर हाउस, स्क्रैप कारोबार की काली कमाई को लगा रहा था ठिकाने

**अमृत विचारः** 3200 करोड़ के अवैध लेन-देन में फरार 25 हजार के इनामी महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार जेल भेज दिया। महफूज व उसके करीबियों के 16 बैंकों में 68 बैंक खातों से इतनी बड़ी रकम का लेन-देन पुलिस जांच में सामने आया है। मास्टरमाइंड महफूज स्लाटर हाउस व स्क्रैप करोबार की ब्लैक मनी को अपने अकाउंट में लेकर कमीशन काटकर रकम वापस करता था। इतना ही नहीं दर्जनों बोगस फर्म बनाकर जीएसटी की आईटीसी क्लेम से सरकार को करोड़ों का झटका दिया है। महफूज का नेटवर्क व टर्नओवर काफी बड़ा था। वह पांच करोड़ तक की रकम रोज डिलीवर करता था। सिर्फ इंटर तक पढ़ा महफूज करोड़ों के अवैध लेनदेन का मास्टरमाइंड है। श्यामनगर लूटकांड की जांच में पुलिस को उसके अवैध कारोबार का पता चला था। तभी से वह फरार था।

श्यामनगर में बीती 16 फरवरी को 25 लाख की लूट हुई थी। पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल ने खुलासा करते बताया कि लूटकांड में पीड़ित महफूज आलम ने पहले बताया कि उसके कर्मचारियों से आठ लाख की लूट हुई। फिर 40 लाख और उसके बाद पुलिस की जांच से घबरा कर बोला, मेरे साथ कोई लूट की वारदात नहीं हुई है। इस पर पुलिस को संदेह हुआ तो जांच-पड़ताल शुरू की। नतीजे देखकर दंग रह गए। महफूल आलम उर्फ पप्पी छुरी व उसके परिवार व नजदीकियों के 16 बैंकों में अलग-अलग 68 खातों में से 1600 करोड़ का अवैध लेन-देन सामने आया। जांच के बाद यह आंकड़ा 3200 करोड़ पहुंच गया है। पुलिस के सामने पूरी कहानी आने पर सरगना महफूज शहर छोड़कर भाग निकला। इसके बाद महफूज पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया।

उसके बाद लगातार उसके खिलाफ चकेरी व जाजमऊ में छह मुकदमें दर्ज हुए। पुलिस टीम उसकी तलाश में जुटी थी। बुधवार रात महफूज को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार उसे जेल भेजा गया है।

**एनकाउंटर के डर से पश्चिम बंगाल भागा :** महफूज ने बताया कि पुलिस उसके बैंक खातों तक पहुंच गई और पूरी जानकारी हासिल कर ली। उसका अवैध लेनदेन खुलने पर वह घर छोड़कर भाग निकला। उसने बताया कि इस बीच उसके संपर्क में कई पुलिस वाले व नेता आए। जिन्होंने मामला निपटाने का भरोसा दिया। इसके लिए उसे कीमत चुकानी पड़ी। लोगों ने उससे सेटलमेंट के नाम पर करोड़ों वसूला। उसे धमकाया गया कि रुपया नहीं दिया तो पुलिस एनकाउंटर कर देगी। डर के कारण ही वह कानपुर से पश्चिम बंगाल भाग गया था।

**इंटरनेट कॉलिंग से परिजनों से करता था बात :** पुलिस के हत्थे चढ़ने पर पूछताछ में उसने बताया कि एक करोड़ रुपये लेकर वह फरारी काटने निकला था। फरारी के दौरान उसने मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं किया।



पुलिस की गिरफ्त में इनामी महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी। ● अमृत विचार

#### कारोबारियों की ब्लैकमनी अपने खाते में मंगाता था

पुलिस कमिश्नर के अनुसार पूछताछ व जांच में सामने आया कि महफूज स्लाटर हाउस व स्क्रैप कारोबारियों की ब्लैकमनी को अपने खाते में मंगाता था। उसके बाद पांच प्रतिशत तक कमीशन काटकर उन्हें रकम लौटाता था। करीब 20 स्लाटर हाउस व 15 स्क्रैप कारोबारी समेत सैकड़ों कारोबारी उससे अपनी ब्लैकमनी भेजकर लेते थे। कुछ समय बाद वह खुद बोगस कंपनियां बनाकर करोड़ों का लेनदेन करने लगा। यह कंपनियां सिर्फ कागजों पर होती थी। हकीकत में कंपनियों का कोई अस्तित्व नहीं था। उन्हीं कंपनियों से वह करोड़ों का लेनदेन करके सरकार को राजस्व नुकसान पहुंचा रहा था।

#### बैंक कर्मियों की मिलीभगत से चल रहा था खेल

पुलिस की जांच में सामने आया कि महफूज आलम उर्फ पप्पू छुरी ने अपने बैंक अकाउंट में एपीएमसी का इस्तेमाल कर रहा था। इसके माध्यम से वह अपने खाते से अनलिमिटेड लेनदेन करता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आईडीबीआई बैंक के कर्मचारी सत्यप्रकाश ने 1.50 लाख रुपये लेकर उसके बैंक अकाउंट में एपीएमसी का फर्जी दस्तावेज बनवाकर लगा दिया था। उन्होंने बताया कि मंडी आढ़तियों के लिए मंडी में कारोबार के लिए एपीएमसी लाइसेंस लेना पड़ता है। जिसके लाइसेंस के लिए फर्म का बैंक खाता जमा करना जरूरी होता है। फिर व्यापारी अनलिमिटेड ट्रांजेक्शन कर सकता है। महफूज इस तरह अपने तीन खाते से आसानी से करोड़ों का लेनदेन करता था। पुलिस कमिश्नर ने बताया जल्द ही बैंक कर्मियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

#### हवाला से जुड़ा था महफूज आलम

पुलिस की जांच में सामने आया कि शातिर महफूज हवाला कारोबार से भी जुड़ा हुआ था। महफूज हवाला के जरिए कई राज्यों में रकम पहुंचाने का काम करता था। उसका नेटवर्क यूपी समेत कोलकाता, दिल्ली, मुंबई समेत कई राज्यों में फैला था।

### मुजफ्फरनगर में 36 घंटे में 12 अपराधी गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी :** जिले के विभिन्न हिस्सों में 36 घंटे आठ मुठभेड़ के बाद 12 कथित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 10 पुलिस की ओर से चलाई गई गोली लगने से घायल हो गए। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजय कुमार ने कहा कि ये मुठभेड़ बुढ़ाना, मंसूरपुर, कोतवाली सिटी, नयी मंडी और शाहपुर थाना क्षेत्रों में हुईं। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी लूट, डकैती, मोबाइल झपटमारी और पशु चोरी से जुड़े मामलों में शामिल थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहरुख, मनीष, शिवम, सलमान, खुशनसीब, अमर, गुड्डु, अभिषेक, अरशद और मोमिन के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि गोलीबारी के दौरान 10 आरोपियों को गोली लगी और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## सहारनपुर में बनेगा प्रदेश का पहला लॉजिस्टिक हब: योगी

सहारनपुर, एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को देवबंद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सहारनपुर में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इकोनॉमिक कॉरिडोर तथा प्रदेश का पहला इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, जिसके लिए कार्य प्रारंभ हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना से हजारों युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और सहारनपुर औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के कारीगरों द्वारा तैयार की जाने वाली विश्वस्तरीय वुड कार्विंग ने जिले को नई पहचान दिलाई है।

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेजी से आधुनिक आधारभूत संरचना के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे बड़ा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, देश की पहली रैपिड रेल दिल्ली-मेरठ तथा मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 600 किलोमीटर लंबे छह लेन एक्सप्रेस-वे जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं प्रदेश के विकास को नई गति दे रही हैं। मुख्यमंत्री ने जिले की सातों विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 500 करोड़ रुपये लागत की 184 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी), नंद बाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), कन्या विवाह सहायता योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना आदि के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं सहायता वितरित की गई।

## मथुरा में दो इनामी बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** हरदोई में एनकाउंटर के दूसरे दिन यूपी पुलिस ने मथुरा में भी दो अपराधियों को ढेर कर दिया। मथुरा एनकाउंटर में दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। दोनों अपराधियों ने सुनीर कोतवाली क्षेत्र के टैटी ग्रामसभा में डकैती कांड को अंजाम दिया था। बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

एनकाउंटर में मारे गए बदमाशों में एक की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू के रूप में हुई है जो कि राजस्थान के भरतपुर का रहने वाला है। जबकि दूसरा बदमाश पप्पू उर्फ राजेंद्र था जो कि राजस्थान के ही अलवर का रहने वाला था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने 23 अप्रैल की रात मथुरा में व्यापारी अजय अग्रवाल के घर में घुसकर परिजनों को बंधक बनाया और डकैती की वारदात को अंजाम दिया। तीन लाख रुपये और 12 लाख रुपये से अधिक के जेवरात लूट ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक ने डकैतों की तलाश के लिए 17 टीमें बनाई एवं अपराधियों को पकड़ने के लिए 50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया। मुठभेड़ में ढेर गए पुलिस ने दोनों बदमाशों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि सुरीर इलाके में व्यापारी के यहां डकैती की घटना हुई थी, जिसमें समान व नगदी लूट कर बदमाश ले गए थे। पकड़े गए मृत बदमाश नाम बदलकर डकैती घटनाओं को अंजाम देते थे। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया सामान और नकदी भी बरामद की है।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' सेना के पराक्रम का प्रतीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर देश के वीर जवानों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन भारतीय सेना के वीर सपूतों ने आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करते हुए सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दुनिया को भारत की शक्ति और अटूट संकल्प का परिचय कराया था। मौर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत अब हर आतंकी साजिश का मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है।



## स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ याचिका की सुनवाई से न्यायाधीश ने खुद को किया अलग

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- मामले को नई पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाने के निर्देश दिए

**अमृत विचारः** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पॉक्सो मामले में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ अग्रिम जमानत की शर्तों के उल्लंघन से जुड़ी अवमानना याचिका की सुनवाई से न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने स्वयं को अलग कर लिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि मुख्य न्यायाधीश से नामांकन प्राप्त होने के बाद मामले को नई पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। याचिका में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और उनके शिष्य मुकुंदानंद ब्रह्मचारी पर न्यायालय के आदेशों की अवहेलना कर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने, पीड़ित पक्ष को भयभीत करने और भड़काऊ सार्वजनिक बयान देने के आरोप लगाए गए हैं।

याचिका में कहा गया है कि विपक्षी को पॉक्सो मामले में 27 फरवरी 2026 के अंतरिम आदेश तथा 25 मार्च 2026 के अंतिम आदेश के तहत अग्रिम जमानत प्रदान की गई थी, जिसमें उन्हें न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद उन्होंने नाबालिग पीड़ितों के गृह जिलों में कथित रूप से अनधिकृत यात्राएं, जनसभाएं और सार्वजनिक रैलियां आयोजित कीं। याची आशुतोष महाराज, जो मूल प्राथमिकी में शिकायतकर्ता भी हैं, उन्होंने आरोप लगाया कि धार्मिक नेताओं ने विभिन्न समाचार चैनलों, सोशल मीडिया मंचों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में भड़काऊ तथा भ्रामक बयान देकर न्यायालय की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न करने और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास किया। याचिका के अनुसार विपक्षी यह प्रचारित कर रहे हैं कि उनके खिलाफ दर्ज मुकदमे सरकार के इशारे पर चलाए जा रहे हैं, जिससे न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका है। याचिका में यह भी कहा गया है कि बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के विभिन्न जिलों में यात्राएं और जुलूस निकाले गए तथा पीड़ित बच्चों के गृह जिलों में सभाएं कर ऐसे भाषण दिए गए, जिनसे पीड़ित परिवारों में भय और असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया।

## अनुदान के खर्च का हिसाब न देने वाले विभागों पर सख्ती की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपयोगिता प्रमाण-पत्र और डीसी बिल समय से जमा न करने पर तय होगी जिम्मेदारी
- 11 से 28 मई तक चलाया जाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने अनावर्ती सहायता अनुदानों के खर्च का समय पर हिसाब न देने वाले विभागों और अधिकारियों पर सख्ती शुरू कर दी है। दीपक कुमार द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि लंबित उपयोगिता प्रमाण-पत्र (यूसी) और एसी बिलों के सापेक्ष डीसी बिल तत्काल जमा कराए जाएं, अन्यथा संबंधित नियंत्रक अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही तक बड़ी संख्या में अनुदानों का समायोजन यूसी के अभाव में लंबित है, जिस पर प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने आपत्ति जताई है। इसे देखते हुए 11 मई से 28 मई 2026 तक विभागीय प्राप्तियों और भुगतानों के लेखा मिलान का विशेष अभियान चलाया जाएगा।

वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि समय पर लेखा मिलान न कराने पर पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी और महालेखाकार के आंकड़े अंतिम माने जाएंगे। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि सभी आवश्यक दस्तावेज- रिकंसिलिएशन शीट, मासिक व्यय विवरण और अन्य रिपोर्ट- समय से उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही वर्ष 2001-02 से 2024-25 तक लंबित यूसी का निस्तारण प्राथमिकता पर करने को कहा गया है।

**क्या है उपयोगिता प्रमाण-पत्र :** यूसी वह आधिकारिक दस्तावेज है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि सरकारी अनुदान निर्धारित उद्देश्य पर ही खर्च किया गया है।

#### जनगणना अभियान

#### राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डिजिटल माध्यम से की शुरुआत

## जनभवन से जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जनभवन से उत्तर प्रदेश में जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण एवं स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने डिजिटल माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर स्व-गणना अभियान की शुरुआत की।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार को स्व-गणना पोर्टल शुरू करने के लिए बधाई देते हुए प्रदेशवासियों से अपील की कि वे जनगणना अधिकारियों को सही, तथ्यात्मक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि भविष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में मदद मिल सके। कार्यक्रम में निदेशक जनगणना एवं मुख्य प्रधान जनगणना अधिकारी शीतल वर्मा ने स्व-गणना पोर्टल की जानकारी साझा की। विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबड़े, प्रमुख सचिव सामान्य प्रशासन एसवीएस रंगाराव, मंडलायुक्त विजय विश्वास पन्त, जिलाधिकारी विशाख जी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदेश में जनगणना 2027 का पहला चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रगणक मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर जाकर परिवार के मुखिया, मकान की स्थिति, मूलभूत सुविधाओं और परिसंपत्तियों से जुड़े 33 अधिसूचित प्रश्नों की जानकारी एकत्रित करेंगे।



जनभवन में स्व-गणना प्रक्रिया की शुरुआत करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल।

#### क्या है स्व-गणना सुविधा

- नागरिक खुद ऑनलाइन जानकारी भर सकते हैं
- 21 मई तक उपलब्ध रहेगा विकल्प
- डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सीधी डेटा एंट्री
- 22 मई से 20 जून तक जनगणना कर्मी करेंगे सत्यापन

#### मुख्य सचिव ने खुद भरा जनगणना फॉर्म

**अमृत विचार :** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण के तहत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) प्रक्रिया में स्वयं भाग लेते हुए ऑनलाइन फॉर्म भरकर सबमिट किया। इसके साथ ही उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रक्रिया को जनआंदोलन का रूप दिया जाए। मुख्य सचिव ने आधिकारिक पोर्टल पर जानकारी दर्ज करने के बाद कहा कि डिजिटल जनगणना की सफलता के लिए अधिकतम जनभागीदारी जरूरी है।

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्णागिरि धाम के पुजारी चंद्रशेखर का निधन



**टनकपुर :** मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी व युवा व्यापारी चंद्रशेखर तिवारी (26) का निधन हो गया। चंद्रशेखर तिवारी पुत्र जय दत्त तिवारी निवासी पूर्णागिरि मूल निवासी गढ़ीगोठ बनबसा की काली मंदिर के पास स्थित अपने प्रतिष्ठान में अचानक तबीयत खराब हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल टीम ने 108 के माध्यम से उप जिला चिकित्सालय टनकपुर भेजा। जहां डॉ. उमर ने चंद्रशेखर तिवारी को मृत घोषित कर दिया। चंद्रशेखर अपने पीछे अपनी माता लक्ष्मी देवी पत्नी दीपा तिवारी एवं दो बच्चों को छोड़ गए हैं। उनके निधन पर धाम के पुजारियों व क्षेत्र के लोगों ने गहरा दुख जताया है।

### मां पूर्णागिरि धाम तक रोशन रहेगा पूरा यात्रा मार्ग

**टनकपुर, अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा धार्मिक पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री धामी ने जनपद चम्पावत स्थित विश्वप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम यात्रा मार्ग के विकास के लिए बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने मां पूर्णागिरि यात्रा मार्ग स्थित टनकपुर के ककराली गेट से मां पूर्णागिरि धाम तक पथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वीकृत योजना के सापेक्ष 2 करोड़ रुपये की प्रथम किश्त की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। इस महत्वाकांक्षी योजना के पूर्ण होने के बाद सम्पूर्ण यात्रा मार्ग आधुनिक स्ट्रीट लाइटों से जगमगा उठेगा, जिससे श्रद्धालुओं को रात्रिकालीन आवागमन में बड़ी सुविधा और सुरक्षा मिलेगी।

### उत्तराखंड बनेगा हाई वैल्यू फिश प्रोडक्शन व एक्सपोर्ट हब

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड हाई वैल्यू फिश प्रोडक्शन व एक्सपोर्ट का हब बनेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को पशुपालकों, दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों के साथ संवाद करते हुए यह घोषणा की। यह भी आश्वासन दिया कि पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इसलिए केंद्र सरकार पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, पशुपालन अवसंरचना विकास कोष तथा किसान क्रेडिट कार्ड जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है।

### फिर बदलेगा पूरे उत्तराखंड के मौसम का मिजाज

**देहरादून, अमृत विचार :** देहरादून सहित पूरे उत्तराखंड में मौसम का मिजाज फिर बिगड़ने वाला है। इस दौरान नैनीताल, चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में मौसम ज्यादा खराब हो सकता है। शुक्रवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में बारिश के साथ बर्फबारी का अलर्ट है। शनिवार को नैनीताल और अल्मोड़ा जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। जबकि रविवार को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जैसे जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी संभव है। इससे पहले गुरुवार को नैनीताल में पूर्वान्ह हल्की बारिश हुई। बाद में वर्षा तो थम गई लेकिन बादलों ने छंटने का नाम नहीं लिया। यहां पिछले कई दिन से हो रही बारिश के चलते ठंड लौट आई है।

### चंपावत के सामूहिक दुष्कर्म की कहानी निकली झूठी

**चंपावत, अमृत विचार :** चंपावत में चर्चित नाबालिग सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में गुरुवार को बड़ा मोड़ आ गया। चंपावत पुलिस ने दावा किया है कि यह प्रकरण आपसी रंजिश के चलते अपने विरोधियों को फंसाने के लिए सुनियोजित साजिश के तहत रचा गया है। चंपावत की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रेखा यादव ने गुरुवार देर शाम इस मामले का खुलासा करते हुए कहा कि बुधवार को एक व्यक्ति ने कोतवाली चंपावत में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मंगलवार की रात उसकी 16 वर्षीय पुत्री के साथ तीन लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया था। छानबीन के बाद यह मामला झूठा निकला। उन्होंने कहा कि जांच में साफ निकला कि व्यक्ति कमल रावत द्वारा बदले की भावना से प्रेरित होकर एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत नाबालिग बालिका को झूठा प्रलोभन और बहला-फुसलाकर अपने बदले की पूर्ति हेतु घटनाक्रम रचा गया था। अब आगे कार्रवाई होगी।

# डीपी में सिंदूर, कवर पर ब्रह्मोस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री योगी ने दिया डिजिटल स्ट्राइक संदेश
- ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर बदली प्रोफाइल तस्वीर

**अमृत विचार:** योगी आदित्यनाथ ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर सोशल मीडिया पर अपनी प्रोफाइल डीपी और कवर फोटो बदलकर एक मजबूत संदेश दिया है। डीपी में 'ऑपरेशन सिंदूर' का लोगो और कवर फोटो में ब्रह्मोस मिसाइल को प्रमुखता दी गई है, जिसे आतंकवाद के खिलाफ भारत की आक्रामक नीति का संकेत माना जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार यह बदलाव केवल सोशल मीडिया तक सीमित नहीं, बल्कि




"नया भारत" और मजबूत रक्षा नीति का प्रतीक है। खास बात यह है कि ब्रह्मोस मिसाइल का निर्माण अब लखनऊ में भी हो रहा है, जिससे डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को बल मिला है।

7 मई 2025 को भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान स्थित ठिकानों पर संयुक्त सैन्य कार्रवाई की थी, जिसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित कई नेताओं ने भी डीपी बदली, लेकिन योगी की कवर फोटो को अधिक आक्रामक संकेत माना जा रहा है।

ब्रह्मोस परियोजना को यूपी डिफेंस कॉरिडोर की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा है।

# इंतजार खत्म, यूपी एसआई भर्ती का रिजल्ट जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 लाख आवेदकों में 12,333 अभ्यर्थी अगले चरण के लिए हुए सफल
- डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में होगी

**अमृत विचार:** उप्र. में उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया गया। 4543 पदों के लिए आयोजित इस भर्ती परीक्षा में शामिल लाखों अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। -डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में आयोजित होगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने लिखित परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए 12,333 अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) के लिए सफल घोषित किया है। भर्ती बोर्ड के अनुसार इस भर्ती प्रक्रिया के लिए कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा 14 और 15 मार्च 2026 को चार पालियों में प्रदेशभर में आयोजित की गई थी।

बोर्ड ने निर्धारित नियमावली के तहत प्रत्येक विषय में न्यूनतम 35 प्रतिशत तथा कुल 50 प्रतिशत अंक हासिल करने वाले अभ्यर्थियों में से मेरिट एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुसार सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की है। अब चयनित अभ्यर्थियों को अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक मानक परीक्षण से गुजरना होगा। डीवी/पीएसटी की प्रक्रिया मई के तीसरे सप्ताह में प्रस्तावित है। इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही भर्ती बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

### भर्ती प्रक्रिया पर बढ़ा युवाओं का भरोसा

प्रदेश सरकार लगातार भर्ती प्रक्रियाओं को तकनीक आधारित, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने पर जोर दे रही है। हाल के वर्षों में पुलिस भर्ती समेत विभिन्न विभागों की भर्तियों में डिजिटल निगरानी, सख्त सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शी मूल्यांकन प्रणाली लागू किए जाने से युवाओं का भरोसा बढ़ा है। प्रदेश सरकार का दावा है कि भर्ती प्रक्रिया में सिफारिश और भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म कर योग्यता आधारित चयन सुनिश्चित किया गया है।

# नौकरियों में खत्म हुआ सिफारिश और सेटिंग का दौर : मुख्यमंत्री

## योगी ने 481 अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र, बोले- योग्यता ही चयन का आधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक बार फिर सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता और तकनीक आधारित चयन प्रक्रिया को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि प्रदेश में अब सिफारिश, जाति, पैसे और पहुंच नहीं, बल्कि सिर्फ योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही हैं। आरोप लगाया कि 2017 से पहले प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया संगठित वसूली के साथ जातीय और क्षेत्रीय पक्षपात से प्रभावित रहती थी।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने आयुष विभाग, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग तथा दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के लिए चयनित 481 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि परीक्षा के बाद भी किसी स्तर पर अनैतिक साधनों या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया भ्रष्टाचार, जातीय और क्षेत्रीय पक्षपात से प्रभावित रहती थी, जिससे योग्य युवाओं का शोषण होता था। उन्होंने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यदि योग्य अभ्यर्थी की जगह घूसखोर व्यक्ति व्यवस्था में आ जाए तो वह 30-35 वर्षों तक पूरे सिस्टम को घुन की तरह खोखला करता है।



लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में चयनित अभ्यर्थी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### भर्ती प्रक्रिया को चयनित युवाओं ने सराहा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में सरकारी भर्तियों को लेकर युवाओं का भरोसा मजबूत होता दिख रहा है। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि पहले भर्तियों में भ्रष्टाचार और सिफारिश की शिकायतें रहती थीं, लेकिन अब पारदर्शिता बढ़ी है और योग्यता को प्राथमिकता मिल रही है। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों में आयुष विभाग के 202, व्यावसायिक शिक्षा विभाग के 272 और दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के सात अभ्यर्थियों को गुरुवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। आयुष विभाग में प्रोफेसर (यूनानी) पद पर चयनित डॉ. मोहम्मद नासिर ने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही। वहीं स्टाफ नर्स (आयुर्वेद) पद पर चयनित उपासना देवी और अनामिका पटेल ने भर्ती को पारदर्शी बताया। चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) पद पर चयनित आयुष भारद्वाज और डॉ. खुर्शीद आलम समेत अन्य अभ्यर्थियों ने कहा कि निष्पक्ष व्यवस्था से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और अब मेहनत का सही फल मिल रहा है।

योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में जवाबदेही तय की और तकनीक का इस्तेमाल कर पारदर्शिता सुनिश्चित की। उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में नौ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है और बीते 15 दिनों में यह चौथा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश देश में सबसे अधिक नियुक्तियां देने वाला राज्य बन चुका है। यूपी की पहचान अब भ्रष्ट और अराजक प्रदेश की नहीं, बल्कि निवेश, रोजगार और सुशासन वाले राज्य की बन रही है।

मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राज्य की अर्थव्यवस्था, प्रति व्यक्ति आय और वार्षिक बजट तीन गुना बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिनसे तीन करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में बड़े उद्योगों की संख्या 14 हजार से बढ़कर 32 हजार से अधिक हो गई है। यूपी अब देश के "टॉप-3 राज्यों" में शामिल हो चुका है।

# प्रदेश में अब तुष्टीकरण की नहीं संतुष्टिकरण की राजनीति : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/सहारनपुर

- मुख्यमंत्री बोले- कब्रिस्तान की दीवारों से निकलकर विकास पर खर्च हो रहा पैसा
- सहारनपुर में 2131 करोड़ रुपये की 325 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सहारनपुर में विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में अब तुष्टीकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण की राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारों का पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, कब्जों और जातीय-साम्प्रदायिक तुष्टीकरण में खर्च होता था, जबकि अब वही धन सड़क, विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज, एक्सप्रेसवे और धार्मिक-पर्यटन स्थलों के विकास पर लगाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर में 2131 करोड़ रुपये की 325 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कभी दंगों, फतवों और पलायन के कारण बदनाम रहने वाला सहारनपुर आज विकास, कनेक्टिविटी और औद्योगिक प्रगति की नई पहचान बन चुका है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले पश्चिमी उप्र. में दंगे, कर्फ्यू और भय का माहौल रहता था। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली जैसे जिलों में व्यापारी असुरक्षित थे और नौजवान पलायन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अब डबल इंजन सरकार ने पूरे क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदल दी है।

मुख्यमंत्री ने दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेसवे, प्रस्तावित एयरपोर्ट, मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय, स्पोर्ट्स कॉलेज और इंडस्ट्रियल-लॉजिस्टिक हब का जिक्र करते हुए कहा कि सहारनपुर तेजी से आधुनिक विकास का केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली पहुंचने में छह घंटे लगते थे, अब ढाई घंटे में पहुंचा जा सकता है। लखनऊ की दूरी भी काफी घट गई है।

### देशद्रोहियों का काम होगा तमाम

सीएम योगी ने देवबंद और एटीएस सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी देशद्रोही सिर उठाएगा तो उसका काम तमाम होना तय है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में सेंध लगाने वालों और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में रहकर दुश्मन के गीत गाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। वंदे मातरम के अपमान को संज्ञेय अपराध बनाए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र के प्रतीकों का अपमान अब बर्दाश्त नहीं होगा।

# एजेंसियों को 12 मई तक दिया समय

- राहुल गांधी मामले में सतर्कता बरतते हुए हाईकोर्ट ने सील कराई केस की फाइल

**अमृत विचार, लखनऊ:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की कथित आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग वाली याचिका पर निर्देश प्राप्त कर जवाब देने के लिए 12 मई तक का समय दिया है।

मामले की सुनवाई जजों के चैंबर में की गई तथा सुनवाई के बाद पूरी केस फाइल को सील करके सीनियर रजिस्ट्रार की कस्टडी में देने का आदेश न्यायालय ने दिया है। कोर्ट ने कहा है कि 12 मई को अगली सुनवाई होगी तथा उसी दिन केस फाइल की सील खोली जाएगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ ने कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल याचिका पर दिया। याची ने राहुल गांधी पर अज्ञात स्रोतों से भारी संपत्ति अर्जित करने के आरोप लगाए हैं। याचिका में केंद्र सरकार, सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीडीटी, यूपी पुलिस और सीरियस फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन ऑफिस, नई दिल्ली को पक्षकार बनाया गया है। न्यायालय के आदेश में कहा गया है कि याची द्वारा विस्तृत बहस की गई, जिसके बाद प्रतिवादियों की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने लिखित निर्देश प्राप्त करने के लिए समय मांगा। जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया। सुनवाई शुरू होने पर याची ने प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें वर्तमान रिट याचिका के अभिलेखों को सुरक्षित रखने का अनुरोध किया गया था।

# पंचूर पहुंचे योगी, धामी के साथ साझा की विकास की दृष्टि

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** यमकेश्वर गुरुवार को दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों के मिलन और विकास कार्यों का साक्षी बना। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से यमकेश्वर क्षेत्र का भ्रमण कर महायोगी गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय बिथ्याणी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों मुख्यमंत्रियों ने यमकेश्वर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचे। यहां उन्होंने श्री विष्णु महायज्ञ में प्रतिभाग किया और परिवार व ग्रामीणों के साथ आध्यात्मिक अनुष्ठान का हिस्सा बने।

वहीं, मुख्यमंत्री धामी ने मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व की सराहना करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' की बरसी का उल्लेख किया। उन्होंने क्षेत्र को बड़ी सौगात देते हुए बिथ्याणी महाविद्यालय को 'आदर्श कॉलेज' के रूप में विकसित करने और क्षेत्र में मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की घोषणा की।

# भिकियासैंण में वाहन खाई में गिरा, 3 की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा/रानीखेत

**अमृत विचार:** भिकियासैंण के रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मोटर मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर शव पुलिस के सुपुर्द किए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार वाहन संख्या यूके 04 एफ 6683 में सवार चालक कैलाश चंद्र पुत्र बहादुर राम, निवासी डौड़ाखाल, आनंद राम निवासी रिची थापल रानीखेत और भुवन चंद्र पुत्र दीवान राम निवासी सेनरी रानीखेत भिकियासैंण के चमोली



भिकियासैंण के रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मार्ग पर गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त कार।

पुसैला गांव में जागर लगाने गए थे। गुरुवार तड़के जागर लगाने के बाद तीनों चमड़खान को लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब साढ़े चार बजे रापड़-गंगोड़ा-चमड़खान मार्ग के भाटिया के पास वाहन अनियत्रित होकर हो गई और वाहन गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार में सवार तीनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। तीनों शवों का रेस्क्यू कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ अवनीश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया हादसा झपकी आने से हो सकता है।

# फ्रिज में दौड़ा करंट, बच्चे की मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजपुरा में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में एक वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, जवाहर नगर, टनकपुर रोड निवासी सुब्हान का एक साल का बेटा हस्सान घर के अंदर खेल रहा था। इसी दौरान खेलते-खेलते उसकी गेंद फ्रिज के नीचे चली गई। बताया जा रहा है कि गेंद निकालने के लिए जैसे ही बच्चे ने फ्रिज के नीचे हाथ डाला, उसे तेज करंट लग गया और वह वहीं अचेत होकर गिर पड़ा। बच्चे को फौरन परिजन बेस अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में मां का रो-रोकर बुरा हाल रहा। रिश्तेदार और आसपास के लोग परिवार को सांत्वना देते नजर आए। प्रारंभिक आशंका है कि फ्रिज में तकनीकी खराबी या अर्थिंग की समस्या के कारण करंट उतर आया था। पुलिस ने मामले की जानकारी लेने के बाद आवश्यक कार्यवाही शुरू कर दी है।




उपलब्धि | एनसीआरबी क्राइम इन इंडिया-2024 की रिपोर्ट, हत्या, डकैती, दुष्कर्म सहित कई अपराधों में आई बड़ी गिरावट

# यूपी में आबादी के सापेक्ष भी नहीं रहा अपराध दर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** एनसीआरबी द्वारा प्रकाशित क्राइम इन इंडिया -2024 की रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश पुलिस ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। जनसंख्या के लिहाज से यूपी की आबादी 17 फीसदी है जबकि अपराध के लिहाज से यह दर घटकर 12.14 फीसदी पर आ रुकी है। पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट यह साबित करती है कि अपराधों की तुलना का सबसे वैज्ञानिक आधार 'क्राइम रेट' है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय क्राइम रेट 252.3 के मुकाबले यूपी का क्राइम रेट 180.2 होना मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को दर्शाता है।

**एमपी, केरल, दिल्ली, कश्मीर, उड़ीसा और राजस्थान जैसे राज्यों से बेहतर हुआ यूपी**

: हत्या जैसे अपराध में झारखंड, छत्तीसगढ़, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल के बाद यूपी का स्थान आता है। झारखंड हत्या दर 3.7 फीसदी है तो यूपी में 1.3 फीसदी। बलात्कार के मामले में जहां चंडीगढ़ 16.6, राजस्थान 12.3 फीसदी, दिल्ली 10.3 फीसदी है वहीं यूपी 2.8 फीसदी पर रुका है। पॉक्सो एक्ट में केरल 48 फीसदी, सिक्किम 36.7 फिसदी, दिल्ली 28.0 फीसदी है वहीं यूपी में यह दर घटकर 9.5 फीसदी पर आकर रुकी है। शीलभंग के मामले में उड़ीसा, राजस्थान, जम्मू कश्मीर, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना से बेहतर यूपी है। जहां उड़ीसा में 31 फीसदी है वहीं यूपी में शीलभंग की दर 3.9 फीसदी है। बलवा में मणिपुर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केरल को पछाड़ते हुए यूपी में सबसे कम दर 1.1 फीसदी है, जबकि मणिपुर में यह दर 8.4 फीसदी है। अपहरण जैसे मामले में यूपी की दर 4.9 फीसदी है जबकि उड़ीसा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र आदि प्रदेश दहाई से ऊपर है। महिला अपहरण मामले में दिल्ली की दर 38.8 फीसदी तो यूपी की दर 8.4 फीसदी है।

छेड़खानी जैसे मामलों में एमपी की दर 22.4 है तो यूपी की दर 0.5 है। महिला उत्पीड़न में जहां तेलंगाना, दिल्ली 50 फीसदी से ऊपर निकल गए वहीं यूपी की दर 18.6 है।

**देश के सापेक्ष यूपी की स्थिति**

| अपराध | भारत यूपी |
|---|---|
| हत्या | 27049 3218 |
| हत्या के प्रयास | 58844 3728 |
| शीलभंग | 48303 4418 |
| फिरौती हेतु अपहरण | 704 26 |
| दुष्कर्म | 9536 3209 |
| बलवा | 30348 2610 |
| लूट | 23145 1163 |
| डकैती | 2393 57 |
| पॉक्सो अधिनियम | 69191 8087 |
| महिलाओं के विरुद्ध अपराध | 441534 66398 |



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# मुंडिया टोल प्लाजा पर किसानों का धरना

## भाकियू भानू की अगुवाई में जुटे सैकड़ों किसान, टोल बंद करने की उठाई मांग, कर्मियों से नोकझोंक

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार** :नैनीताल रोड पर बने मुंडिया टोल प्लाजा को बंद किए जाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भानू) की अगुवाई में गुरुवार को किसानों ने धरना दिया। किसान नेताओं का कहना है कि यह टोल नियमों के विपरीत बनाया गया है और जनता से पैसे की वसूली का एक जरिया है। किसान नेताओं और टोल प्लाजा वालों के बीच काफी देर तक नोकझोंक भी हुई। इंस्पेक्टर के समझाने पर किसान नेताओं ने धरना तो समाप्त कर दिया मगर मांगें पूरी न होने पर 10 मई को अनिश्चित कालीन धरने की चेतावनी दी।



मुंडिया टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों से बात करते किसान नेता। ● अमृत विचार

भाकियू भानू से जुड़े किसान नेता दोपहर में नैनीताल रोड पर मुंडिया मुकर्रमपुर में बने टोल प्लाजा पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। किसानों के धरने पर बैठते ही वहां टोल प्लाजा वालों में हड़कंप मच गया। इसी बीच पहुंची पुलिस ने किसानों से टोल प्लाजा वालों से बात करने को कहा। किसान नेताओं और टोल वालों के बीच काफी देर तक नोकझोंक चली। किसानों का कहना था कि नियम के हिसाब से दोहना टोल के बाद यहां टोल नहीं लगाया जा सकता। किसानों का कहना था कि यह टोल सड़क पर गुजरने वालों से पैसा लूटने का एक ठिकाना भर है।

● **किसानों ने टोल को नियमों के विपरीत बताते हुए पैसा वसूली को लूट बताया**

किसान नेताओं का कहना था कि पहले हुई जांच में भी यह टोल गलत पाया गया था, लेकिन टोल हटाया नहीं गया। किसान नेताओं और मैनेजर के बीच चली नोकझोंक के चलते काफी देर गहमागहमी का माहौल रहा। पुलिस ने इस दौरान किसी तरह से ट्रैफिक पास कराया। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने किसानों को समझाया और धरना समाप्त कराया। किसानों ने एसडीएम को सम्बोधित ज्ञापन इंस्पेक्टर को दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो 10 मई को संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा। भाकियू (भानू) के तराई क्षेत्र के युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह के नेतृत्व में हुए इस धरना प्रदर्शन में अमर सिंह, अनुज सिंह,नितिन सिरोही, ज़ुबैर सिद्दीकी, ताहिर बाबा,इरशाद अहमद, अरुण सहवाग, शेखर गंगवार आदि मुख्य थे।टोल प्लाजा मैनेजर दीपक पांडेय का कहना है कि गाड़ियां टोल से निकलवाने के लिए यह सब कुछ किया जा रहा है। मुंडिया पर टोल काफी समय से चल रहा है।

### भाकियू भानु का तहसील में प्रदर्शन

**आंवला, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने गुरुवार को तहसील में किसानों और ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने राजस्व विभाग एवं विकासखंड मझगवां के कर्मचारियों पर जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। किसानों ने नायब तहसीलदार रजनीश सक्सेना को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में ग्राम निसोई में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपात्रों को आवास दिए जाने का आरोप लगाया। बताया कि पूर्व में सामूहिक शिकायत करने के बाद भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा शीला देवी ने बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनवाने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो संगठन धरना-प्रदर्शन को और तेज करेगा। रमेश पाल सिंह, जगदीश, हरिशंकर, नथू लाल कश्यप, राजपाल, डालचंद सहित कई किसान मौजूद रहे।

# भुता क्षेत्र में बुलेरो व बाइक में भिड़ंत, युवक की मौत

संवाददाता, भुता

● **बरेली-बीसलपुर मार्ग पर खरदाह मोड़ के पास हादसा चालक फरार**

● **युवक की मौत की खबर मिलने पर परिवार में मचा कोहराम, पुलिस वाहन चालक की तलाश में जुटी**

**अमृत विचार** : बरेली बीसलपुर मुख्य मार्ग पर खरदाह मोड़ के पास बाइक सवार व बुलेरो में आमने-सामने से टक्कर हो गयी। हादसे में बाइक सवार युवक घायल हो गया। पुलिस ने घायल को अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



कुलदीप। (फाइल फोटो)

गांव शाहबाजपुर निवासी राजपाल ने बताया कि उनका बेटा कुलदीप (19) गांव से बाइक द्वारा भुता बाजार परचूनी की दुकान का सामान लेने आ रहा था। उसी समय गांव खरदाह मोड़ पर बरेली की तरफ से आ रही बुलेरो ने मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी। हादसे के बाद बुलेरो चालक मौके से फरार हो गया। कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां इलाज के दौरान कुलदीप की मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलने पर घर में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार कुलदीप दो भाई और पांच बहनों में सबसे छोटा था। सभी का लाडला था। पुलिस बुलेरो चालक की तलाश कर रही है। चालक तक पहुंचने के लिए लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस टीम गाड़ी व आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

Lifelines OF BAREILLY MEDICAL अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. ज़हीर उल हसन
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
कन्सलटेंट फिजीशियन
हृदय, शुगर, बी.पी., पेट एवं श्वांस रोग विशेषज्ञ
विभाग : जनरल सर्जरी, आर्थो, यूरोलॉजी, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग एवं अन्य विभाग
आयुष्मान कार्ड द्वारा ऑपरेशन व इलाज की सुविधा
हेल्पलाइन नम्बर : 7037029092
उम्मीद हॉस्पिटल एवं क्रिटिकल केयर
आईसीआईसीआई बैंक के पास, मिनी बाईपास, कर्मचारी नगर, बरेली

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
NABH PRE ACCREDITED
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

जीवनी बोन & हैल्थ क्लीनिक
स्वास्थ्य शिविर
दिनांक : 14 मई, 2026,
समय : 10 बजे से 2 बजे तक
रजिस्ट्रेशन अनिवार्य, शुल्क मात्र रु. 100/-
शिविर मे फ्री जाँचे
● HB ● TLC ● DLC ● Platelets ● S. Urea ● S.Creatinine ● PCV ● MCV ● MCHC ● S.Uric Acid ● S.ca ● S.Bilirubin ● S. Protein ● SGOT ● SGPT ● S.ALP ● RBS ● BMD ● PEFT
डा. विनय गंगवार
एम.बी.बी.एस. (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
डा. आँचल अग्रवाल
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई)
कंसल्टेंट फिजिशियन
बाकी सभी जाँचों पर 30% की छूट
सभी प्रकार की दवाओं पर 20% की छूट
शिविर में लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन करायें 6396640323
पता : मॉडल टाउन पुलिस चौकी के पास, स्टेडियम रोड, बरेली।

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

# बाजार रोड के निर्माण की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

संवाददाता, नवाबगंज

● **नगर पालिका के नामित सभासद ने जताई आपत्ति, कहा अफसरों से करेंगे शिकायत**

**अमृत विचार:** नगर के प्रमुख मार्ग में शामिल अशोक चौक से बाईपास तक सड़क निर्माण कार्य को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। इसका लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्माण कराया जा रहा है। यह सड़क लंबे समय से गड्ढों में तब्दील थी, जिससे राहगीरों और व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

निर्माण कार्य शुरू होने के बाद लोगों को बेहतर सड़क की उम्मीद जगी, लेकिन अब निर्माण की गुणवत्ता को लेकर आपत्तियां सामने आने लगी हैं। नगर पालिका के नामित सभासद राजकुमार गुप्ता ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा। उनका कहना है कि पुरानी सड़क उखाड़ने के बाद निकले काले मलबे को दोबारा सड़क में दबाकर ऊपर से गिट्टी डाली जा रही है, जिससे सड़क जल्दी खराब हो सकती है। उन्होंने कहा कि मामले की शिकायत जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से कर जांच की मांग की जाएगी। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि सड़क मानकों के अनुरूप पड़ रही है। कहीं कोई दिक्कत है तो मौके पर जाकर निरीक्षण करके समस्या का समाधान किया जाएगा। विधायक डॉ. एमपी आर्य ने बताया कि जहां पुराने मलबे पर पत्थर डाला जा रहा है, वहां रोड नीचा है, इस वजह से पुराने मलबे के ऊपर ही पत्थर डलवाया जा रहा है। यदि पुराने मलबे को उखाड़ दिया जाएगा तो रोड की ऊंचाई नहीं बढ़ पाएगी और रोड नीचे रह जाएगा तो जलभराव होगा।



बजरी के ऊपर ही पत्थर बिछाए जा रहे हैं। ● अमृत विचार

### घर में घुसकर महिला की हत्या का प्रयास

**नवाबगंज, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव भूडा रामनगरिया में एक महिला के घर में घुसकर जान से मारने की कोशिश की गई। पीड़िता ने चार लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। गांव भूडा रामनगरिया निवासी एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के कुछ लोग उसके परिवार से पुरानी रंजिश मानते हैं। आरोप है कि 5 मई को चार लोग हथियारों से लैस होकर जबरन उसके घर में घुस आए। आरोपियों के हाथों में तमंचे और धारदार हथियार थे। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे जान से मारने की नीयत से गले पर धारदार हथियार रख दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए, जिससे आरोपी पीछे हट गए। महिला ने बताया कि पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसी दौरान उसने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही आरोपी फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि 112 पुलिस ने छानबीन के दौरान तमंचा और धारदार हथियार बरामद किया, जिसे पुलिस साथ ले गई। इसके बाद महिला थाने पहुंची और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सरकारी स्कूल से गैस सिलेंडर व बर्तन चोरी

**नवाबगंज, अमृत विचार** : गांव हिमकरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने रसोईघर को निशाना बनाते हुए गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान चुरा लिया। घटना के करीब एक सप्ताह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका उर्वशी के अनुसार 29 अप्रैल की रात चोर स्कूल परिसर में घुस आए। चोरों ने गैस सिलेंडर, खाना बनाने की भट्टी व भगौना चोरी कर लिया।

## न्यूज डायरी

### परिषदीय स्कूलों में बच्चों की नामांकन संख्या बढ़ाने के निर्देश

**मीरगंज, अमृत विचार** : खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार ने गुरुवार को कार्यालय पर प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की, जिसमें शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जिन विद्यालयों में शून्य अथवा 10 से कम नवीन नामांकन हैं, वे अधिक से अधिक नामांकन करेंगे। स्व-जनगणना अभियान 20 मई तक अपने-अपने क्षेत्रों में करें। आम जनमानस को इसके लिए प्रेरित करें। डीबीटी से संबंधित कार्यों को त्रुटिरहित पूर्ण किया जाए। ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उनका पुनः नामांकन किया जाए। यू-डायस से संबंधित डेटा समय से अपडेट किया जाए। बैठक में अनुपस्थित प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जावेद अनवर, शबाबुद्दीन, नवनीत, सदफ नाज, तेजपाल सिंह सहित तमाम प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।



### गन्ने की फसल को बीमारियों से बचाने के उपाय बताए




**मीरगंज, अमृत विचार** : धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड इकाई मीरगंज की ओर से ग्राम करमपुर में आयोजित बैठक में गन्ना में लगने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए किसानों को जागरूक किया गया। रोग के निदान के बारे में जानकारी दी गई। किसानों से खेत में उपस्थित रहकर सर्वे कार्य पूर्ण कराने का अनुरोध किया गया। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के सहायक निदेशक डॉ. प्रवीण कुमार, कपिल, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति अशोक कुमार, चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अंग्रेज सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक रतिराम सिंह, क्षेत्रीय अधिकारी विवेक सिंह मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए चलाया जागरूकता अभियान

**भोजीपुरा, अमृत विचार** : 9 मई को न्यायालय बरेली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के उपलक्ष में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। वहीं, उप निरीक्षक गौरव कुमार व कांस्टेबल लकी कुमार ने कस्बा धौराटांडा अभियान चलाया। लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने की अपील गई। पुलिस टीम ने घर-घर जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।



### पुलिस ने पैदल मार्च से शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश



**शेरगढ़, अमृत विचार** : इंस्पेक्टर क्राइम सत्य सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने बृहस्पतिवार को कस्बे में पैदल मार्च किया। कस्बावासियों को शांति व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में शेरगढ़-शाही मार्ग, टंकी चौराहा, नगरिया कलां तिराहा, अस्पताल बाईपास तिराहा, टांडा तिराहा, बाजार रोड, कस्बे की मुख्य बाजार आदि समेत नगर में पैदल मार्च किया गया। उप निरीक्षक नरेंद्र शर्मा, संजीव कुमार, कांस्टेबल सद्दाम अली, विक्रांत मलिक, अंकित बालियान आदि मौजूद रहे।

### दो दिन बाद भी जानलेवा हमले की रिपोर्ट नहीं की दर्ज

**देवरनियां, अमृत विचार** : देवरनियां निवासी नन्द किशोर ने बताया कि पांच माई को वह ट्रेन से हल्द्वानी से आकर रेलवे स्टेशन पर उतरे, जहां देवरनियां निवासी कुछ लोगों ने ने लाठी-डंडो से हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार पुलिस ने दो दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़ित की फरियाद पर सांसद छत्रपाल गंगवार ने पुलिस को कार्रवाई के लिए कहा, मगर देरशाम तक मामले में कार्रवाई नहीं हो सकी थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**NOTICE**

I, Intkhab Husain S/o Nafis Ahmed R/o 316, Saidpur Hakins Near by Govt. School, Izzatnagar, Bareilly have changed my name to Intkhab Hussain Ansari.

**सूचना**

हमारी पुत्री का सही नाम विभूति सक्सेना है गलती से स्कूल में यशी चित्रांशी अंकित हो गया है जब की आधार कार्ड में भी सही नाम विभूति सक्सेना अंकित है और जन्मतिथि 30-03-2013 है आज से हर लिखा पड़ी में सही नाम दर्ज किया जाए। **विकास कुमार सक्सेना मोहल्ला प्रताप नगर कस्बा व तहसील जलालाबाद जिला शाहजहांपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेन्द्रपाल को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **नत्थूलाल पुत्र स्व. टीकाराम निवासी ग्राम सुहसन थाना गजरौला जिला पीलीभीत।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि ताजवर कुरैशी पुत्र परवेज कुरैशी निवासी 189 घेर जाफर खां, सैलानी मार्ग, पुराना शहर, थाना बारादरी जिला बरेली ने मुझसे सन् 2022 में 7 लाख रूपये उधार लिये थे जो अभी तक वापस नहीं किये है। बार-बार कहने के बाद ताजवर कुरैशी ने एक चेक सं. 821845 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया दिनांक 2.4.26 का दिया था जो बैंक द्वारा खाते में धनराशि न होने के कारण अनाद्रित कर दिया गया। इस सूचना प्रकाशन के 7 दिन के अन्दर यदि ताजवर कुरैशी ने रकम वापस नहीं करते है तो उनके विरूद्ध न्यायिक कार्यवाही की जायेगी। **मन्जूर अहमद खान पुत्र जहूर अहमद खान निवासी 593 न्यू आजादपुरम कालोनी, हार्टमैन रोड, इज्जत नगर, जिला बरेली।**

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र शावेज अली के गलत संगत में पड़ जाने के कारण उससे संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उससे लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। **अनवर अली पुत्र अकबर अली इस्लाम नगर बिजौरिया नवाबगंज बरेली।**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। मिर्जापुर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने बताया कि आरोपी डीपी यादव के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि करीब दस दिन पहले वह एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया था। घटना के बाद आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी डीपी यादव को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर में झांसा देकर एक युवती से दो साल तथा यौन संबंध के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और चालान कर दिया। चौक कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि एक युवती ने विकास वर्मा निवासी ख्वाजा फिरोज थाना रामचंद्र मिशन के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। युवती का आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए। शादी के लिए कहा तो आरोपी ने उसे गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने फरार आरोपी विकास वर्मा नए पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

### भाई को बचाने पहुंचे युवक को पीटा

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम नूरपुर तरसौरा में मानसिक मंदित युवक की पिटाई का विरोध करना भाई को भारी पड़ गया। पीड़ित राकेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव का आकाश उसके मानसिक मंदित भाई रंजीत को पीट रहा था। जब वह बचाने पहुंचा तो आकाश, प्रेमपाल और सुदेश ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि तीनों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे दोनों भाइयों के सिर में गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### जिला बदर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि रविंद्र निवासी टाई थाना तिलहर जिला बदर चल रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि जिला बदर अपराधी क्षेत्र में घूम रहा है। इसके बाद पुलिस ने सरयू पुलिया के पास घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद किए हैं। आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में सात मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। पुलिस टीम में गौरव शर्मा समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# खुलासा : प्रेम-प्रसंग में हुई थी चंद्रप्रकाश की हत्या

## पुलिस ने मृतक के दोस्त सिंकू को किया गिरफ्तार, आरोपी की निशानदेही पर ई रिक्शा बरामद, गया जेल

संवाददाता, भमोरा

**अमृत विचार :** दिव्यांग चंद्रप्रकाश की हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते हुई थी। दोस्त ने ही उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया था। दोस्त की पत्नी के साथ उसके प्रेम संबंध थे। इसी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को घटना को खुलासा करते हुए आरोपी दोस्त को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर मृतक का ई रिक्शा बरामद कर लिया गया।

30 मार्च 2026 को ग्राम कीरतपुर निवासी विन्द्र सिंह ने सूचना दी कि गांव के पास सोमपाल के खेत में अज्ञात युवक का शव पड़ा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में मृतक की पहचान चन्द्रप्रकाश पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम आसपुर थाना आंवला के रूप में हुई



पुलिस गिरफ्त में आरो सिंकू व बरामद ई-रिक्शा। ● अमृत विचार

- 30 मार्च को भमोरा क्षेत्र में खेत में मिला था युवक का शव

थी। पिता वीरपाल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि मृतक चन्द्रप्रकाश का गांव की एक महिला से संबंध थे। जिसे लेकर सिंकू उर्फ मुकेश पुत्र राधेश्याम निवासी गुलड़िया थाना बिसौली, जिला बदायूं हाल निवासी मोहल्ला गणेशनगर थाना सुभाषनगर बरेली उससे रंजिश रखने लगा था। पुलिस के अनुसार सिंकू ने योजनाबद्ध तरीके से चंद्रप्रकाश को अपने साथ ले जाकर शराब पिलाई और बाद में उसकी हत्या कर शव खेत में फेंक दिया। सूचना पर पुलिस ने सोमवार देर रात आरोपी को ग्राम सरदार नगर जाने वाले कट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने हत्या की बात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर मृतक के चोरी किए गए ई-रिक्शा को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चन्द्रप्रकाश के साथ ई-रिक्शा चलाता था। दोनों ने पहले शराब पी और बाद में सेंधा पहुंचकर दोबारा शराब खरीदी। बताया कि चन्द्रप्रकाश को अपनी पत्नी से बात करने से मना किया, लेकिन वह नहीं मान। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी और गाली-गलौज होने लगी। गुस्से में उसने चन्द्रप्रकाश को धक्का दे दिया, जिससे वह गिर पड़ा। इसके बाद ई-रिक्शा में पड़ी रस्सी से उसका गला घोंट दिया। हत्या करने के बाद शव को खींचकर गेहूं के खेत में फेंक आया और ई-रिक्शा लेकर बरेली चला गया। उसने ई रिक्शा को छिपा दिया। पुलिस से बचने के लिए वह पत्नी और तीनों बच्चों को लेकर दादरी चला गया, जहां मजदूरी करता रहा। कुछ दिन पहले वह लौटा और ई-रिक्शा को बेचने या कटवाने की फिराक में था। पुलिस ने उसे ई-रिक्शा लेने जाते समय दबोच लिया। एसएचओ पवन कुमार सिंह ने बताया कि हत्या आरोपी के पास से ई रिक्शा बरामद कर जेल भेजा है।

### कल्लू हत्याकांड में एक और आरोपी गिरफ्तार



**भमोरा, अमृत विचार :** पुलिस ने कल्लू हत्याकांड में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के गांव भीकमपुर निवासी धर्मपाल ने 18 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि गांव के फूलसिंह, सतेन्द्र, जीराज, दीपक, सुनील, नरवीर व जोगेन्द्र अवैध असलाह लेकर झाड़ियों में छिपे बैठे थे। आरोपियों ने उनके भाई कल्लू उर्फ कल्याण सिंह (48) को गोली मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान धर्मपाल पर भी फायरिंग की गई थी। मामले में पुलिस फूल सिंह, नरवीर व जोगेन्द्र को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि नामजद आरोपी सतेन्द्र पुत्र चरण सिंह निवासी भीकमपुर भागने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम ने मकरंदपुर रेलवे फाटक के पास घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि मृतक कल्लू उर्फ कल्याण सिंह और आरोपी पक्ष के बीच लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी। करीब एक वर्ष पूर्व गांव के ही जीराम ने कल्याण सिंह के घर के पास जमीन खरीदी थी, जिसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद रहने लगा। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार गिरफ्तार आरोपी सतेन्द्र के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक भमोरा पवन कुमार सिंह ने बताया कि मामले में फरार अन्य तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

### पति ने गिरवी रखे आभूषण, मुकरा व्यापारी

**बिसौली अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव कुढ़ौली निवासी नट जाति की रूपवती पत्नी चेतराम ने पुलिस को तहरीर देकर नगर के एक कपड़ा व्यापारी पर उनके पति के गिरवी रखे आभूषण हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस से जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। महिला ने बताया कि 2014 में उनके पति बहुत ज्यादा बीमार हो गए थे। उन्हें रुपयों की जरूरत थी। उन्होंने अपने सोने-चांदी के कुछ आभूषण एक व्यापारी के पास गिरवी रखकर रुपये ले लिए थे। सात साल पहले उनकी पति चेतराम की मौत हो गई थी। महिला ने बताया कि उन्हें आभूषण गिरवी रखे जाने की जानकारी थी लेकिन साक्ष्य न होने की वजह से कुछ नहीं कह पाईं। कुछ समय पहले महिला को उनके पति की लिखी एक डायरी मिली। जिसमें इसके बारे में लिखा गया था। महिला के अनुसार व्यापारी पहले सर्राफा की दुकान चलाता था। महिला ने पति की लिखी डायरी व्यापारी को दिखाई तो आरोप है कि व्यापारी मुकर गए।

# स्वगणना अभियान में भाग लेने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना अभियान का गुरुवार को तहसीलों में जनप्रतिनिधियों ने शुभारंभ किया। इस दौरान आमजन से अभियान में भाग लेने का आह्वान किया गया।

- जनप्रतिनिधियों ने अभियान का किया शुभारंभ

**मीरगंज :** स्वगणना अभियान की त्रिलोक चंद्र डिग्री कॉलेज में विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने स्वयं स्वगणना कर अभियान की शुरुआत की। अन्य लोगों की भी स्वगणना कराते हुए जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता का संदेश दिया। एसडीएम निधि शुक्ला, तहसीलदार आशीष कुमार सिंह ने अभियान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नागरिक 21 मई तक https://se.census.gov.in/ जनगणना पोर्टल पर जाकर घर बैठे स्वयं अपनी गणना कर सकते हैं। स्वगणना पूर्ण होने पर प्रत्येक परिवार को 11 अंकों की एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक होगा। एसडीएम ने बताया कि 22 मई से जनगणना कर्मी घर-घर जाकर एसई आईडी प्राप्त करेंगे। स्वगणना संबंधी किसी भी समस्या के समाधान के लिए कंट्रोल रूम नंबर 0581-2990102 पर संपर्क किया जा सकता है। राजस्व निरीक्षक जुगेन्द्रपाल सिंह, संजय चौहान, केपी राणा, आदि उपस्थित रहे। वहीं, नगर पंचायत के सभागार में गुरुवार को अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अधिकारी प्रियंका की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें स्वगणना अभियान के संबंध में सभासदगणों एवं कर्मचारियों को जानकारी दी गई। बताया गया कि स्वगणना चरण निर्धारित किया गया है, जो मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ होने से पूर्व संपन्न कराया जा रहा है। सभासदों से अपने वार्डों में व कर्मचारी को आवंटित क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार की स्वगणना कराने के लिए कहा गया। बैठक के बाद कार्यालय परिसर में स्वगणना सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली गई। लिपिक राजीव गिरी, नामित सभासद गीता गुप्ता, रोली सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

**आंवला :** तहसील सभागार में डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण का शुभारंभ पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि स्व-गणना अभियान 21 मई तक संचालित किया जाएगा, जिसमें नागरिक स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद घर-घर जाकर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि डिजिटल जनगणना से देश की वास्तविक स्थिति का सही आंकलन हो सकेगा।

इससे आबादी, आवास और लोगों के जीवन स्तर से जुड़ी जानकारी एकत्र होगी, जो भविष्य की योजनाओं और नीतियों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार रजनीश सक्सेना, दीप्ति पाल, ब्लॉक प्रमुख मझगवां यशवंत सिंह, वेद प्रकाश यादव, चेयरमैन सैयद आबिद अली सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



आंवला में बैठक में मौजूद पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह। ● अमृत विचार



मीरगंज में अभियान की शुरुआत करते विधायक डॉ. डीसी वर्मा। ● अमृत विचार

### बीआरसी केंद्र में स्वगणना का दिया प्रशिक्षण



**क्योलड़िया :** भदपुरा विकासखंड के बीआरसी केंद्र क्योलड़िया में गुरुवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने बैठक का आयोजन किया। जिसमें सभी प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। शिक्षकों को स्व गणना करने का प्रशिक्षण दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि वे 21 मई तक स्व गणना करें। अभिभावकों स्वगणना के लिए प्रेरित करें। एआरपी मधुरेश दीक्षित, ठाकुर दास राजपूत, देवल सर्वेश कुमार, राजवीर सिंह, रामवृज मौर्य, शशांक, अवधेश, अभिषेक, ओम बाबू, रामौतार, सुधांशु गंगवार मौजूद रहे।

### सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने खिंचाई तस्वीरें




**शेरगढ़ :** नगर पंचायत कार्यालय में स्वगणना को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित की गई। जिसमें लोगों को स्वगणना कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने स्वगणना के बाद सेल्फी ली। चेयरमैन बुद्धसेन मौर्य की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रगणकों को स्वगणना की बारीकियां समझाई गईं। शिक्षक उवैस रजा खां, मोहम्मद आरिश, अमित कुमार, नरेंद्र कुमार, जितेंद्र मौर्य, हरीश कुमार, जितेंद्र कुमार, तौफीक अहमद, नियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

# पोल टूटने से 10 दिन से कई गांवों में छाया अंधेरा

संवाददाता, भुता

**अमृत विचार :** 10 दिन पहले तेज आंधी और बरसात के चलते ग्राम म्यूडी- भगनापुर मार्ग पर लगे कई पोल उखड़कर जमीन पर गिर गए और लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इसकी वजह से आधा दर्जन गांवों में बिजली ठप है। लोगों को परेशानी से जूझना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी विभागीय अफसरों ने लाइन और पोल की मरम्मत कराने की सुध नहीं ली है। ग्रामीणों का आरोप कि पोल गिरने की सूचना सब स्टेशन भुता पर दी जा चुकी है मगर विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। 10 दिनों से टूटे पोल व तार हादसे को दावत दे रहे हैं।

ग्राम प्रधान अमित पटेल ने बताया कि पोल गिरने की शिकायत जेई व अन्य अधिकारियों की थी, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते अभी तक टूटे हुए खंभों को नहीं बदला गया। जिससे भगनापुर, उदयपुर लहिया, भड़रिया, म्यूडी, आदि ग्रामों की आपूर्ति ठप है।

वहीं, अजय पटेल ने एक्स पर बिजली विभाग के अधिकारियों को टैग करते हुए समस्या समाधान की मांग उठायी है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के चलते उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं।

यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वह ग्रामीणों के साथ सब स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। जेई गोविंद चौहान ने बताया कि पोल टूटने के बाद सप्लाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गयी है। टूटे पोल को शीघ्र दुरुस्त कराकर लाइन को ठीक किया जाएगा।



क्षतिग्रस्त पोल। ● अमृत विचार

- आंधी से लाइन के साथ जमीन पर आ गए थे खंभे
- शिकायत के बाद लाइन व पोल की मरम्मत नहीं

# छेड़खानी करने पर युवक को सबक सिखाया

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- युवती ने युवक को पीटकर पुलिस के हवाले किया
- साप्ताहिक बाजार में मां के साथ आई थी युवती

**अमृत विचार :** कस्बे के साप्ताहिक बाजार में मां के साथ आई युवती से युवक ने छेड़खानी की। युवती ने आरोपी को पकड़कर पीटा। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रसूला चौधरी निवासी रामलखन कश्यप का शाही के एक गांव की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक वर्ष पहले युवती की शादी होने के बाद युवती ने उससे मोबाइल पर बात करनी बंद कर दी। गुरुवार को वह कस्बा की साप्ताहिक बाजार में मां के साथ खरीदारी करने आई थी। रामलखन को वह बाजार में दिख गई। आरोप है कि उसने सरेआम युवती को पकड़ लिया। उसका मोबाइल छीनकर रोड पर पटक दिया। युवती को उसका यह व्यवहार नागवार लगा। उसने बाजार में ही युवक को पीटना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची चौकी पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। बाद में आरोपी युवती के हाथ जोड़ता रहा, लेकिन युवती ने एक नहीं सुनी। पुलिस ने युवती की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर रामलखन को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि युवक ने युवती के साथ अभद्रता की थी।

### बात न करने पर फोटो वायरल करने की धमकी

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे की युवती पर युवक बातचीत करने का दबाव बना रहा है। मना करने पर उसके फोटो एडिट कर वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कर चुकी है, मगर अभी तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। पीड़िता के अनुसार उसकी दूर के रिश्तेदार से फोन पर बातचीत हुई थी। इसी दौरान युवक ने शादी की बात कही और वीडियो कॉल के दौरान उसका फोटो ले लिया। बाद में युवती ने जानकारी की तो पता चला कि युवक का आचरण ठीक नहीं है। इसपर युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि युवक अलग-अलग नंबरों से फोन कर बातचीत का दबाव बना रहा है। वहीं उसका साथी भी युवती पर बात करने के लिए दबाव बना रहा है। पीड़िता का आरोप है कि 29 अप्रैल को युवक व उसका साथी उसके घर पहुंचे, जहां उन्होंने गाली-गलौज कर युवती और उसके भाई के साथ मारपीट की। मामले को लेकर 2 मई को संपूर्ण समाधान दिवस में युवती ने एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा को शिकायती पत्र सौंपा था। एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे। आरोप है कि अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पीड़िता और उसके परिजनों का आरोप है कि पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है।

### किशोरी से छेड़छाड़ पिता-पुत्र पर रिपोर्ट

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के एक मोहल्ला निवासी किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। एक मोहल्ला निवासी महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी 17 वर्षीया बेटी मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे बकरी तलाशने के लिए मोहल्ले के पास खेत की ओर गई थी। आरोप है कि रास्ते में मोहल्ले में रहने वाले शिवम ने उसका हाथ पकड़ लिया। बहला कर ले जाने का प्रयास किया। शिकायत करने पर आरोपी के पिता प्रमोद ने पीड़िता के परिजनों से गाली-गलौज की और मारपीट पर उतारू हो गया।

## सिटी डायरी

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सरकार पर साधा निशाना



**सेंथल, अमृत विचार :** कस्बे में अली अब्बास रकमी की ओर से गुरुवार को आयोजित पीडीए महापंचायत में सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते पहले सीतापुर में पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार कर हत्या कर दी गई। कहा कि बाबा साहब ने संविधान में पिछड़ों और दलितों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया था, लेकिन सरकार ने विभागों का निजीकरण कर दिया, जहां आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। सिद्दीकी ने खाद के कट्टों के दाम बढ़ने और वजन कम होने का भी मुद्दा उठाया। बोले- इस सरकार में शंकराचार्य भी सुरक्षित नहीं हैं। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, विधायक शहजिल इस्लाम, सुल्तान बेग, कदीर अहमद, तनवीरूल इस्लाम ने भी विचार रखे। जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, काजी उवैस, आयोजक अली अब्बास रकमी, डॉ. हिसार मेहंदी, अकबर जहीर, जामिन जैदी आदि मौजूद रहे। महापंचायत के बाद नसीमुद्दीन सिद्दीकी ईदुल हसन और डॉ. हिसार मेहंदी के आवास पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की।

### सिरौली में नाला सफाई अभियान शुरू



**सिरौली, अमृत विचार :** मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने कस्बे में नाला सफाई अभियान शुरू कर दिया है। ईओ राजन नाथ तिवारी के निर्देशन में गुरुवार को नालों की सफाई की गई। ईओ ने स्पष्ट किया कि बारिश के दौरान अक्सर नालों के चोक होने से सड़कों पर पानी भर जाता है। जिससे आम जनता को भारी असुविधा होती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सफाई कर्मचारियों की विभिन्न टीमें गठित की गई हैं। जो नगर के मुख्य नालों से लेकर गलियों की छोटी नालियों तक की सिल्ट (कीचड़) और कचरा बाहर निकाल रही हैं।

### सरस्वती विद्या मंदिर में रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई



**आंवला, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर में साहित्यकार एवं नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य गवेन्द्र सिंह चौहान ने किया। संचालनकर्ता आचार्य पंकज सिंह एवं संयोजक आचार्या अंशिका अग्रवाल रहीं। सार्थक यादव, सुमित, सरयू देवकर ने कविता पाठ एवं भाषण के माध्यम से रवीन्द्रनाथ टैगोर के जीवन, साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता आचार्य अजीत सिंह यादव ने बताया कि टैगोर ने भारतीय संस्कृति एवं मानवता के मूल्यों को अपनी रचनाओं के माध्यम से विश्वभर में पहचान दिलाई। उनकी रचना जन गण मन आज भारत का राष्ट्रगान है। प्रधानाचार्य ने कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक अच्छा और संवेदनशील इंसान बनना भी है।

# मारपीट से घायल मौलाना की मौत

संवाददाता, भानपुर/भीरा (लखीमपुर खीरी)

- तेज रफ्तार बाइक निकालने को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** भीरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला सलावत नगर में तेज रफ्तार बाइक निकालने को लेकर हुए विवाद में पिटाई से घायल मौलाना चांद खान (50) की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। इससे मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल है।

मोहल्ला सलावत नगर मौलाना चांद खान का पुत्र नौशाद दो दिन पहले अपनी गली से बाइक लेकर निकल रहा था। इस दौरान उसी के पड़ोसी रेहान पुत्र बाबू ने तेज गति से बाइक निकालने पर ऐतराज किया। इस पर दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। इससे आरोपी पक्ष रंजिश मान रहा था। बुधवार की दोपहर तीन बजे के आसपास मौलाना चांद खान घूमने के इरादे से मैलानी रोड की तरफ गए थे। आरोप है कि छाजूराम कॉलेज के पास बाबू, शाहरुख, रेहान, गामा और अफसाना पत्नी बाबू ने उन्हें रोक लिया और विवाद करने लगे। इस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई। इससे देखते ही देखते विवाद ने उग्र रूप ले लिया। परिजनों का आरोप है कि आरोपियों ने मौलाना चांद खां पर लाठी-डंडों और लात-घूसों से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल अवस्था में खून से लथपथ पड़े मौलाना को अस्पताल ले गए, जहां उनकी गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। मौत की खबर आते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गोला सीओ रमेश तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार से बातचीत की। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उधर गांव में भारी तनाव को देखते हुए एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगाई गई हैं, जो संभावित स्थानों पर दबिश दे रही हैं।

# बिलपुर रेलवे क्रासिंग का बूम खराब, लगा जाम



बिलपुर रेलवे क्रासिंग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

संवाददाता, फतेहगंज पूर्वी,

**अमृत विचार :** बिलपुर रेलवे क्रॉसिंग का बूम खराब हो गया। इसकी वजह से बुधवार रात और गुरुवार को रेलवे फाटक पर जाम के हालात बने रहे। जंजीर बांधकर ट्रेनों को पास कराया गया। जाम में फंसे वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ा। दातागंज मार्ग पर बिलपुर क्रॉसिंग पर पूरे दिन जाम के हालात बने रहते हैं। बुधवार रात क्रॉसिंग का बूम खराब हो गया। वहीं इस फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है। लोगों का कहना है कि जाम से निपटने के लिए पुलिस-प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए।

## आवारा कुत्तों के हमले से घायल चीतल घर में घुसा

**खुटार, अमृत विचार :** गुरुवार शाम लगभग 5:00 एक वन्यजीव चीतल जंगल से भटककर आबादी क्षेत्र में जा पहुंचा। उसे आवारा कुत्तों ने चारों तरफ से घेर लिया और चीतल पर हमला कर दिया। हमले से घायल चीतल मोहनपुर गांव की तरफ भाग खड़ा हुआ जहां पर गांव के बाहर रह रहे मोहनपुर गांव निवासी आत्माराम के घर के अंदर जाकर छिप गया। चीतल के घर में छिपे होने व घायल अवस्था में देख मोहनपुर निवासी अमन मिश्रा ने खुटार वन क्षेत्राधिकारी मनोज श्रीवास्तव को चीतल के घायल होने की सूचना दी। सूचना मिलने पर रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने वन दरोगा रोहित पांडे को मौके पर भेजा।

वन दरोगा रोहित पांडे ने घायल चीतल को अपने कब्जे में ले लिया और खुटार वन रेंज कार्यालय मैलानी लेकर चले गए। जहां इलाज कराया जा रहा है। रेंजर मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि घायल चीतल का इलाज कराया जा रहा है। स्वस्थ होने पर उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन दरोगा रोहित पांडे ने बताया कि उनकी टीम में दाताराम, संजीव बाजपेई व रामकिशोर रहे।

# शराब की दुकान का उग्र विरोध, चले लाठी-डंडे

## तहसीलदार-दरोगा समेत पांच घायल, लाठीचार्ज में दर्जनभर महिलाएं भी हुईं जख्मी

संवाददाता, माधोटांडा (पीलीभीत)

**अमृत विचार :** शराब की दुकान खुलने का कई दिनों से चला आ रहा विरोध गुरुवार को हिंसक हो गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दुकान खुलवाने पहुंचे आबकारी और प्रशासनिक अधिकारियों से महिलाएं भिड़ गईं।

तीखी कहासुनी से शुरू हुआ विवाद तूल पकड़ गया और उग्र भीड़ ने हमला कर दिया। लाठी-डंडे चले और फिर पथराव भी कर दिया गया। पुलिस ने भी लाठियां फटकारी। हमले में तहसीलदार, तीन दरोगा समेत टीम के पांच लोग घायल हो गए जबकि आधा दर्जन से अधिक ग्रामीण भी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेज पुलिस कार्रवाई की तैयारी में जुटी रही।

घटना नेपाल सीमावर्ती कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव बूंदीभूड़ की है। गांव में आवंटित हुई कंपोजिट शराब की दुकान को खुलवाने के लिए एसडीएम कलीनगर प्रमेश कुमार, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार पुलिस और आबकारी टीम के साथ गुरुवार को पहुंचे थे। इस दुकान के खुलने का पूर्व से ही विरोध किया जा रहा था। टीम ने दुकान खुलवाने के लिए प्रयास किए तो तमाम महिलाएं डंडे लेकर एकत्र हो गईं और शराब की दुकान खोले जाने का विरोध शुरू कर दिया। आरोप है कि उग्र भीड़ ने टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले पुलिस की ओर से लाठी फटकारी गई।

**24 अप्रैल को डीएम से की थी शिकायत, आबकारी टीम से हुई थी बहस :** कलीनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बूंदीभूड़ की महिलाएं शराब की दुकान खोले जाने का विरोध पिछले करीब दो माह से कर रही हैं। महिलाएं एकत्र होकर 24 अप्रैल को कलेक्ट्रेट पहुंची और डीएम कार्यालय के बाहर भी प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था। उनका कहना था कि ग्राम पंचायत सीमा में शराब की दुकान नहीं खुलनी चाहिए। ग्राम प्रधान शीला सिंह की अगुवाई में पहुंची महिलाओं ने डीएम को ज्ञापन देकरकहा था कि ग्राम पंचायत में अंग्रेजी और देशी शराब की दुकान प्रस्तावित है, जिसका विरोध किया था।



दुकान से बाहर निकालकर फेंकी गई शराब की पेटियों पर लाठी बरसाती महिलाएं।



बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खुलने के विरोध में लाठी लेकर पहुंची महिलाएं।

### पथराव और लाठी-डंडे चलने में ये हुए घायल

शराब की दुकान के विरोध में हुए पथराव और लाठी-डंडे चलने में कलीनगर तहसीलदार वीरेंद्र कुमार, माधोटांडा थाने के दरोगा सैफ अली, नौशाद अली, महिला थाना की दरोगा रीता देवी, आबकारी के वाहन का चालक परवेश अहमद घायल हो गए। पथराव में आबकारी की बस, चार पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ है। वहीं, शीतल, किरण, सुधा, बिंदू, शीला, मालती समेत दर्जनभर महिलाओं के भी घायल हुईं।

### दुकान में घुसी महिलाएं, फेंकीं शराब की बोतलें

**पीलीभीत/माधोटांडा, अमृत विचार :** बूंदीभूड़ गांव में शराब की दुकान खुलने का विरोध किस कदर महिलाओं में पनप रहा है, इसका आकलन कई दिनों से चली आ रही शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार नहीं लगा सके। ग्रामीण विरोध तो करेंगे लेकिन इस तरह से महिलाएं हमलावर हो जाएंगी। इसका आभास नहीं था। शायद यही वजह रही कि दो थानों से अधिक पुलिस बल के साथ अफसरों की मौजूदगी में दुकान खुलवाने के लिए पहुंची आबकारी टीम को भागकर खुद को बचाना पड़ा। दुकान के भीतर रखी शराब और बीयर की पेटियों को निकालकर महिलाएं सड़क पर फेंककर तोड़ती रही। पुलिसकर्मी मोबाइल से वीडियो बनाते दिखाई दिए। हालांकि बाद में सख्ती की गई तो और हालात बिगड़ गए। माधोटांडा थाना क्षेत्र के बूंदीभूड़ गांव में पहली बार कंपोजिट शराब की दुकान खुलने का विरोध कई दिनों से चल रहा था। जिसकी वजह से दुकान खुलवाने के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करके अधिकारी खुद साथ गए थे।

# छेड़छाड़ के आरोपी ने दरोगा को मारा चाकू

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



आरोपी अहसान

- गिरफ्तारी को पहुंची पुलिस टीम पर बोला हमला, दरोगा जख्मी
- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, पॉक्सो एक्ट में भी था वांछित

**अमृत विचारः** थाना नागफनी पुलिस ने नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने गिरफ्तारी को पहुंची पुलिस टीम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे एक दरोगा को घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को चाकू समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा। घायल दरोगा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नागफनी प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि बुधवार देर रात पुलिस टीम को सूचना मिली कि नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के मामले में वांछित आरोपी अहसान निवासी कहारों का मंदिर पीड़िता के घर के आसपास चाकू लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम रामगंगा नदी किनारे गड्ढा क्षेत्र में पहुंची। पुलिस ने आरोपी को घेर कर आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन उसने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। आरोपी ने दरोगा तेजेन्द्र कुमार पर चाकू से वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। घायल दरोगा को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना नागफनी में आर्म्स एक्ट के तहत गुरुवार को मुकदमा दर्ज किया। बताया गया कि आरोपी के खिलाफ पहले से ही नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़, धमकी और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर अहसान, रविया पत्नी मोहसिन, सानय, नेहा पुत्री अहसान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जिला कारागार भेजा गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैः-

**क्रम सं.-1,** ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-सा.-जीकेपी-ईपीसी-01-2026, दिनांकः 09-09-2026, कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे की खलीलाबाद-बहराइच नई ब्रॉड गेज रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में, इकौना (सहित) (चेनेज 173+400)-बहराइच (सहित) (चेनेज 240+909) खंड (लंबाई 67.509 कि.मी.) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यो, विद्युतीकरण कार्यो तथा सिग्नलिंग एवं दूरसंचार कार्यो के लिये इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) निविदा। अनुमानित निविदा मूल्यः ₹ 12,09,77,40,432.70, बयाना राशि (रू.): ₹ 24,19,54,800/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 30 (तीस) माह

**नोटः** ♦ प्रथम प्री-बिड कॉन्फ्रेन्स की तिथिः दिनांक 01-06-2026, 11:00 बजे, ♦ द्वितीय प्री-बिड कॉन्फ्रेन्स की तिथिः दिनांक 19-06-2026, 11:00 बजे, ♦ बिड प्रारम्भ करने की तिथिः दिनांक 19-08-2026, ♦ उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथिः दिनांक 02-09-2026, 11:00 बजे तक। ♦ उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथिः दिनांक 09-09-2026, 16:00 बजे। ♦ निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट *https://ireps.gov.in* पर देखा जा सकता है। ♦ निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखो में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

**उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण/सामान्य,**
मुजाधि/डब्लू-80 **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# ट्रक-ऑटो में टक्कर, चार की मौत

संवाददाता, खमरिया (लखीमपुर खीरी)

- पीलीभीत-बस्ती हाईवे के ऐरा पुल पर हुआ हादसा
- चारों घायलों की हालत गंभीर जिला अस्पताल में भर्ती
- ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पुलिस ने शुरू की जांच





हादसे में क्षतिग्रस्त ऑटो।

**अमृत विचारः** थाना खमरिया क्षेत्र में शारदा नदी पर बने ऐरा पुल पर गुरुवार शाम तेज रफ्तार ट्रक और ऑटो की आमने-सामने की हुई भिड़ंत में 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद पुल पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

हादसा पीलीभीत-बस्ती मार्ग स्थित ऐरा पुल पर शाम करीब 4:15 बजे हुआ। ट्रक और ऑटो के बीच टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल नकहा भेजा गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल रामदेवी (42) पत्नी सुशील कुमार निवासी खनियापुर थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, जाहिरा पत्नी मैनूद्दीन (32) निवासी महाराजनगर कोतवाली, खलीकुन पुत्री अब्दुल रहमान निवासी महाराजनगर कोतवाली धौरहरा और एक अज्ञात करीब 55 वर्षीय व्यक्ति को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने ट्रक चालक छुटकन्ने पुत्र भोंदू निवासी मरसंडा थाना लहरपुर सीतापुर को हिरासत में ले लिया है। हादसे के चलते कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित रहा। एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। ट्रक चालक पुलिस हिरासत में है। हादसों के कारणों की जांच की जा रही है।

## दुकानदार ने एअरगन से बच्चे को मारी गोली, घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कपसेड़ा गांव में बिस्कुट लेने को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने सात वर्षीय बच्चे को एअरगन से गोली मार दी। कान में छर्रा लगने से बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने घायल बच्चे को अस्पताल भेज दिया। वहीं आरोपी दुकानदार को हिरासत में ले लिया गया है।

तिलहर थाना क्षेत्र के गांव कपसेड़ा निवासी कार्तिक शर्मा (7) मामा रामू शर्मा के यहां रहकर पढ़ाई कर रहा है। गुरुवार सुबह करीब आठ बजे कार्तिक गांव की एक दुकान पर बिस्कुट खरीदने गया था। इसी दौरान दुकानदार से विवाद हो गया। गुस्से में आकर दुकानदार ने एअरगन से फायर कर दिया।

# भाजपा की कठपुतली बन गया चुनाव आयोग

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाजपा पर बरसे सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी



पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का स्वागत करते पूर्व एमएलसी जयेश प्रसाद व अन्य।

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर निशाना साधा। गुरुवार को प्रसाद भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव में एसआईआर, बेईमानी और धोखेबाजी के सहारे चुनाव जीता गया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के हाथ की कठपुतली बन गया है। साथ ही पश्चिम बंगाल में हुई हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग भी उठाई।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और गैस सिलेंडर को लेकर मारामारी की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने गन्ना किसानों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि समय पर भुगतान न मिलने से किसानों की आर्थिक हालत खराब हो रही है।

## डोली की जगह निकली युवती की अर्थी

**परौर/शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कुबेरपुर गांव में प्रेमी युगल की आत्महत्या के बाद पूरे गांव में मातम पसरा रहा। जिस घर में गुरुवार को बारात आनी थी, उसी घर की चौखट से युवती की डोली की जगह अर्थी निकली। यह दृश्य देखकर परिवार वालों और रिश्तेदारों की आंखें नम हो गईं। पुलिस की मौजूदगी में दोनों का अलग-अलग स्थानों पर अंतिम संस्कार कराया गया। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मैसर्स माँ पूर्णागिरी प्रापर्टीज पता-340, मो. दुर्गा प्रसाद, बीसलपुर जिला पीलीभीत पंजीकरण सं. 14581/17 के पार्टनर राकेश गंगवार पुत्र श्री तुलसीराम की दिनांक 04.03.2026 को मृत्यु हो जाने के कारण भंग हो गयी है। उक्त फर्म पर यदि किसी का बकाया हो तो वह 15 दिन के अन्दर मय साक्ष्य के फर्म की जीवित पार्टनर कुसुम गंगवार से सम्पर्क कर सकता है।

**कुसुम गंगवार पत्नी स्व. श्री राकेश गंगवार**
**पार्टनर-मैसर्स माँ पूर्णा गिरी प्रापर्टीज**
**नि. 340, मो. दुर्गा प्रसाद बीसलपुर पीलीभीत**

# खेत की मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में पथराव

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** नौगवां थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में मेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में जमकर पथराव हुआ। आरोपी पुलिस कर्मियों के सामने भी पथराव करते रहे। घटना में 10 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पुलिस कर्मियों की सूचना पर पहुंचे पुलिस बल को देखते ही आरोपी भाग गए। होडकांस्टेबल की तहरीर पर पुलिस ने 34 नामजद के अलावा 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सैदपुर इम्मा गांव निवासी अल्ताफ और शकील के बीच मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया था। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी होती रही, लेकिन देखते देखते दोनों पक्षों के बीच पथराव होने लगा। इसी बीच किसी ने यूपी 112 को सूचना दे दी। मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार व एक अन्य पुलिस कर्मी ने दोनों पक्षों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी नहीं माने।

### गांव में तनाव की स्थिति बरकरार

सैदपुर इम्मा गांव में अल्ताफ और शकील पक्ष के बीच तनाव बरकरार है। गांव के लोगों ने बताया कि यह प्रकरण कभी भी बड़े खूनी संघर्ष का रूप से ले सकता है। उधर पुलिस ने भी सतर्कता बरतते हुए भारी मात्रा में गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है। गांव में पुलिस बल तैनात होने से शांति जरूर है, लेकिन यह शांति कब संघर्ष का रूप ले ले कुछ कहा नहीं जा सकता। पुलिस अधिकारी गांव की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं।

## छात्रा से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** नाबालिग लड़की को पापा के बुलाने की बात कहकर ले जाने और गाड़ी में दुष्कर्म के आरोपी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष तीन की न्यायाधीश नीलाजना ने 20 साल के कारावास और 62 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है, जो पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में दी जाएगी।

पीड़िता की मां ने 4 सितंबर 2024 को थाना जरीफनगर पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया था कि उनकी 13 साल की बेटी कक्षा छह में पढ़ती है। 3 सितंबर 2024 सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर विवेक पुत्र रवि शंकर स्कूल गया। बेटी से कहा कि उसके पापा बुला रहे हैं। प्रधानाचार्य से पूछने के बाद वह बेटी को गाड़ी से ले गया।

# 580 किग्रा एडिबल वेजिटेबल और राइस ब्रान ऑयल सीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के लिए सुनील कुमार शर्मा सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी सुनील शर्मा द्वारा बुधवार और गुरुवार जिले में दो दिन विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसमें खाद्य विभाग की टीम ने 580 किग्रा. एडिबल वेजिटबल ऑयल व राइस ब्रान ऑयल सीज किया। जबकि दस नमूने संग्रहित किए हैं।

विशेष छापामार अभियान में सदर बाजार टांडा स्थित नफीस किराना स्टोर के मोहम्मद मुस्तकीम से एडिबल वेजिटेबल ऑयल का 1 नमूना लिया। जबकि गुणवत्ता के संदेह पर लगभग 523 किग्रा. (35 टीन) एडिबल वेजिटेबल ऑयल को सीज किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 62,760 रुपये है। यहां राइस बान ऑयल रॉयल कोल्हू ब्रांड का 1 नमूना लिया। गुणवत्ता के संदेह पर लगभग 58 लीटर (4 टीन) राइस ब्रान ऑयल को सीज किया, इसकी अनुमानित कीमत 8,700 रुपये है। वहीं बिजारखाता तहसील स्वार स्थित इदरीश किराना स्टोर के मोहम्मद इदरीश से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का 1 नमूना लिय। गडैयान नादर बाग शौकत अली रोड रामपुर स्थित एक कंपनी के स्टोर के मैनेजर जुबैर अली के यहां से कच्ची घानी सरसों का तेल के अलग-अलग दो नमूने लिए, जबकि राइस ब्रान आयल का 1 नमूना लिया। मोहल्ला फर्राशान शाहबाद स्थित सलीम बेकरी के मालिक सलीम से रस्क का 1 नमूना लिया। ग्राग नरेन्द्रपुर धारमपुर शाहबाद स्थित हरिओम गुप्ता से डबल टोन मिल्क और श्री हरि गुलाब जामुन का 1-1 विधिक नमूना और घी का 1 सर्विलांस नमूना लिया।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 4302/141सी0(ई0टेण्डर)-3/26 दिनांकः 02.05.2026

**ऑन-लाइन निविदा आमंत्रण सूचना**
**(द्वितीय आमंत्रण)**

1- महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई-निविदा दिनांक 09.05.2026 से दिनांक 15.05.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 15.05.2026 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः-

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | लागत: 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | लागत: कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ग्राम कपेड़ कटका बुढानपुर बार्डर से उदयपुर कटैया सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 119.80 | 7.50 | 127.30 | 8.37 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 2 | ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग से स्टेडियम मार्ग तक बांयी ओर का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 53.30 | 1.30 | 54.60 | 4.73 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 3 | पुवायॉ मार्ग (हाइडिल ऑफिस) से पैना बुजुर्ग तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 84.00 | 6.40 | 90.40 | 6.52 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 4 | मैदाखेड़ा सम्पर्क मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 105.75 | 8.14 | 113.89 | 7.69 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 5 | ग्राम रज्जबनगर में रामदयाल की बगिया से आंगनबाड़ी होते हुए बारात घर तक नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 48.50 | 3.60 | 52.10 | 4.61 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 6 | ग्राम शाहबाजनगर स्थित मोहल्ला बड़ा बेहटा रोड/रिंग रोड से मोहल्ला कछियाना तक नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 38.50 | 1.70 | 40.20 | 4.01 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |
| 7 | रौजा से मुख्य मार्ग से गुरूद्वारा तक सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 190.50 | 6.50 | 197.00 | 11.85 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 8 | रूकनपुर से हुसैनपुर सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 220.50 | 15.50 | 236.00 | 13.80 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' (मार्ग कार्य) |
| 9 | ग्राम पंचायत हथौड़िया स्थित कृष्ण बिहार कॉलोनी में शारस्वत श्रीवास्तव के मकान से राजीव सक्सेना के मकान तक मार्ग का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2026-27) | | 66.30 | 1.66 | 67.96 | 5.40 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2- निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 250864 दिनांकः 06/05/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

# पूजा बनीं पालिकाध्यक्ष, अपना दल एस में शामिल

संवाददाता, तिलहर



पूजा कसाना को जीत का प्रमाण पत्र देते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा नगर पंचायत अध्यक्ष पद उपचुनाव की मतगणना गुरुवार को भारी पुलिस बंदोबस्त और प्रशासनिक निगरानी के बीच संपन्न हुई। पूरे दिन चली कशमकश और सियासी हलचल के बाद पूजा कसाना को विजेता घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय ने शाम करीब पांच बजे उन्हें जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान नाटकीय घटनाक्रम के बीच पूजा कसाना ने अपना दल एस की सदस्यता ग्रहण कर ली।

सुबह से ही ब्लॉक परिसर में बनाए गए मतगणना स्थल पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। मतगणना शुरू होते ही भाजपा प्रत्याशी सोनम गुप्ता ने बढ़त बनानी शुरू कर दी, जिससे उनके समर्थकों में उत्साह दिखाई दिया। दोपहर करीब डेढ़ बजे चार राउंड की मतगणना पूरी होने के बाद पूजा कसाना 322 वोटों से आगे चल रही थीं। इसके बाद अचानक मतों की घोषणा बंद हो गई।

करीब एक घंटे तक परिणाम सार्वजनिक न होने पर कसाना गुट में बेचैनी बढ़ गई। उनके पति दानिश जीशान खान ने अधिकारियों से बातचीत कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की।

मतगणना के दौरान उस समय नया मोड़ आ गया जब करीब दो घंटे बाद अपना दल एस के जिला अध्यक्ष सुनील पटेल मतगणना स्थल पहुंचे। दानिश जीशान खान ने घोषणा की कि वह अपना दल एस के पदाधिकारी हैं और उनकी पत्नी पूजा कसाना भी अब पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगी। इसके बाद सुनील पटेल ने पूजा कसाना को अपना दल एस की सदस्यता दिलाई और उन्हें पार्टी समर्थित प्रत्याशी घोषित किया। चुनाव अधिकारी एसडीएम जीत सिंह राय ने बताया कि अपना दल एस समर्थित प्रत्याशी पूजा कसाना को 4375 मत मिले।

### वार्ड 28 के उप चुनाव में जीते आफरीदी

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर नगर पालिका के वार्ड 28 में हुए उपचुनाव में प्रत्याशी आफरीदी ने प्रतिद्वंदी को 587 वोटों से हराकर जीत दर्ज की। समर्थकों में खुशी का माहौल है। नगर पालिका वार्ड 28 हकीमगंज में हुए उपचुनाव में 5 मई को वोट डाले गए थे। जिसमें कुल 44 प्रतिशत मतदान हुआ था। 4472 मतदाताओं से 1970 ने मत का इस्तेमाल किया। गुरुवार को सदर तहसील में मतगणना हुई। भारी बारिश के बीच प्रत्याशी और उनके समर्थकों की भीड़ मतगणना स्थल पहुंची। मतगणना का कार्य निर्धारित समय पर शुरू हुआ। आफरीदी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मोहम्मद सलीम को 587 वोटों से हराया। आफरीदी को 1238 वोट मिले। वहीं प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को 651 वोट मिले। समर्थकों ने जीत का जश्न मनाया।

## चलती बाइक की चाबी निकाली तमंचे के बल पर दंपती से लूट

**इस्लामनगर, अमृत विचार :** थाना इस्लामनगर क्षेत्र में बाइक सवार दंपती से तमंचे के बल पर लूट की घटना के दूसरे दिन भी पुलिस आरोपियों से दूर है। सीओ बिल्सी केके तिवारी ने मौका मुआयना किया।

गांव नूरपुर निवासी एक दंपती मंगलवार रात अपने दो बच्चों के साथ बाइक से सकतपुर गांव शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक पर सवार तीन युवक काफी देर से उनका पीछा कर रहे थे। पीड़ित दंपती के अनुसार रात करीब साढ़े 10 बजे गांव कोहरा के पास बदमाश उनकी बाइक के बराबर आ गए और चलती बाइक की चाबी निकाल ली, जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई। बदमाशों ने तमंचा दिखाकर दंपती को डराया। महिला से गले की चेन, अंगूठी, कानों के कुंडल, पायल समेत करीब 15 हजार रुपये की नकदी लूटकर ले गए। घटना के बाद बदमाश सहसवान की ओर भाग गए थे। दंपती ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लूट की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

न्यूज ब्रीफ

### सोहराबुद्दीन मुठभेड़ मामले में 22 को बरी का फैसला बरकरार

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने गैंगस्टर सोहराबुद्दीन शेख, उसकी पत्नी कौसर बी और उसके सहयोगी तुलसीराम प्रजापति की 2005 में कथित फर्जी मुठभेड़ के मामले में 22 आरोपियों को बरी करने का फैसला बृहस्पतिवार को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने शेख के भाइयों रुबाबुद्दीन और नयाबुद्दीन की उन अपीलों को खारिज कर दिया जिनमें विशेष अदालत के दिसंबर 2018 के सभी आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती दी गई थी।बरी किए गए 22 आरोपियों में से 21 गुजरात और राजस्थान पुलिस के कनिष्ठ स्तर के वे अधिकारी थे, जो कथित तौर पर उन टीम का हिस्सा थे जिन्होंने तीनों का अपहरण किया और बाद में उन्हें फर्जी मुठभेड़ों में मार डाला।

### टीवीके को सरकार बनाने से रोक रही है केंद्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने आरोप लगाया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार टीवीके के नेता विजय को तमिलनाडु का मुख्यमंत्री बनने से रोकने का प्रयास कर रही है। टैगोर ने कहा, तमिलनाडु का जनादेश बदलाव के लिए है, विजय की सरकार के लिए है। नतीजों से यह भी साबित हुआ है कि लोगों ने धर्मनिरपेक्ष सरकार के लिए वोट किया है। उन्होंने दावा किया कि राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर भाजपा की विचारधारा से हैं और इस पद पर भी इसी विचारधारा के तहत काम कर रहे हैं, जबकि उन्हें संविधान के हिसाब से काम करना चाहिए। यदि वह संविधान के तहत काम करते तो सबसे बड़े दल को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करते और वह सरकार विधानसभा में अपना बहुमत साबित करती। लेकिन यह नहीं किया जा रहा है।

### अधिकारियों के लिए हिंदी परीक्षा आयोजित करने का निर्णय रद्द

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मराठी भाषा मंत्री उदय सामंत ने कहा है कि राजपत्रित और गैर-राजपत्रित अधिकारियों के लिए हिंदी भाषा परीक्षा आयोजित करने के राज्य सरकार के निर्णय पर रोक लगा दी गई है। यह कदम महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के विरोध के बीच उठाया गया है। सामंत ने कहा, मैंने प्रधान सचिव (मराठी भाषा विभाग) से बात की। परीक्षा पर रोक लगा दी गई है। उन्होंने कहा कि वह इस बात का पता लगाएंगे कि परीक्षा की आवश्यकता है या नहीं। सामंत ने कहा, भविष्य में, यदि लगता है कि परीक्षा अनावश्यक है, तो हम इसे आयोजित नहीं करने का निर्णय लेंगे।

# चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर दोहरा रवैया देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- सत्ता में आते ही पुराने रुख से पलट जाते हैं राजनीतिक दल, यह बहुमत की तानाशाही से जुड़ा मुद्दा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि विपक्ष में रहते हुए राजनीतिक दल चुनाव आयोग की स्वतंत्रता की मांग करते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद या तो इस मुद्दे पर चुप हो जाते हैं या फिर बिल्कुल उलट रुख अपना लेते हैं। यह देश के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की।

न्यायमूर्ति दत्ता ने एक सांसद के "निर्वाचित नहीं होने वालों की तानाशाही" संबंधी बयान का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे निर्वाचित लोगों की तानाशाही के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति



शर्मा ने टिप्पणी की कि यह बहुमत की तानाशाही है। गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं और इसके लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव आयोग अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने वाली हर सरकार ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून के अभाव का फायदा उठाया और उसका दुरुपयोग किया। भूषण ने कहा, जब लोग विपक्ष में थे तब वे स्वतंत्र संस्था की मांग कर रहे थे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्होंने इसकी परवाह करना बंद कर दिया।

### दावा: कानून पारित करने के लिए संसद में नहीं हुई चर्चा

सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दावा किया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को विनियमित करने वाले 2023 के कानून को पारित करते समय संसद में कोई बहस नहीं हुई और विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दलील दी कि कई सांसदों को निलंबित किए जाने के कारण वस्तुत: इस विधेयक पर कोई बहस नहीं हुई। असदुद्दीन ओवैसी ने दृढ़तापूर्वक तर्क दिया था कि यह अधिनियम अनूप बरनवाल निर्णय के विरुद्ध है और नियुक्ति पूरी तरह से सरकार की व्यक्तिपरक संतुष्टि पर आधारित है।इस मामले पर सुनवाई अगले बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी। इस कानून को कांग्रेस नेता जया ठाकुर और एडीआर सहित कई याचिकाकर्ताओं ने चुनौती दी है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पर कार्यपालिका का वर्चस्व नहीं हो सकता, खासकर तब जब आयोग अर्ध-न्यायिक भूमिका भी निभाता है। उन्होंने दो मार्च 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि तब न्यायालय ने संसद द्वारा कानून बनाए जाने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश वाली समिति की सलाह पर करने का निर्देश दिया था। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने कहा कि अदालत कानून नहीं बना रही, लेकिन यह जरूर परख सकती है कि नया कानून 2023 के फैसले में निर्धारित संवैधानिक मानकों का पालन करता है या नहीं।

याचिकाओं में मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 की धारा सात और आठ को चुनौती दी गई है। इनके तहत नियुक्ति समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय मंत्री को शामिल किया गया है, सीजेआई को बाहर रखा गया है। कहा गया है कि सीजेआई को चयन समिति से हटाने से नियुक्ति प्रक्रिया सरकार के पक्ष में झुक जाती है और पक्षपात की आशंका बढ़ जाती है।

## विमान में पुरुषों के समूह ने मेरा उत्पीड़न किया : महुआ मोइत्रा



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली आने के दौरान इंडिगो की उड़ान में उन्हें पुरुषों के एक समूह की ओर से उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। तृणमूल सांसद ने आरोप लगाया कि भाजपा की यही संस्कृति है।

तृणमूल सांसद ने एक्स पर घटना से संबंधित एक वीडियो भी साझा किया और कहा, मैं रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिए दिल्ली आई थी। मैं उड़ान संख्या 6ई-719 में सीट नंबर 1एफ पर बैठी थी। चार-पांच लोग विमान में सवार हुए और मुझे घूरते हुए पिछले हिस्से में चले गए। उन्होंने आरोप लगाया कि विमान के हवाई अड्डे पर उतरने के बाद और विमान के दरवाजे खुलने से पहले उन लोगों ने उसे परेशान किया और इस घटना का वीडियो बनाया। मोइत्रा ने कहा, यह उत्पीड़न है और विमान में मेरी सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है। किसी भी हालत में ये बदमाश विमान के अंदर इस तरह का उत्पीड़न करके बच नहीं सकते।

- कहा- उत्पीड़न का वीडियो बनाकर किया वायरल, भाजपा की यही संस्कृति है

मोइत्रा ने इंडिगो और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु को टैग करते हुए घटना में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। उन्होंने विमान कंपनी को संबोधित करते हुए लिखा, अपनी क्रू रिपोर्ट ढूंढें, उनके नाम उजागर करें और उन्हें प्रतिबंधित सूची में डाल दें। मोइत्रा ने कहा कि उन्होंने घटना को नजरअंदाज करते हुए बैठक में भाग लिया था, लेकिन संघियों की ओर से वायरल किए गए वीडियो को देखने के बाद उन्होंने इस मुद्दे को उठाने का फैसला किया।

# पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद लगातार हिंसा से गहराया भय और निराशा का माहौल

## शुभेंदु के पीए की हत्या से गहरी हुई प्रतिद्वंद्विता, हिंसा के और खतरनाक दौर में पहुंचने की आशंका

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव अप्रत्याशित रूप से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद, राज्य में एक बार फिर राजनीतिक हिंसा के कारण बृहस्पतिवार को भय और निराशा का माहौल बन गया। इस हत्या ने शुभेंदु अधिकारी और तृणमूल नेतृत्व के बीच व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता को और भी गहरा कर दिया है। साथ ही, इस आशंका को भी बढ़ा दिया है कि बंगाल में चुनाव बाद की हिंसा का दौर और भी खतरनाक चरण में प्रवेश कर सकता है।

भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के सहयोगी चंद्रनाथ रथ (42) की हत्या की घटना ने बंगाल में चुनाव बाद के राजनीतिक माहौल को तनावपूर्ण कर दिया है तथा भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच जुबानी जंग नए सिरे छिड़ गई है। इस घटना ने राज्य के चुनावी माहौल को भय, प्रतिशोध के विमर्श और जवाबी हिंसा के आरोपों से लैस कर राजनीतिक टकराव में तब्दील कर दिया है। भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि यह हत्या बंगाल में कानून व्यवस्था के पूरी तरह से ध्वस्त होने का प्रमाण है। भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने रथ की हत्या को सुनियोजित राजनीतिक हत्या करार दिया और दावा किया कि इसका मकसद राज्य में अस्थिरता पैदा करना है।



भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी के पीए का शव घर पहुंचने पर उमड़ी भीड़।

### साजिश का इशारा... हमले में इस्तेमाल कार-बाइक पर फर्जी थी नंबर प्लेटें, मिटा दिए गए थे चेसिस नंबर

जांच एजेंसियों के मुताबिक रथ पर बुधवार रात करीब 10 :30 बजे तब हमला किया गया, जब वह कोलकाता से अपने मध्यग्राम स्थित आवास लौट रहे थे। डोलतला और मध्यग्राम चौमाथा के बीच दोहरिया के पास उनकी गाड़ी को रोक लिया गया। पहले एक कार ने रथ की एसयूवी की रफ्तार धीमी कराई, जिसके बाद मोटरसाइकिल सवार हमलावरों में से एक ने उनके वाहन के पास आकर करीब से कई गोलियां चलाईं। पुलिस ने बाद में लावारिस हालत में मिली इस कार को जब्त कर लिया और पाया कि उसकी नंबर प्लेट फर्जी थी। चेसिस नंबर और इंजन नंबर मिटा दिए गए थे। इससे संकेत मिलता है कि हत्या की साजिश रची गई थी। घटनास्थल से लगभग 4 किलोमीटर दूर एक चाय दुकान के पास हमले में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया गया। मोटरसाइकिल का पंजीकरण नंबर भी फर्जी था और चेसिस नंबर मिटा दिया गया था।

उन्होंने कहा, चुनाव जीतने वाले हम ही हैं, लेकिन मरने वाले भी हम ही हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस घटना को बंगाल की खून से सनी राजनीतिक संस्कृति का प्रतिबिंब बताया। तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि हत्या में पार्टी की कोई भूमिका नहीं है और भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने जांच पूरी होने से पहले ही घटना का राजनीतिकरण कर दिया। कांग्रेस और माकपा के नेताओं ने भी इस हत्या की निंदा की और निष्पक्ष जांच की मांग की।

### बसीरहाट में मारी भाजपा कार्यकर्ता को गोली

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट इलाके में बुधवार को भाजपा के एक कार्यकर्ता रोहित रॉय पर गोली चलाई गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि हमलावर तृणमूल कांग्रेस के संरक्षण प्राप्त बदमाश थे। भाजपा कार्यकर्ता को पेट में गोली लगने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर है। पार्टी की ओर से जारी एक वीडियो फुटेज में रॉय को यह कहते हुए सुना जा रहा है कि जब वह कुछ लोगों के साथ अपने इलाके में भाजपा के झंडे लगा रहे थे, तभी उन पर गोली चलाई गई।

### पनिहाटी: बम हमले से पांच भाजपा कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिले के पनिहाटी में कथित बम विस्फोट में भाजपा के पांच समर्थक घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि अज्ञात हमलावरों ने भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह पर देसी बम फेंके, जिससे पांच लोग घायल हो गए। घायलों को कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पनिहाटी के वार्ड नंबर दो में दत्ता रोड पर भाजपा कार्यकर्ता लोगों से बातचीत कर रहे थे कि तभी मोटरसाइकिल पर सवार लोगों ने बम फेंके और फरार हो गए।

## वंदे मातरम् पर सरकार का कदम असंवैधानिक

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की ओर से वंदे मातरम को राष्ट्रगान जन गण मन के समान कानूनी संरक्षण दिए जाने के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे धार्मिक स्वतंत्रता सहित संवैधानिक अधिकारों का सीधा उल्लंघन करार दिया और तत्काल इस निर्णय को वापस लेने की मांग की।

बोर्ड ने कहा कि बोर्ड केंद्रीय मंत्रिमंडल के उस फैसले को कड़ी आलोचना के साथ खारिज करता है, जिसमें वंदे मातरम् को राष्ट्रगान जन गण मन के बराबर दर्जा दिया गया है, इसके सभी छह अंतरों के गायन को अनिवार्य बनाया गया है।

# यूपी की तरह हुए बंगाल में चुनाव दीदी बहादुरी से लड़ीं: अखिलेश



कोलकाता में अपने आवास पर अखिलेश का स्वागत करतीं ममता बनर्जी। ● शुभंकर

**कोलकाता, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कोलकाता पहुंचकर ममता बनर्जी से मुलाकात की और उनका हौसला बढ़ाया। अखिलेश ने कहा, सामंती और पुरुषवादी सोच रखने वाली भाजपा की नजरों में दीदी हमेशा खटकती रही हैं क्योंकि वह आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रक्रिया बिल्कुल भी पारदर्शी नहीं थी। ममता बनर्जी हारी नहीं हैं बल्कि हराई गई हैं। ऐसे ही चुनाव यूपी में कराए गए थे।

पश्चिम बंगाल में हुए राजनीतिक बदलाव के बाद अखिलेश की ममता बनर्जी से यह पहली मुलाकात थी। कोलकाता में हुई इस मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी खुद अखिलेश यादव को रिसीव करने गेट तक पहुंचीं, अभिषेक बनर्जी ने गले लगाकर उनका स्वागत किया। अखिलेश यादव ने ममता बनर्जी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और कहा, दीदी, आप हारी नहीं हैं बल्कि आपने एक योद्धा की तरह चुनाव लड़ा है। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि उन्होंने बंगाल चुनाव को करीब से देखा और चुनाव प्रचार के दौरान जिस तरह की भाषा और रवैया अपनाया गया, वह हैरान करने वाला था। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने बंगाल में वही प्रयोग किया, जिसकी शुरुआत उत्तर प्रदेश में की गई थी। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की राजनीति अराजकता फैलाने वाली है और चुनाव के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किए गए दावे भी सवालों के घेरे में हैं। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है।

- कोलकाता में ममता से मिले अखिलेश, कहा- भाजपा से मिला है चुनाव आयोग



### कुंदरकी-रामपुर में भी हुई थी इसी तरह की धांधली

अखिलेश ने उत्तर प्रदेश के कुंदरकी और रामपुर उपचुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां मतदाताओं को डराया गया और पोलिंग एजेंटों को बाहर निकाल दिया गया। उन्होंने चुनौती दी कि यदि चुनाव आयोग निष्पक्ष है तो बंगाल और कुंदरकी की वोटिंग और मतगणना के सीसीटीवी फुटेज सार्वजनिक किए जाएं।

# भारत को सीमा पार से होने वाले आतंकवाद से आत्मरक्षा का अधिकार : विदेश मंत्रालय

## सीमा पार से आतंकवाद लंबे समय से पाकिस्तान की नीति का हिस्सा




**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने सीमा पार से होने वाली पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी गतिविधियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को आत्मरक्षा के अपने अधिकार को दोहराया और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने का संकल्प लिया। नई दिल्ली की ओर से यह कड़ा संदेश ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर दिया गया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, आज हम ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मना रहे हैं। पूरी दुनिया ने पहलगाम आतंकवादी हमले को देखा। सीमा पार से आतंकवाद को प्रायोजित करने के लिए हमने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, दुनिया जानती है कि सीमा पार से होने वाला आतंकवाद लंबे समय से पाकिस्तान की नीति का हिस्सा रहा है। हमें आतंकवाद के खिलाफ आत्मरक्षा का पूरा अधिकार है।

जायसवाल ने कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने के लिए काम करता रहेगा। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में, भारत ने पिछले साल 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए थे और करीब 100 आतंकवादियों को मार गिराया गया था।




जम्मू में ऑपरेशन सिंदूर की बरसी पर स्कूली बच्चों ने सेना का हौसला बढ़ाया।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की झलक देखी: बिरला

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ऑपरेशन सिंदूर को आतंकवाद के विरुद्ध भारत का साहसिक प्रतिशोध करार देते हुए कहा कि सेना के इस ऑपरेशन ने भारत के पराक्रम के साथ स्वदेशी तकनीक और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को दर्शाया। बिरला ने एक्स पर कहा, भारतीय सेना के असाधारण शौर्य के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ पर सैन्य बल के जवानों और अधिकारियों का अभिनंदन।

### मेरे दिल ने जो कहा वह मैंने किया : ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सैनिकों की सेवा कर बच्चा बना मिसाल



**फिरोजपुर।** भारत की ओर से पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ पिछले साल मई में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पंजाब के गांव के एक 11 वर्षीय बच्चे ने सेना की मदद कर पूरे देश को प्रेरित किया। ऑपरेशन सिंदूर की सालगिरह पर शावन ने कहा कि उसने सिर्फ दिल की बात सुनी।

पंजाब के फिरोजपुर के तरणवाली गांव के शावन सिंह ने लगभग एक साल पहले पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत-पाकिस्तान सीमा पर स्थित अपने गांव में तैनात सेना के जवानों की स्वेच्छा से सेवा की, और उन्हें अपने घर से चाय, पानी, दूध और लस्सी लाकर दी। उन्होंने कहा, जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ, तो सैनिक हमारे गांव आए, मुझे लगा कि मुझे उनकी सेवा करनी चाहिए क्योंकि वे हमारे लिए लड़ रहे थे। गांव में तैनात सैनिकों के बीच शावन पानी, चाय और छाछ के साथ मनमोहक मुस्कान की वजह से अजीज बन गया था। शावन ने कहा, मुझे कभी उम्मीद नहीं थी कि मुझे इसके लिए सम्मानित किया जाएगा।

शावन के पिता सोना सिंह ने कहा कि उन्हें अब भी विश्वास नहीं होता है कि उनके बेटे को इतना सम्मान मिला है। हम भारतीय सेना के बहुत आभारी हैं कि उन्होंने उसे प्रोत्साहित किया। हमने कभी सोचा भी नहीं था कि हमारा बेटा एक दिन राष्ट्रपति से पुरस्कार प्राप्त करेगा और उसे प्रधानमंत्री से मिलने का अवसर मिलेगा। पिता ने बताया कि शावन को विभिन्न कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाता है, लेकिन वह पढ़ाई पर ध्यान दे रहा है और भविष्य में सशस्त्र बलों में शामिल होने का सपना देखता है।

## वह वर्दी में नहीं थे, फिर भी सैनिक की तरह सेवा दी

**जम्मू।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राजौरी में पाकिस्तानी सेना की भीषण गोलाबारी के दौरान मारे गए जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ नौकरशाह डॉ. राज कुमार थापा की पत्नी ने बृहस्पतिवार को कहा कि परिवार अभी तक इस सच को स्वीकार नहीं कर पाया है कि वह अब हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उसे इस बात पर गर्व है कि वर्दी में न होने के बावजूद उन्होंने एक सैनिक की तरह सेवा दी।



जम्मू-कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारी थापा राजौरी के अतिरिक्त जिला विकास आयुक्त के रूप में कार्यरत थे। पिछले साल 10 मई को सीमावर्ती जिले में पाकिस्तान की भीषण गोलाबारी के दौरान एक गोला थापा के आवासीय क्वार्टर पर गिर गया था, जिससे उनकी मौत हो गई थी। अपने पति की पहली बरसी से पहले उस दर्दनाक पल को याद करते हुए डॉ. मीनाक्षी कुंदन थापा ने कहा कि डॉ. राजकुमार थापा का बलिदान एक बेहद दर्दनाक वास्तविकता है। उन्होंने नम आंखों से कहा, जब हम किताबों में इस शब्द (बलिदान) को पढ़ते हैं, तो यह बहुत महान लगता है, लेकिन इसका असल अर्थ केवल वही लोग समझ सकते हैं, जिन्होंने हकीकत में नुकसान झेला हो। वीरगति वास्तव में मौत का दूसरा नाम है और उसके बाद व्यक्ति कभी वापस नहीं आता।

## मान के ओएसडी के सहयोगी पर ईडी छापे के बीच नोटों की बारिश

**चंडीगढ़।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित जमीन धोखाधड़ी मामले में धनशोधन जांच के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) में विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के एक निकट सहयोगी के परिसरों समेत पंजाब और चंडीगढ़ में 12 स्थानों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। इस दौरान छापे से बचने के लिए मोहाली की एक ऊंची इमारत से नोटों भरे दो बैग नीचे फेंके गए जो जमीन तक पहुंचने से पहले ही खुल गए और पांच सौ के नोटों की बारिश होने लगी।

- इमारत की नौवीं मंजिल से फेंके गए नोटों भरे दो बैग रास्ते में ही खुले

ईडी के अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी नितिन गोहल नामक व्यक्ति के परिसरों पर भी छापे मारे गए हैं। आईटी पेशेवर गोहल का संबंध पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ओएसडी राजबीर घुम्मण से है। आरोपियों पर गमाडा से भूमि उपयोग परिवर्तन (सीएलयू) लाइसेंस हासिल करने में धोखाधड़ी करने और बाद में लोगों से ठगी करने का आरोप है। हालांकि, मान ने दावा किया कि केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई का उनसे कोई लेना-देना नहीं है।

अधिकारियों ने बताया कि मोहाली में ऊंची इमारत से फेंकी गई नकदी बरामद होने की घटना भी हुई है। शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने एक्स पर इन दो बैग के बारे में लिखा, करोड़ों रुपये और 500 के नोट हवा में उड़ रहे हैं। पैसा किसका है, मुख्यमंत्री मान के ओएसडी राजबीर सिंह का।

राजनीति | द्रमुक प्रमुख स्टालिन ने खारिज कीं अटकलें, कहा– टीवीके को सरकार बनाने से नहीं रोकेंगे

# सरकार बनाने के लिए अन्नाद्रमुक से समझौता नहीं

**चेन्नई, एजेंसी**

तमिलनाडु में तमिलगा वेट्री कजगम के प्रमुख थलापति विजय की ओर से सरकार बनाने के दावे को राज्यपाल की ओर से स्वीकार न किए जाने के बाद शुरू हुईं अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन से सरकार बनाने की अटकलों को द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा है कि द्रमुक न तो अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन करेगी और न ही टीवीके के सरकार बनाने के रास्ते में कोई बाधा उत्पन्न करेगी।



स्टालिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि वह जनादेश का सम्मान करते हैं जो 2026 के चुनावों में उभर कर आई नई पार्टी टीवीके को सरकार बनाने का मौका देने के पक्ष में हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि उनकी पार्टी अगले 6 महीनों तक नई सरकार के कामकाज में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगी और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाते हुए स्थिति पर नजर रखेगी। स्टालिन के बयान से उन अटकलों का अंत हो गया है कि जो टीवीके प्रमुख के सरकार बनाने के दावे पर सवाल बनकर उभरी थीं। चर्चा थी कि टीवीके को रोकने के लिए द्रमुक और अन्नाद्रमुक हाथ मिला सकते हैं। तमिलनाडु की राजनीति में दशकों से प्रतिद्वंद्वी रहे द्रमुक और अन्नाद्रमुक के बीच किसी भी तरह के गुप्त गठबंधन या समझौता होने की खबरों को स्टालिन ने पूरी तरह निराधार बताया है।

### टीवीके को समर्थन: आज बैठक करेंगे द्रमुक के सहयोगी

**चेन्नई।** टीवीके प्रमुख विजय की ओर से समर्थन की अपील किए जाने के बाद गुरुवार को विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके)और वाम दलों के नेताओं ने बृहस्पतिवार को द्रमुक अध्यक्ष एमके स्टालिन से मुलाकात की। अब द्रमुक के तीनों सहयोगी दल इस मुद्दे पर शुक्रवार को अलग-अलग बैठक कर टीवीके को सरकार बनाने के लिए समर्थन देने पर फैसला करेंगे। थिरुमावलवन ने कहा, टीवीके को समर्थन के मुद्दे पर हम कोई जादुई फैसला नहीं ले सकते। वीसीके की उच्च स्तरीय समिति कल बैठक करेगी और अंतिम निर्णय लेगी। वामपंथी दल भी बैठक करेंगे। द्रमुक के इन तीनों सहयोगी दलों ने विधानसभा चुनाव में क्रमश: दो-दो सीट पर जीत हासिल की हैं।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 8 मई 2026






शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है, जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं।

–नेल्सन मंडेला, पूर्व राष्ट्रपति, दक्षिण अफ्रीका

## पश्चिम बंगाल में हिंसा

पश्चिम बंगाल में भड़की हिंसा के दौरान राजनीतिक कार्यकर्ताओं की हत्याएं, पार्टी कार्यालयों में आगजनी, घरों पर हमले और पलायन जैसी घटनाएं कानून-व्यवस्था की विफलता के साथ ही लोकतांत्रिक संस्कृति पर गहरे संकट का संकेत हैं। बंगाल में चुनाव बाद हिंसा नई घटना नहीं है, वामपंथी दौर से लेकर तृणमूल कांग्रेस के उदय तक की यही कहानी है, पर सत्ता परिवर्तन और राजनीतिक संघर्ष की वर्तमान घटनाओं को बंगाल की उस हिंसक राजनीतिक परंपरा का हवाला देकर इस हिंसा को सामान्य नहीं कह सकते। राजनीतिक मतभेद अब वैचारिक संघर्ष न रहकर सामाजिक प्रतिशोध का रूप लेते जा रहे हैं। सबसे भयावह पहलू यह है कि हमले केवल पार्टी कार्यालयों तक सीमित नहीं, बल्कि घरों तक पहुंच रहे हैं। जब परिवार, महिलाएं और बच्चे राजनीतिक संघर्ष की कीमत चुकाने लगें, तब यह केवल राजनीतिक संकट नहीं, सामाजिक विघटन का संकेत होता है। किसी भी लोकतंत्र में चुनाव जनादेश का उत्सव होना चाहिए, भय और बदले का नहीं। इस संदर्भ में नेताओं की भाषा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है।

ममता बनर्जी के चुनाव परिणामों और चुनाव आयोग को लेकर आक्रामक तथा अड़ियल रुख को उनके समर्थकों ने किस रूप में लिया, यह गंभीर प्रश्न है। जब शीर्ष नेतृत्व लगातार यह संदेश दे कि जनादेश 'छीन' लिया गया है, तो कार्यकर्ताओं में उग्रता बढ़ना स्वाभाविक है। दूसरी ओर भाजपा नेताओं की भाषा भी संयमित नहीं रही। यह कहना कि 'सबका साथ, सबका विकास के बाद अब सबका हिसाब होगा' निश्चित रूप से उत्तेजक और प्रतिशोधात्मक संदेश देता है। लोकतंत्र में 'हिसाब' चुनाव से होता है, सड़क की हिंसा से नहीं। सुरक्षा तंत्र की विफलता और भी गंभीर मसला है। चुनाव से पहले भारी केंद्रीय बलों की तैनाती की गई थी। कहा गया कि कोलकाता में मणिपुर से भी अधिक सुरक्षाबल मौजूद हैं। गृह मंत्रालय ने दूरदर्शिता दिखाते हुए चुनाव के बाद भी केंद्रीय बल बनाए रखने का निर्णय लिया था। इसके बावजूद यदि हिंसा भड़कती है, फैलती है और हत्याओं तक पहुंच जाती है, तो यह केवल राजनीतिक दलों की नहीं, प्रशासनिक तंत्र की भी असफलता है। ढाई लाख सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस की मौजूदगी के बावजूद यदि खुफिया तंत्र हिंसा की आशंका नहीं भांप पाया, तो जवाबदेही तय होनी ही चाहिए। भाजपा का यह आरोप कि हतोत्साहित तृणमूल कार्यकर्ता हिंसा फैला रहे हैं, आंशिक रूप से सही हो सकता है, लेकिन राजनीतिक हिंसा अक्सर एकतरफा नहीं होती; प्रतिशोध और प्रतिक्रिया का चक्र दोनों पक्षों को इसमें शामिल कर देता है। यदि तृणमूल के कार्यालय और कार्यकर्ता अधिक निशाने पर हैं, तो यह भी संभव है कि हिंसा बहुपक्षीय रूप ले चुकी हो।

केंद्र सरकार संवैधानिक सीमाओं के भीतर अतिरिक्त बल, त्वरित गिरफ्तारी, संयुक्त नियंत्रण कक्ष और राज्य सरकार पर अधिक दबाव जैसे कदम पहले उठा सकती थी। अब भी आवश्यकता संयुक्त शांति प्रयास की है। संभव है गृहमंत्री पहुंचने तक हिंसा रुक जाए। फिलहाल बंगाल को यह समझना होगा कि हिंसा से कोई स्थायी सियासी सफलता नहीं मिल सकती। यदि राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं को संयम नहीं सिखा सके, तो अंततः सबसे बड़ी हार जनता और लोकतंत्र दोनों की होगी।

### प्रसंगवश

## पैरानॉयड डिसऑर्डर मतलब खामोश संकेत, बड़ा खतरा

कभी-कभी एक खबर सिर्फ सूचना नहीं होती, बल्कि समाज के भीतर छिपी किसी गहरी दरार को उजागर कर देती है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में घटी वह घटना, जहां एक पिता ने अपनी ही जुड़वा बेटियों की हत्या कर दी। ऐसी ही एक सच्चाई को सामने लाती है। विभिन्न रिपोर्ट्स में सामने आई जानकारी के अनुसार वह अपनी पत्नी पर शक करता था, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह केवल 'शक' था या फिर एक ऐसी मानसिक अवस्था, जिसे हमने समय रहते पहचाना ही नहीं? हम आज भी भावनात्मक असुरक्षा और मानसिक बीमारी के बीच के अंतर को समझने में चूक रहे हैं।

पैरानॉयड डिसऑर्डर केवल एक शब्द नहीं बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां व्यक्ति का मन धीरे-धीरे अपने ही बनाए संदेहों की कैद में बंद हो जाता है। उसे हर चेहरा संदिग्ध लगता है, हर व्यवहार में धोखा दिखाई देता है और हर रिश्ता असुरक्षित प्रतीत होता है। यह केवल सोच नहीं, बल्कि एक विकृत यथार्थ है, जिसमें व्यक्ति जीने लगता है। वह अपने ही मन की आवाज को सच मान लेता है और बाहरी दुनिया की हर बात उसे झूठ लगने लगती है। ऐसे में उसके निर्णय तर्क से नहीं बल्कि डर और भ्रम से संचालित होते हैं और यही स्थिति कभी-कभी त्रासदी का रूप ले लेती है।




डॉ. नीलू तिवारी

शिक्षिका


पैरानॉयड डिसऑर्डर की एक बड़ी समस्या यह है कि व्यक्ति खुद को बीमार नहीं मानता। उसे लगता है कि उसकी सोच सही है और बाकी लोग गलत हैं। यही कारण है कि वह इलाज से बचता है और परिवार भी कई बार इसे 'जिद' या 'स्वभाव' समझकर नजरअंदाज कर देता है। धीरे-धीरे यह स्थिति और गंभीर हो जाती है। पुरुषों में यह विकार अक्सर अधिकार और नियंत्रण के रूप में सामने आता है। पत्नी की स्वतंत्रता, उसकी बातचीत, उसके संबंध हर चीज पर संदेह करना धीरे-धीरे एक आदत नहीं, बल्कि मानसिक जकड़न बन जाता है। समस्या तब और गहरी हो जाती है, जब समाज इस व्यवहार को 'सामान्य' या 'पुरुष स्वभाव' कहकर स्वीकार कर लेता है। यही सामाजिक स्वीकृति इस विकार को पहचानने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। उत्तर प्रदेश की घटना इसी अनदेखी का चरम परिणाम है, जहां शक ने संवेदना को निगल लिया।

महिलाओं के संदर्भ में भी यह समस्या कम गंभीर नहीं है। कई बार महिलाएं भी पैरानॉयड सोच का शिकार हो जाती हैं, जहां वे अपने पति या परिवार के अन्य सदस्यों पर बिना कारण संदेह करने लगती हैं। उदाहरण के तौर पर, कुछ मामलों में महिला को यह विश्वास हो जाता है कि उसका पति उसे धोखा दे रहा है, भले ही उसके पास कोई प्रमाण न हो। यह संदेह धीरे-धीरे उसके मानसिक संतुलन को बिगाड़ता है और रिश्तों में तनाव पैदा करता है।

एक और महत्वपूर्ण उदाहरण प्रसव के बाद की मानसिक स्थिति से जुड़ा है। पोस्टपार्टम साइकोसिस जैसी अवस्था में कुछ महिलाओं में पैरानॉयड विचार विकसित हो सकते हैं। उन्हें लग सकता है कि कोई उनके बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा या परिवार उनके खिलाफ साजिश कर रहा है। इस मानसिक भ्रम के कारण वे असामान्य और कभी-कभी खतरनाक व्यवहार कर सकती हैं। देश और दुनिया में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां मानसिक असंतुलन के कारण मां ने अपने ही बच्चे को नुकसान पहुंचाया। ये उदाहरण यह स्पष्ट करते हैं कि यह विकार केवल पुरुषों तक सीमित नहीं है, यह एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# सोमनाथ और भारत की अजेय भावना






नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री


सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है।

वर्ष 2026 की शुरुआत में मुझे सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला। यह सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। अब 11 मई को मुझे एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त हो रहा है। इस बार यह यात्रा पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में है। मैं उस क्षण को फिर जीने जा रहा हूं, जब भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी ने मंदिर का लोकार्पण किया था। उस दिन, सोमनाथ में विध्वंस से सृजन तक की यात्रा फिर से जीवंत होगी। छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना मेरे लिए बहुत सौभाग्य की बात है।

सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। हमारे प्राचीन शास्त्रों में लिखा हैः प्रभासं च परिक्रम्य पृथिवीक्रमसंभवम्। अर्थात दिव्य प्रभास (सोमनाथ) की परिक्रमा पूरी पृथ्वी की परिक्रमा के समान है। जब लोग यहां दर्शन-पूजन के लिए आते हैं, तब उन्हें उस सभ्यता की अद्भुत निरंतरता का भी अनुभव होता है, जिसकी ज्योति कभी बुझाई नहीं जा सकी। कई साम्राज्य आए और गए, समय बदला और इतिहास ने ढेरों उतार-चढ़ाव देखे, फिर भी सोमनाथ हमारे हृदय में हमेशा बना रहा। यह समय उन असंख्य महान विभूतियों के स्मरण का भी है, जो क्रूर आक्रांताओं के सम्मुख अडिग रहे। लकुलीश और सोम शर्मा जैसे मनीषियों ने प्रभास को शैव दर्शन का महान केंद्र बनाया। चक्रवर्ती महाराज धारसेन चतुर्थ ने सदियों पहले वहां दूसरा मंदिर बनवाया था। समय की कठिन परीक्षा के बीच भीम प्रथम, जयपाल और आनंदपाल जैसे शासकों ने आक्रमणों के विरुद्ध अपनी सभ्यता की ढाल बनकर मंदिर की रक्षा की थी। ऐसा माना जाता है कि महान राजा भोज ने भी इस पावन स्थल के पुनर्निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया था। कर्णदेव सोलंकी और जयसिंह सिद्धराज ने गुजरात की राजनीतिक और सांस्कृतिक शक्ति को पुनर्स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। भाव बृहस्पति, कुमारपाल सोलंकी और पाशुपताचार्यों ने इस तीर्थ को आराधना और ज्ञान के केंद्र के रूप में स्थापित करने में अमूल्य योगदान दिया। विशालदेव वाघेला और त्रिपुरांतक ने इसकी बौद्धिक और आध्यात्मिक परंपराओं की रक्षा की। महिपाल चूड़ासमा और राव खंगार चूड़ासमा ने विध्वंस के बाद पूजा-पाठ की परंपरा को पुनर्जीवित किया। पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर, जिनकी 300 वीं जयंती मनाई जा रही है, उन्होंने सबसे चुनौतीपूर्ण समय में भी भक्ति की परंपरा को जीवंत रखा।

1940 के दशक में स्वतंत्रता की भावना पूरे भारत में फैल रही थी। सरदार पटेल जैसे महान नेताओं के नेतृत्व में स्वतंत्र भारत की नींव रखी जा रही थी। ऐसे में एक बात जो उन्हें बहुत व्यथित करती थी, वह थी- सोमनाथ की दुर्दशा। 13 नवंबर 1947 को, दिवाली के समय, उन्होंने सोमनाथ के जर्जर अवशेषों के सामने खड़े होकर, समुद्र का जल हाथ में लेकर संकल्प लिया, "इस (गुजराती) नववर्ष पर हमारा निश्चय है कि सोमनाथ का पुनर्निर्माण होगा। सौराष्ट्र के लोगों को इसके लिए हर तरह से अपना योगदान देना होगा। यह एक पावन कार्य है, जिसमें हर किसी को भागीदारी निभानी होगी।" उनके इस आह्वान ने सिर्फ गुजरात ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारतवर्ष को नए उत्साह से भर दिया। दुर्भाग्यवश, सरदार पटेल अपने उस सपने को साकार होते नहीं देख सके, जिसके लिए उन्होंने स्वयं को समर्पित कर दिया था। इससे पहले कि जीर्णोद्धार के बाद सोमनाथ मंदिर भक्तों के लिए खुलता, उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। इसके बावजूद, प्रभास पाटन की पावन धरती पर उनका प्रभाव निरंतर महसूस किया जाता रहा है। उनके विजन को के.एम. मुंशी ने आगे बढ़ाया, जिन्हें नवानगर के जामसाहेब का समर्थन मिला। 1951 में मंदिर का पुनर्निर्माण पूरा होने पर राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के विरोध के बावजूद, डॉ. प्रसाद ने समारोह में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया।

11 मई 1951 को अपने भाषण में डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने कहा था कि सोमनाथ मंदिर दुनिया को यह संदेश देता है कि अद्वितीय श्रद्धा और विश्वास को कभी नष्ट नहीं किया जा सकता। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि यह मंदिर सदैव लोगों के हृदय में बसा रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर के पुनर्निर्माण से सरदार पटेल का सपना साकार हुआ है। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि सरदार पटेल की भावनाओं के अनुरूप लोगों के जीवन में समृद्धि भी लानी होगी। इसको लेकर उनके संदेश अत्यंत प्रेरणादायी रहे हैं। पिछले एक दशक से हम इसी मार्ग पर चल रहे हैं। सोमनाथ हमें याद दिलाता है कि जब कोई समाज अपनी आस्था, अपनी संस्कृति और अपनी एकता से जुड़ा रहता है, तब उसे लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता। आज भी हमारी सबसे बड़ी शक्ति यही साझा चेतना है, यही एकात्म भाव है।

मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं, जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। वहां आप भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा, जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा।

### आमने सामने



अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है, तो ईवीएम कैसे सुरक्षित है? ईवीएम में बेईमानी क्यों नहीं हो सकती? भाजपा झूठ की सोन पापड़ी है। एक झूठ की परत के ऊपर दूसरी परत चढ़ा देती है। प्रोपेगेंडा भाजपा का टार्गेटेड कैंपेन है। वो जनता को डराकर चुनाव लड़ती है।

–अखिलेश यादव, सपा मुखिया

समाजवादी पार्टी के मुखिया की हालिया प्रेस कॉन्फ्रेंस में (बंगाल) हार की बौखलाहट और फ्रस्ट्रेशन साफ उनके चेहरे पर दिखाई दे रहा है। अखिलेश यादव चुनावी हार के बाद मनगढ़ंत तरीके से ईवीएम और चुनाव आयोग पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि यह कोई नई बात नहीं है।

–अनिल राजभर, मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार



## 'नमामि' मिशन की जमीनी हकीकत




सुमन कुमार सिंह

वरिष्ठ पत्रकार


भारत की विशाल पांडुलिपि संपदा के डिजिटलीकरण की दिशा में पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय पहल की गई है, परंतु जमीनी स्तर पर स्थिति अब भी असमान है।

राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (नमामि) के तहत भारत की विशाल पांडुलिपि संपदा के डिजिटलीकरण की दिशा में पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय पहल की गई है। वर्ष 2024 के बाद इसे 'ज्ञान भारतम् मिशन' के रूप में पुनर्गठित किया गया, जिससे अपेक्षा थी कि यह प्रयास और अधिक गति और प्रभावशीलता के साथ आगे बढ़ेगा। परंतु जमीनी स्तर पर स्थिति अब भी असमान है और यह पहल अनेक संरचनात्मक तथा प्रशासनिक चुनौतियों से घिरी हुई दिखाई देती है।

हाल के दिनों में बिहार एवं देश अन्य हिस्सों से यह समाचार मिल रहे हैं कि जिला प्रशासन की पहल पर सैकड़ों वर्ष पुरानी पांडुलिपियों को डिजिटलीकरण के लिए एकत्र किया जा रहा है। यह पहल पहली दृष्टि में अत्यंत सकारात्मक और स्वागतयोग्य प्रतीत होती है, क्योंकि इससे स्थानीय स्तर पर सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ती है, किंतु इसके साथ यह आशंका भी जुड़ी रहती है कि कहीं यह प्रयास केवल औपचारिकता या सोशल मीडिया पर प्रचार तक सीमित न रह जाए।

इतिहास में जब भी प्रशासनिक स्तर पर विरासत संरक्षण की बात होती है, तो अलेक्जेंडर कनिंघम जैसे उदाहरण याद आते हैं, किंतु समकालीन संदर्भ में यह भी स्पष्ट है कि कुछ अपवादों को छोड़कर प्रशासनिक तंत्र में इस दिशा में दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का अभाव रहा है। यही कारण है कि अनेक योजनाएं प्रारंभ तो होती हैं, परंतु उनमें निरंतरता और संस्थागत स्थायित्व नहीं बन पाता।

डिजिटलीकरण के संदर्भ में 'कृति संपदा' जैसे राष्ट्रीय डेटाबेस के माध्यम से लाखों पांडुलिपियों का पंजीकरण किया गया है। भंडारकर प्राच्य अनुसंधान संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय तथा अन्य पांडुलिपि संसाधन केंद्रों में स्कैनिंग, मेटाडेटा निर्माण और संरक्षण का कार्य जारी है। इसके बावजूद, पांडुलिपियों का राज्यवार सटीक और अद्यतन सार्वजनिक डेटा अभी भी एकीकृत रूप में उपलब्ध नहीं है, क्योंकि यह प्रक्रिया निरंतर चल रही है और विभिन्न संस्थानों के माध्यम से चरणबद्ध ढंग से अद्यतन होती रहती है।

उपलब्ध सूचनाओं के अनुसार, पांडुलिपियों की अधिकतम संख्या तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों में पाई जाती है, जहां मंदिरों, मठों और निजी संग्रहों में इनका विशाल भंडार सुरक्षित है। वहीं राजस्थान और गुजरात में जैन तथा संस्कृत पांडुलिपियों की समृद्ध परंपरा है। उत्तर प्रदेश और बिहार में ऐतिहासिक पुस्तकालयों और विद्वत केंद्रों के कारण उल्लेखनीय संग्रह मौजूद हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर में तिब्बती, फारसी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं की पांडुलिपियां महत्वपूर्ण हैं।

कुल मिलाकर, भारत में लगभग 45–50 लाख पांडुलिपियों का अनुमान है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा अभी भी अपंजीकृत या निजी हाथों में है। ऐसे में 'ज्ञान भारतम् मिशन' का कार्य केवल संग्रह तक सीमित नहीं है, बल्कि इन विविध स्रोतों को एकीकृत कर एक विश्वसनीय राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना भी है। इसके बावजूद, इस विशाल संख्या की तुलना में डिजिटलीकरण की गति अभी भी धीमी है। कई परियोजनाएं तकनीकी उन्नयन, सतत वित्तपोषण और डेटा की सार्वजनिक उपलब्धता के अभाव में अधूरी रह जाती हैं।

इस पूरी प्रक्रिया में सबसे बड़ी बाधा देश के अधिकांश पुस्तकालयों की जर्जर स्थिति है। बड़े और प्रतिष्ठित संस्थानों को छोड़ दें तो जिला, विश्वविद्यालय और निजी संग्रहालयों में बुनियादी अवसंरचना का अभाव है। नियंत्रित तापमान, आर्द्रता प्रबंधन, प्रशिक्षित संरक्षक और उच्च गुणवत्ता वाले स्कैनिंग उपकरणों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कई पुस्तकालय आज भी पारंपरिक सूचीकरण तक सीमित हैं और कुछ स्थानों पर तो न्यूनतम स्टाफ भी उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप, वित्तीय संसाधनों की कमी डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को गंभीर रूप से प्रभावित करती है।

मानव संसाधन का संकट भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पांडुलिपि विज्ञान और संरक्षण के क्षेत्र में प्रशिक्षित विशेषज्ञों की संख्या अत्यंत सीमित है। यद्यपि मिशन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, परंतु उनका प्रभाव और विस्तार अभी पर्याप्त नहीं है।

आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो नमामि की सबसे बड़ी चुनौती 'नीति और क्रियान्वयन के बीच का अंतर' है। एक ओर इसकी परिकल्पना व्यापक और दूरदर्शी है, वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर संस्थागत समन्वय, तकनीकी मानकीकरण और सतत् वित्तपोषण का अभाव इसकी गति को सीमित करता है। डिजिटलीकरण के बाद भी डेटा की ओपन-एक्सेस उपलब्धता सीमित है, जिससे शोधार्थियों और आम जनता को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## प्रोफेसरों के नोट्स

हमारे यहां के प्रोफेसरों का आलम यह है कि वे एक ही विषय को सालों साल पढ़ाते रहते हैं। उनके पढ़ाने में कोई बेहतरी नजर नहीं आती। कोई नई अंतर्वस्तु नजर नहीं आती। उनके क्लास नोट्स में कोई नयापन या नई ठोस सामग्री और समझ नहीं होती। इसके विपरीत स्थितियां देखें, मैं इन दिनों मिशेल फूको के कक्षा में दिए गए व्याख्यान या यों कहें क्लास नोट्स पढ़ रहा हूं, उनमें गजब की मेहनत नजर आती है।




जगदीश्वर चतुर्वेदी

पूर्व अध्यक्ष हिंदी विभाग कलकत्ता यूनिवर्सिटी


मिशेल फूको College de France में 1971 से लेकर मृत्यु पर्यंत प्रोफेसर रहे, वहां नियम था कि प्रोफेसर को साल में 26 घंटे पढ़ाना है, इनमें आधे समय उनको सेमीनार के रूप में बोलना होता है और हर साल नई रिसर्च करके पढ़ाना होता था। वहां पाठ्यक्रम एकदम खुले होते थे, किसी किस्म के नामांकन की जरूरत नहीं होती थी, शर्त एक होती थी जो विषय चुना है, उस पर हर साल नया शोध करके लेक्चर दो। इस क्रम में मिशेल फूको के क्लास नोट्स सामने आए।

अब तस्वीर का दूसरा पहलू देखें। हिंदी में जो आए दिन फूको-फूको करते रहते हैं या फिर पश्चिम के विद्वानों को उद्धृत करके किताबें लिखते रहते हैं, व्याख्यान देते रहते हैं, उनमें से अधिकांश तो ठीक से कक्षा में पूरे समय पढ़ाने तक नहीं जाते, उनके क्लास नोट्स मिल जाएं तो आपको शर्मिंदा होना पड़ेगा।

मसलन, नामवर सिंह के क्लास नोटस प्रकाशित हो चुके हैं, वे किसी भी तरह एक प्रोफेसर के नोट्स नहीं लगते। खासकर एक ऐसे प्रोफेसर के नोट्स तो एकदम नहीं लगते, जो दुनियाभर के साहित्य का गंभीर अध्येता रहा हो। हिंदी में रामचंद्र शुक्ल के साहित्य इतिहास को देखें या फिर हजारी प्रसाद द्विवेदी के दिए गए व्याख्यानों को देखें, तो एकदम नए किस्म का अध्यापकीय विवेक और शोधदृष्टि सामने आएगी।

रामचंद्र शुक्ल ने एमए हिंदी के विद्यार्थियों को इतिहास पढ़ाते समय जो नोट्स बनाए, उनके आधार पर बाद में हिंदी साहित्य का इतिहास नामक महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखा। द्विवेदी ने आदिकाल नामक किताब में अपने व्याख्यान शामिल किए हैं, इनमें एकदम नई सामग्री है, यही स्थिति उनकी व्याख्यानों की किताब मध्यकालीन बोध का स्वरूप की है। वहां पर मध्यकाल पर एकदम नए नजरिए से विचार किया गया है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## एनसीईआरटी किताबें विवादों में घिरी

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी (एनईपी), 2020 के तहत विकसित किया गया नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ), 2023 भारत में स्कूली शिक्षा के लिए एक विस्तृत गाइडलाइन है, इसका मकसद छात्रों को इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों के लिए तैयार करना है, जिसमें होलिस्टिक डेवलपमेंट, कॉम्पिटेंसी-बेस्ड लर्निंग और इनक्लूसिविटी अर्थात समावेशिता पर जोर दिया गया है। स्कूली शिक्षा को चार चरणों में बांटा गया है। फाउंडेशनल (3-8 वर्ष), प्रिपरेटरी (8-11 वर्ष), मिडिल (11-14 वर्ष) और सेकेंडरी (14-18 वर्ष) कॉम्पिटेंसी-बेस्ड लर्निंग यानी रोट मेमोराइजेशन के बजाय कौशल आधारित शिक्षा पर जोर, फ्लेक्सिबल सब्जेक्ट चॉइस यानी सेकेंडरी स्तर पर छात्रों को विषय चुनने की आजादी, होलिस्टिक डेवलपमेंट यानी शारीरिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास पर ध्यान और इनक्लूसिविटी मायने सभी छात्रों के लिए समान अवसर तय करना है, नतीजतन उद्देश्य स्कूल पाठ्यक्रम और पठन-पाठन की सामग्री को विकसित है।




खालिद जीलानी

एक्टिविस्ट


राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की क्लास एक से लेकर आठ तक नई किताबें बाजार में आने के साथ ही विवादों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। मुद्दा एक नहीं लोगों को कई चीजों पर ऐतराज है। एनसीईआरटी पर इतिहास को सांप्रदायिक दृष्टिकोण से पेश करने के आरोप लग रहे हैं। मुगल साम्राज्य के बारे में कुछ अध्यायों को हटाने का फैसला किया गया, जिसका इतिहासकारों और शिक्षकों ने विरोध किया। देश के कई शहरों में एनसीईआरटी की नकली किताबों का जखीरा बरामद हुआ, जिससे शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठे हैं,

पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आठवीं क्लास की सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार नामक एक खंड का स्वतः संज्ञान लिया था। अदालत ने इस पाठ्यपुस्तक की भौतिक या ऑनलाइन प्रतियों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी थी।


वर्तमान, नये शैक्षणिक सत्र की किताबें मार्केट में हैं। पहले एनसीईआरटी की फाउंडेशनल से लेकर मिडिल क्लासों की भाषाई पाठ्य पुस्तकों के नाम भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों और क्लासिकल रागों के नाम पर रखे जाने पर आपत्ति जताई गई। अब नई किताबों में पुरानी किताबों के कुछ संदर्भ न होने को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। सातवीं की सोशल साइंस की किताब में मुगलों व दिल्ली सल्तनत के संदर्भों को हटा दिया गया है। भारतीय राजवंशों पर चैप्टर, महाकुंभ का संदर्भ, मेक इन इंडिया, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, चार धाम, धार्मिक यात्राओं जैसी योजनाओं के बारे में बताया गया है।

सोशल साइंस की नई किताब में मगध, मौर्य, शुंग और सातवाहन जैसे प्राचीन भारतीय राजवंशों पर नए चैप्टर शामिल किए गए हैं। पवित्र भूगोल (सेक्रेड साइट) अब दुनिया भर में एक मान्यता प्राप्त एकेडमिक डिसिप्लिन है, भारत के अनूठे मामले पर कई अध्ययन हुए हैं। स्वतंत्रता के बाद से ही कई शैक्षिक आयोगों और शिक्षाविदों ने हमारे बच्चों में राष्ट्रीय एकीकरण की भावना पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। यह चैप्टर ऐसी भावना विकसित करने के कई संभावित तरीकों में से एक है। एनसीईआरटी किताब का टाइटल आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, ब्रह्मगुप्त और श्रीनिवास रामानुजन जैसे महान भारतीय गणितज्ञों के योगदान को दर्शाता है। देश के हर राज्य की संस्कृति को किताबों के माध्यम से बताया गया है। किताब के एक चैप्टर ऑल इंडियंस में बारह राज्यों के बारे में जानकारी दी गई है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

वैज्ञानिकों ने काफी समय तक निगरानी करते हुए मालूम किया है कि रात में खाने के लिए शिकार ढूंढने वाले जीव-जंतु चांदनी रातों में बेहतरी से और अधिक ऊर्जा से शिकार करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि चांदनी ही उन्हें अतिरिक्त शक्ति प्रदान करती है। यह स्टडी साइंस एडवांसेज जर्नल पहली मई 2026 के अंक में 'मूनलाइट ड्राइव्स द एनर्जी बैलेंस एंड एनुअल साइकिल ऑफ नॉक्टर्नल फोरेजर' शीर्षक से स्पेन के साथ वैज्ञानिकों ने संयुक्त रूप से प्रकाशित की है। इस स्टडी की अहमियत पक्षियों के रात्रिकालीन व्यवहार, इनकी फिटनेस, शिकार पकड़ने की शक्ति के संचय के लिए चांदनी के प्रकाश की जरूरत और पारिस्थिकी संतुलन के लिए मानी गई है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक



# शिकारी जीवों को ताकत देती है चांदनी

## चंद्रमा की रोशनी से जुड़ी प्रतिक्रियाएं


ज्यादातर जीव-जंतु कई समय-सीमाओं में होने वाले समय-समय पर होने वाले पर्यावरणीय बदलावों का सामना करते हैं। ये बदलाव आकाशीय पिंडों की घूमने और अपनी जगह बदलने वाली गतियों के कारण भी होते हैं, जिससे जीवों में भू-भौतिकीय चक्रों के हिसाब से ढलने की क्षमता विकसित होती है। इन बदलावों में, उदाहरण के लिए, प्रजनन और जीवित रहने के लिए संसाधनों की तलाश में मौसम के हिसाब से एक जगह से दूसरी जगह जाना, संसाधनों की बहुतायत के समय ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा लेने के लिए पाचन क्रिया को समायोजित करना और उपवास के दौरान ऊर्जा बचाने के लिए शरीर के तापमान और चयापचय दर में नियंत्रित कमी करना शामिल हैं।

चमगादड़ से लेकर गीदड़, मेंढक, लोमड़ी और सांप जैसे रात में सक्रिय रहने वाले जीवों के लिए चंद्रमा का चक्र, रात की रोशनी का एक दोहराया जाने वाला पैटर्न बनाता है, जो उनके व्यवहार, शारीरिक बनावट और जीवन-इतिहास की विशेषताओं को आकार देता है। चंद्रमा की रोशनी से जुड़ी प्रतिक्रियाएं हवा, जमीन और पानी के पारिस्थितिक तंत्रों में अलग-अलग पोषण स्तरों पर दर्ज की गई हैं, जिससे यह पता चलता है कि चंद्रमा का चक्र वैश्विक स्तर पर पारिस्थितिक प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकता है। इसके बावजूद, जीवों की पारिस्थितिकी और विकास पर चंद्रमा के चक्र के प्रभावों को अभी भी ठीक से समझा नहीं गया है, क्योंकि रात में खुले वातावरण में रहने वाले जीवों का अध्ययन करने में कई तरह की स्वाभाविक चुनौतियां आती हैं।



## नाइटजार पक्षी

नाइटजार एक विश्वव्यापी समूह है, जिसमें ऐसे हवाई कीटभक्षी पक्षी शामिल हैं, जो सुबह और शाम के धुंधलके में या रात में सक्रिय रहते हैं। ये मुख्य रूप से कम रोशनी वाली स्थितियों में भोजन की तलाश करते हैं और दिन के समय बिना हिले-डुले आराम करते हैं, जिससे ये जीवों के व्यवहार और शारीरिक बनावट पर चंद्रमा की रोशनी के प्रभावों की जांच करने के लिए एक बेहतरीन माध्यम बन जाते हैं। कई प्रजातियों पर किए गए पिछले अध्ययनों में चंद्रमा के चक्र और रोजाना भोजन की तलाश करने की गतिविधि, साथ ही प्रजनन और प्रवास जैसे ऊर्जा की ज्यादा खपत वाले वार्षिक जीवन-इतिहास की घटनाओं के समय के बीच संबंध पाए गए हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि चंद्रमा की रोशनी ऊर्जा प्राप्त करने की प्रक्रिया पर समय-समय पर कुछ सीमाएं लगा सकती है। हालांकि चंद्रमा की रोशनी को किसी जीव की व्यक्तिगत गतिविधि, ऊर्जा के बंटवारे और जीवन-इतिहास से जुड़े फैसलों से जोड़ने वाले तंत्रों को अभी भी ठीक से समझा नहीं गया है। नाइटजार सुबह और शाम के धुंधलके में भोजन की तलाश के छोटे-छोटे समय-अंतरालों के दौरान कीड़ों को पेट भर खा सकते हैं और शरीर के तापमान में अस्थायी कमी (जिसे 'टॉरपोर' कहते हैं) करके अपनी चयापचय लागत को कम कर सकते हैं। ये ऐसी रणनीतियां हैं, जो संभवतः उन्हें बिना चंद्रमा वाली रातों में भोजन की तलाश के लिए मिलने वाले बहुत ही कम समय का सदुपयोग करने में सक्षम बनाती हैं। ये सभी विशेषताएं मिलकर नाइटजार पक्षियों को एक बेहतरीन मॉडल के रूप में स्थापित करती हैं, जिससे यह समझने में मदद मिलती है कि चंद्रमा के चक्र किस तरह रात में सक्रिय रहने वाले जीवों के व्यवहार, शरीर-क्रिया विज्ञान और जीवन-इतिहास से जुड़े समझौतों को प्रभावित करते हैं। लाल गर्दन वाले नाइटजारों (Caprimulgus ruficollis, जिन्हें आगे नाइटजार कहा जाएगा) का अध्ययन किया गया। उद्देश्य यह समझना था कि चंद्रमा का चक्र उनकी रोजाना की भोजन खोजने की आदतों और सफलता को कैसे प्रभावित करता है। भोजन खोजने के दौरान चांदनी से जुड़ी बाधाएं किसी पक्षी के ऊर्जा भंडार और ऊर्जा बचाने वाले तरीकों (जैसे कि 'टॉरपोर' या सुप्तावस्था) के इस्तेमाल पर कैसे असर डालती हैं, और ये प्रभाव किस तरह मिलकर वार्षिक जीवन-चक्र की मुख्य घटनाओं जैसे कि प्रजनन, पंख झड़ना और प्रवास को एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठाने में मदद करते हैं। भोजन खोजने में मिली सफलता, ऊर्जा की प्राप्ति और प्रजनन व पंख झड़ने के लिए समय के बंटवारे का आकलन करने के लिए, शोधकर्मियों ने स्पेन के 'दोनाना' क्षेत्र से 2011 से 2020 के बीच इकट्ठा किए गए लंबे समय के क्षेत्रीय आंकड़ों का उपयोग किया। उड़ान संबंधी गतिविधियों, टॉरपोर की स्थिति और प्रवास के समय पर नजर रखने के लिए सन् 2016 से 2020 के दौरान 74 वयस्क नाइटजारों पर विशेष रूप से तैयार किए गए छोटे आकार के 'मल्टीसेंसर डेटा लॉगर' लगाए गए थे। इसके अलावा, पांच अन्य पक्षियों पर 'ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम' लॉगर भी लगाए गए थे।







## क्या कहते हैं शोध


शोध के नतीजों से नाइटजार में चांद के समय के हिसाब से कई अडैप्टेशन होने और उनके आपस में तालमेल बिठाने का सपोर्ट मिलता है, जिससे वे अमावस्या के आसपास अकाल का समय झेल पाते हैं। इन अडैप्टेशन में हाइपोथर्मिया में जाने की क्षमता, शरीर के रिजर्व को साइकल के हिसाब से फिर से भरना और थोड़े समय के लिए बहुत ज्यादा खाना स्टोर करने की क्षमता बनाए रखना शामिल है। हम दिखाते हैं कि चांद से जुड़े ऐसे काउंटरमेजर का इस्तेमाल सिर्फ थोड़ा या कुछ समय के लिए किया जाता है, शायद फिटनेस कॉस्ट के कारण जो सालाना साइकिल में अलग-अलग होती है, जिसके नतीजे में जीवन-इतिहास की घटनाओं का चांद के साथ पहले से तय सिंक्रोनाइजेशन होता है।

नाइटजार कीड़ों के शिकारी और बड़े जानवरों के शिकार, दोनों के तौर पर एक अहम ट्रॉफिक जगह रखते हैं अर्थात भोजन को एक इनाम के तौर से प्राप्त करना। इसलिए, चांद की वजह से होने वाले उनके रोजाना के खाने की एक्टिविटी और एनर्जी बैलेंस में उतार-चढ़ाव कम्युनिटी में फैल सकते हैं, जिससे शिकार की आबादी और शिकारी-शिकार के बीच बातचीत पर इनडायरेक्ट असर पड़ सकता है और आखिर में, बड़े इकोसिस्टम के काम करने के तरीके पर भी असर पड़ सकता है।

यह स्टडी अंधेरे में जीवन के लिए चांदनी की अहमियत को दिखाती है और ऐसे संभावित अडैप्टेशन का पता लगाती है, जो जीवों को रात के समय की जगह का फायदा उठाने में मदद करते हैं। यह रात में रहने वाले जीवों की सालाना साइकिल ट्रैकिंग स्टडीज में इकोलॉजिकल एनर्जी को शामिल करने की जरूरत पर भी जोर देता है, जो रात की इकोलॉजी को आगे बढ़ाने के लिए एक जरूरी कदम है, खासकर तब जब दुनियाभर में ज्यादा से ज्यादा स्पीसीज रात में रहने वाले जीव बन रहे हैं। अपने आसपास भी हम पक्षियों के व्यवहार में कुछ परिवर्तन देख सकते हैं जोकि शहरी इलाकों, शहर के बाहरी इलाकों और खेतों में विचरण करने और घोंसला बनाकर संतोनात्पत्ति के कार्य में व्यस्त रहते हैं। भारत में ऐसे अध्ययन किए गए हैं। यह भी देखा गया है कि माइग्रेटरी बर्ड्स ज्यादातर चांदनी रातों में ही एक से दूसरे स्थान पर बहुत लंबी दूरी तक उड़ते हैं। सन् 2000 में मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चमगादड़ों पर ऐसा ही एक अध्ययन लंदन से प्रकाशित जूलॉजी जर्नल में किया था। इसमें यह भी बताया गया कि शहरों के आकाश में कृत्रिम विद्युत रोशनी की चमक इन रात्रिकालीन शिकारियों के व्यवहार और इनके ब्रीडिंग और फोरेज़िंग पैटर्न पर विपरीत असर डालती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

## अंतरिक्ष में डकार लेना क्यों होता है मुश्किल



पृथ्वी पर डकार लेना एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। जब हम भोजन करते हैं या पानी पीते समय हवा निगल लेते हैं, तो वह गैस पेट में जमा हो जाती है और बाद में डकार के रूप में बाहर निकलती है। यहां गुरुत्वाकर्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह भोजन और तरल पदार्थों को पेट के निचले हिस्से में बनाए रखता है, जबकि गैस ऊपर की ओर आ जाती है और आसानी से मुंह के रास्ते बाहर निकल जाती है। वहीं अंतरिक्ष में स्थिति बिल्कुल अलग होती है। वहां लगभग शून्य गुरुत्वाकर्षण यानी माइक्रोग्रैविटी होती है। ऐसी अवस्था में गैस, तरल और ठोस पदार्थ अलग-अलग परतों में नहीं बंट पाते। परिणामस्वरूप पेट में मौजूद हवा भोजन और तरल के साथ मिश्रित रहती है। यही कारण है कि अंतरिक्ष यात्री सामान्य तरीके से डकार नहीं ले पाते। यदि वे डकार लेने की कोशिश करें, तो गैस के साथ पेट का तरल पदार्थ और भोजन भी मुंह तक आ सकता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में 'वेट बर्प' कहा जाता है, जो काफी असहज अनुभव हो सकता है।

इसी वजह से अंतरिक्ष यात्रियों के खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाता है। उन्हें ऐसे खाद्य पदार्थ कम दिए जाते हैं, जो पेट में ज्यादा गैस बनाते हों, जैसे कार्बोनेटेड ड्रिंक्स या अत्यधिक मसालेदार भोजन। अंतरिक्ष मिशनों में भोजन को इस प्रकार तैयार किया जाता है कि वह आसानी से पच जाए और गैस की समस्या कम पैदा करे। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार, अंतरिक्ष में केवल डकार ही नहीं, बल्कि शरीर की कई सामान्य प्रक्रियाएं भी बदल जाती हैं। उदाहरण के लिए, माइक्रोग्रैविटी के कारण शरीर के तरल पदार्थ ऊपर की ओर खिसकने लगते हैं, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों का चेहरा सूजा हुआ दिखाई देता है। वहीं पैरों में रक्त और तरल कम पहुंचता है। अंतरिक्ष में पाचन तंत्र भी पृथ्वी की तुलना में अलग तरीके से काम करता है। कई अंतरिक्ष यात्रियों ने बताया है कि वहां भोजन का स्वाद थोड़ा फीका लगता है, क्योंकि शरीर के तरल ऊपर आने से नाक बंद जैसी स्थिति बन जाती है। यही कारण है कि अंतरिक्ष यात्री अधिक तीखे और मसालेदार भोजन को पसंद करने लगते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि लंबे अंतरिक्ष मिशनों जैसे मंगल ग्रह की यात्रा के लिए मानव शरीर पर माइक्रोग्रैविटी के प्रभावों को समझना बेहद जरूरी है। डकार जैसी छोटी लगने वाली प्रक्रिया भी अंतरिक्ष विज्ञान में महत्वपूर्ण शोध का विषय बन चुकी है। यह दिखाता है कि पृथ्वी पर सामान्य दिखने वाली हमारी कई शारीरिक क्रियाएं वास्तव में गुरुत्वाकर्षण पर कितनी निर्भर हैं।

# अमेजन जंगल क्यों माना जाता है रहस्यमयी

अमेजन का वर्षावन, जिसे 'पृथ्वी का फेफड़ा' भी कहा जाता है, सदियों से मानव जाति के लिए कौतूहल और रहस्य का केंद्र रहा है। दक्षिण अमेरिका के नौ देशों में फैला यह विशाल जंगल न केवल अपनी जैव-विविधता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां छिपे अनगिनत अनसुलझे रहस्य इसे दुनिया के सबसे रहस्यमयी जगहों में से एक बनाते हैं। अमेजन में पौधों और जीवों की इतनी प्रजातियां हैं कि वैज्ञानिकों का मानना है कि हमने अभी तक केवल 10 प्रतिशत हिस्से को ही समझा है। हर साल यहां दर्जनों नई प्रजातियों की खोज होती है, जिससे यह सवाल उठता है कि इस घने अंधेरे विस्तार में और क्या-क्या छिपा हो सकता है?

## 'उबलती हुई नदी' का रहस्य

पेरू के जंगलों के बीच 'शनाय-तिम्पिशका' (Shanay-timpishka) नाम की एक नदी बहती है, जिसका पानी खौलता रहता है। यहां का तापमान 90 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जिसमें कोई भी जीव जीवित नहीं रह सकता। सबसे रहस्यमयी बात यह है कि इस नदी के पास कोई सक्रिय ज्वालामुखी नहीं है, फिर भी इसका पानी कैसे उबलता है, यह आज भी वैज्ञानिकों के लिए शोध का विषय है।



## मिट्टी के पिरामिड

हाल ही में बोलिविया और ब्राजील के जंगलों के नीचे विशाल मिट्टी के पिरामिड और ऊंचे चबूतरे मिले हैं। ये संरचनाएं दर्शाती हैं कि यहां कभी भव्य धार्मिक स्थल थे। वैज्ञानिकों को यहां इंसान द्वारा बनाई गई बेहद उपजाऊ काली मिट्टी मिली है। यह मिट्टी हजारों सालों बाद भी उपजाऊ बनी हुई है, जो इस बात का सबूत है कि प्राचीन लोग खेती की उन्नत तकनीक जानते थे।

## छिपी हुई सभ्यताएं और 'एल डोरैडो'

हजारों वर्षों से यह माना जाता रहा है कि अमेजन के घने जंगलों के बीच सोने का शहर 'एल डोरैडो' छिपा है। हालांकि वह शहर तो नहीं मिला, लेकिन हालिया 'लिडार' (LiDAR) तकनीक के स्कैन से जंगल के नीचे विशाल संरचनाएं, सड़कें और नहरों के जाल मिले हैं। यह संकेत देते हैं कि प्राचीन काल में यहां एक बहुत बड़ी और विकसित सभ्यता निवास करती थी, जो अचानक विलुप्त हो गई।

## जनजातियां

अमेजन दुनिया के उन चुनिंदा जगहों में से एक है, जहां आज भी ऐसी जनजातियां रहती हैं, जिनका आधुनिक दुनिया से कोई संपर्क नहीं है। ये लोग अपनी आदिम जीवनशैली में मस्त हैं और बाहरी दुनिया के लिए एक पहेली बने हुए हैं। वे कौन सी भाषा बोलते हैं और उनके पास प्रकृति के क्या रहस्य हैं, यह कोई नहीं जानता।

## प्रतिकूल वातावरण और 'अंधेरा'

अमेजन का घनत्व इतना अधिक है कि सूर्य की रोशनी जंगल की सतह तक मुश्किल से पहुंच पाती है। यहां का वातावरण इतना चुनौतीपूर्ण है कि आधुनिक तकनीक के बावजूद इसके कई हिस्सों में प्रवेश करना लगभग असंभव है। कई खोजकर्ता इस जंगल में गए और कभी वापस नहीं लौटे, जिससे इसके साथ 'शापित' या 'खतरनाक' होने की कहानियां जुड़ गईं।



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2595, राज श्री 1950, फ़ॉर्चून कि. 2700, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2370, जय जवान 2125, सचिन 2340, सूरज 2125, अवसर 2125, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2330, चक्र टिन 2565, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2440, स्वास्तिक 2550
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400, लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12200, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500, चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारिकेश 4320, बहेड़ी 4300, सितारगंज 4270

## बिजनेस ब्रीफ

### एप्पल और क्लीनमैक्स करेंगे ऊर्जा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली।** भारत में विभिन्न स्थानों पर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए क्लीनमैक्स और एप्पल ने 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की साझेदारी की है। क्लीनमैक्स ने गुरुवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इस साझेदारी के तहत दोनों कंपनियों का लक्ष्य देश के वाणिज्यिक एवं औद्योगिक (सीएंडआई) खंड की जरूरतों को स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की तैनाती के माध्यम से पूरा करना है। यह समझौता कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में तेजी लाने के उद्देश्य से किया गया है।

### रुपया 27 पैसे मजबूत 94.22 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती गिरावट से उबरते हुए गुरुवार को 27 पैसे की बढ़त के साथ 94.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। ब्रेंट क्रूड और अमेरिकी डॉलर सूचकांक के अपने ऊपरी स्तर से नीचे आने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच शांति की उम्मीदों से ब्रेंट क्रूड की कीमतें 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गई हैं। आज यह डॉलर के मुकाबले 94.77 पर खुला था। बुधवार को रुपया 69 पैसे मजबूत होकर 94.49 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

# उत्पादन ही काफी नहीं, निर्यात क्षमता भी बढ़ानी होगी : शिवराज

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अब केवल उत्पादन बढ़ाने से काम नहीं चलेगा, बल्कि गुणवत्ता, शेल्फ लाइफ, प्रोसेसिंग और निर्यात क्षमता को मजबूत करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

इतना ही नहीं, भारत को वैश्विक फल बाजार में मजबूत पहचान दिलाने के लिए उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, लॉजिस्टिक्स और निर्यात तक पूरी वैल्यू चेन को आधुनिक बनाना होगा।

केन्द्रीय मंत्री, गुरुवार को लखनऊ स्थित आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में आयोजित 'फ्रूट होराइजन 2026' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।



लखनऊ स्थित आईसीएआर-केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईएसएच) में कृषि विज्ञानी से बात करते केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

**फ्रूट होराइज़न 2026**

- **यूपी बनेगा प्रीमियम फल उत्पादन और निर्यात का बड़ा हब**
- **गुणवत्ता, सेल्फ लाइफ और निर्यात मानकों पर होगा विशेष फोकस**

उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए भारतीय फलों की गुणवत्ता सुधारना बेहद जरूरी है। सरकार अब शेल्फ लाइफ बढ़ाने, निर्यात के दौरान गुणवत्ता बनाए रखने और वैश्विक मानकों के अनुरूप उत्पादन पर विशेष ध्यान दे रही है। मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि जीरो रिजेक्शन और प्रीमियम क्वालिटी वाले फलों का उत्पादन भारत को निर्यात के क्षेत्र में नई ऊंचाई तक पहुंचा सकता है।

इसके लिए आधुनिक तकनीक, बेहतर पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन, पैकहाउस और प्रोसेसिंग सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से किसान, वैज्ञानिक, निर्यातक, नर्सरी संचालक, एफपीओ और फल प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी व कृषि विज्ञानी मौजूद रहे।

### बढ़ेगी किसानों की आय

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में यह निर्णय लिया गया कि आईसीएआर के वैज्ञानिक संस्थान, एपीडा, निर्यातक और अन्य एजेंसियां मिलकर एक विशेष टास्क फोर्स बनाएंगी। यह टास्क फोर्स उत्पादकों और निर्यातकों की समस्याओं का समाधान कर समयबद्ध एक्शन प्लान तैयार करेगी, जिससे किसानों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी।



'फ्रूट होराइजन 2026' में अपने ऑर्गेनिक फार्म में उगाये गये 'रोज एपल' के बारे में बताते बरेली के किसान अनिल साहनी।

### मिलेगा क्लीन प्लांट मिशन का लाभ

शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार के "क्लीन प्लांटिंग मैटेरियल प्रोग्राम" के तहत उत्तर प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने छोटे किसानों को बाजार और निर्यात से जोड़ने में एफपीओ, एफपीसी और स्वयं सहायता समूहों की भूमिका को अहम बताया। कार्यक्रम में यह भी जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड द्वारा कई निर्यातोन्मुख क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। जल्द ही जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी निर्यात परियोजनाएं प्रदेश को फल निर्यात के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित करेंगी।

## अल्कलाइन वॉटर में प्रतिबंधित पदार्थ मिलने पर गुजरात की एक कंपनी पर कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने 'अल्कलाइन वॉटर' बनाने वाली गुजरात की एक कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की है। उत्पाद पर गलत जानकारी देने, लेबलिंग नियमों का पालन नहीं करने और बिना अनुमति वाले एक पदार्थ का इस्तेमाल पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। प्रयोगशाला जांच में उत्पाद में फुल्विक एसिड की मौजूदगी की पुष्टि हुई।

भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि दोषी पाई गई कंपनी के खिलाफ कार्रवाई पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय के जरिए की गई। हालांकि कंपनी के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। यह कदम एक उपभोक्ता शिकायत के बाद उठाया गया, जिसे 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' पोर्टल पर दर्ज किया गया था। शिकायत में कहा गया था कि संबंधित खाद्य व्यवसाय संचालक (एफबीओ) ने उपभोक्ता की शिकायतों का समाधान नहीं किया। इसके बाद कंपनी की वडोदरा जिले के सावली स्थित विनिर्माण इकाई के लाइसेंस के बाद निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारियों को कई गंभीर खामियां मिलीं। उत्पाद के पैकेजिंग के सामने हिस्से पर नाम नहीं लिखा था। इसके अलावा, सामग्री की जानकारी भी नहीं दी गई थी।

# बुनियादी ढांचा सुधार से तेजी से बढ़ रहा उप्र का संपत्ति बाजार : यूपी-रेरा

## 2026 में 400 नई परियोजनाओं को दी जा सकती है मंजूरी, पिछले साल थीं 308

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (उप्र-रेरा) के चेयरमैन संजय आर भूसरेड्डी ने कहा है कि बुनियादी ढांचे में सुधार के चलते राज्य में संपत्ति बाजार तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उप्र-रेरा द्वारा 2026 में 400 नई परियोजनाओं को मंजूरी दी जा सकती है। पिछले कैलेंडर साल में यह आंकड़ा 308 रहा था।

उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण के चेयरमैन भूसरेड्डी ने कहा कि राज्य का संपत्ति बाजार अब केवल लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद तक ही सीमित नहीं है।

उन्होंने कहा कि कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, झांसी, हापुड़, बरेली, मेरठ, मुजफ्फरनगर और गोंडा जैसे अन्य शहरों में भी रियल एस्टेट गतिविधियों में तेजी आई है। भूसरेड्डी ने कह कि यूपी-रेरा ने 2023 के कैलेंडर वर्ष में 197 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। यह संख्या 2024 में बढ़कर 259 और 2025 में 308 हो गई। इस वर्ष अब तक हमने 108 परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि पूरे 2026 में 400 से अधिक परियोजनाओं को मंजूरी मिलने की संभावना है। रेरा अधिनियम के अन्तर्गत, रियल एस्टेट डेवलपर को अपनी परियोजनाओं को बिक्री के लिए पेश करने से पहले रेरा पंजीकरण प्राप्त करना आवश्यक है।

भूसरेड्डी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकास, जिसमें जेवर हवाई अड्डा भी शामिल है, के कारण रियल एस्टेट की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि जहां भी राज्य सरकार ने एक्सप्रेसवे विकसित किए हैं, वहां रियल एस्टेट क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है।




**रियल एस्टेट शिखर सम्मेलन में बोले यूपी रेरा अध्यक्ष- कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, अयोध्या, झांसी, हापुड़, बरेली, मेरठ, मुजफ्फरनगर और गोंडा जैसे अन्य शहरों में भी रियल एस्टेट गतिविधियों में आई है तेजी**

### खरीदार और विक्रेता के बीच रेरा अधिनियम के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण (रेरा) के चेयरमैन आनंद कुमार ने खरीदारों और विक्रेताओं दोनों के बीच रेरा अधिनियम के प्रति अधिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया। फिक्की के पूर्व अध्यक्ष और सोमानी इम्प्रेसा ग्रुप के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संदीप सोमानी ने कहा कि निवेशकों के बढ़ते भरोसे के बीच भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र वृद्धि के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है। एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विपुल रूंगटा ने कहा कि भारत का दो-तिहाई रियल एस्टेट बाजार आवास क्षेत्र से संबंधित है। उन्होंने कहा कि युवा और आकांक्षी आबादी की वजह से आवासीय इकाइयों की मांग बढ़ेगी।

## सेबी ने बंद किया शेयर ब्रोकरों के जोखिम का सुरक्षा प्रणाली मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को शेयर ब्रोकरों के लिए निवेशक जोखिम कम करने वाले मंच आईआरआरए को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा कि पूंजी बाजार में कामकाज जारी रखने की मजबूत व्यवस्था और साइबर सुरक्षा ढांचे के सशक्त होने से यह मंच अब अप्रासंगिक हो गया है। आईआरआरए (इन्वेस्टर रिस्क रिडक्शन एक्सेस) मंच एक अक्टूबर, 2023 को शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य ब्रोकरों को शेयर खरीद-बिक्री सेवाओं में बाधा आने की स्थिति में एक वैकल्पिक माध्यम उपलब्ध कराना था। सेबी के मुताबिक, शेयर बाजारों ने बताया है कि आईआरआरए मंच कभी भी उपयोग में नहीं आया था।

# एआई मॉडल 'माइथोस' के खतरे से सतर्क रहें बैंक

**मुंबई, एजेंसी**

- **आईबीए के सम्मेलन में वित्तीय सेवा सचिव ने बैंकों को चेताया**

वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम नागराजू ने गुरुवार को बैंकों से अपनी साइबर सुरक्षा एवं परिचालन मजबूती को सुदृढ़ करने का आह्वान करते हुए कहा कि एंथ्रोपिक माइथोस जैसे उन्नत कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होने की स्थिति में बैंकिंग प्रणाली के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं।

नागराजू ने यहां भारतीय बैंक संघ (आईबीए) की तरफ से आयोजित जोखिम प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे उम्मीद है कि बैंकिंग समुदाय इस स्थिति के लिए तैयार है, अगर 'माइथोस' देश में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा के मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि एआई कंपनी एंथ्रोपिक का 'माइथोस' मॉडल सिस्टम की पहचान करने और संभावित रूप से उसका दुरुपयोग करने की उन्नत क्षमता रखता है। इसने पुराने बैंकिंग तकनीकी ढांचे में मौजूद खामियों के कारण नियामकों के बीच चिंता बढ़ा दी है।

उन्होंने चेतावनी दी कि एक सफल साइबर हमला विभिन्न संस्थानों और बाजारों में तेजी से फैल सकता है। नागराजू ने बैंकों से अपनी तैयारियों का लगातार परीक्षण करने, साइबर क्षमताओं में निवेश बढ़ाने, घटनाओं से निपटने की प्रणाली को मजबूत करने को कहा।

# शिकायतों के अनुचित निपटान पर दूरसंचार कंपनियों पर 50 लाख रुपये तक जुर्माने का प्रस्ताव: ट्राई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार नियामक ट्राई ने बृहस्पतिवार को दूरसंचार कंपनियों के लिए ग्राहकों की शिकायतों के समाधान के लिए एक नई व्यवस्था का प्रस्ताव रखा। इसमें नियमों के उल्लंघन के मामलों में दूरसंचार कंपनियों पर प्रति तिमाही 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लगाने का सुझाव दिया गया है।

प्रस्तावित दूरसंचार उपभोक्ता शिकायत निवारण (चौथा संशोधन) विनियमन, 2026 के तहत सेवा प्रदाताओं के वेब पोर्टल, ऐप और चैटबॉट पर स्पष्ट शिकायत पंजीकरण सुविधा उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही पंजीकृत शिकायतों पर की गई कार्रवाई के बारे में उपभोक्ताओं को नियमित रूप से जानकारी प्रदान की जाएगी।

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के मसौदा पत्र के मुताबिक, यदि शिकायत की पड़ताल में यह पाया जाता है कि किसी शिकायत या अपील को अनुचित तरीके से खारिज किया गया है या असंतोषजनक ढंग से निपटाया गया है तो सेवा प्रदाता पर अनुचित तरीके से निपटान वाली हरेक शिकायत के मामले में 1,000 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

### यह भी है मसौदे में

नियमों के मसौदे में कहा गया है कि अपील को अनुचित तरीके से खारिज करने या निपटाने की स्थिति में, प्रत्येक गड़बडी के लिए 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। यह भी प्रस्ताव है कि प्रत्येक सेवा प्रदाता यह सुनिश्चित करेगा कि उपभोक्ता उनके वेब पोर्टल, वेबसाइट और मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से शिकायतें या अपीलें दर्ज करा सकें और अनुरोध या प्रश्न उठा सकें।

दूरसंचार संचालकों को ग्राहकों को अपनी संचार की श्रेणी चुनने का विकल्प प्रदान करना होगा, जिसमें शिकायत, अपील, सेवा अनुरोध या प्रश्न शामिल हैं। ट्राई ने इस पर पांच जून तक टिप्पणियां आमंत्रित की है।

## श्रमिकों के लिए मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया न 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के श्रमिकों के लिए राष्ट्रव्यापी निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की गुरुवार को शुरुआत की। दिल्ली स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मांडविया ने कहा कि चार श्रम संहिताओं का क्रियान्वयन देशभर के श्रमिकों के लिए सम्मान, कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को दर्शाता है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने इस अवसर को 'श्रम शक्ति' के सम्मान का दिन बताया।

# एचएएम सड़क परियोजनाएं देरी से चल रहीं, लेकिन कर्ज जोखिम फिलहाल स्थिर : क्रिसिल

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

देश में 'हाइब्रिड एन्युटी मॉडल' (एचएएम) यानी सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत बनाई जा रही सड़क परियोजनाओं का एक बड़ा हिस्सा निर्धारित समय से पीछे चल रहा है लेकिन उनकी ऋण जोखिम प्रोफाइल स्थिर बनी हुई है। क्रिसिल ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि रियायत समझौते में मौजूद सुरक्षा प्रावधानों के चलते इन परियोजनाओं के जोखिम पर ज्यादा असर नहीं पड़ा है। यह समझौता सरकार और निजी कंपनी के बीच होता है जिसमें कंपनी को कुछ शर्तों और भुगतान व्यवस्था के साथ किसी परियोजना के निर्माण एवं संचालन की अनुमति दी जाती है। एचएएम मॉडल के तहत सरकार निर्माण कंपनी को तय अवधि तक एक निश्चित भुगतान (एन्युटी) करती है। क्रिसिल ने कहा कि इन सड़क परियोजनाओं के निर्माण में देरी मुख्य रूप से रियायत देने वाले प्राधिकरण द्वारा समय विस्तार दिए जाने के कारण हुई। इसकी वजह यह है कि परियोजनाओं में विलंब के कारण निर्माण कंपनी के नियंत्रण से बाहर थे। एजेंसी ने बताया कि इसकी वजह से लागत बढ़ने के बावजूद अनुबंध में महंगाई से जुड़ी समायोजन व्यवस्था होने से ऋण प्रोफाइल पर असर सीमित ही रहेगा। करीब 75% मामलों में 'राइट ऑफ वे' यानी भूमि उपलब्धता का न होना निर्माण में देरी का मुख्य कारण है।



- **72 निर्माणाधीन परियोजनाओं के विश्लेषण के बाद जारी की रिपोर्ट**

इसके अलावा पर्यावरण एवं वन मंजूरी, डिजाइन स्वीकृति, स्थानीय निकायों की अनुमति में देरी और भारी बारिश एवं विरोध भी शामिल हैं। यह निष्कर्ष 72 निर्माणाधीन परियोजनाओं (करीब 2,600 किमी) के विश्लेषण पर आधारित है।

## राज्यों के जीडीपी की गणना के लिए दिशा निर्देश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सांख्यिकी मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को राज्यों के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की गणना के लिए 2022-23 को आधार वर्ष मानते हुए एक समान दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे सभी राज्यों में मानकीकृत ढांचे और प्रदर्शन की तुलनात्मकता तय की जा सकेगी।

राष्ट्रीय लेखा खातों की गणना के लिए आधार वर्ष को पहले ही 2022-23 में बदल दिया गया है ताकि नये आंकड़ों और विकसित हो रहे अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ बेहतर अनुमान पद्धतियों को शामिल करके अर्थव्यवस्था की संरचना को अधिक सटीक रूप से समझा जा सके। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस बदलाव के अनुरूप, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को क्षेत्रीय आर्थिक प्रदर्शन के आकलन में अधिक सटीकता, एकरूपता और तुलनात्मकता सुनिश्चित करने के लिए सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी)संकलन को नए आधार वर्ष को अपनाना जरूरी है।

इससे राज्य स्तरीय अनुमानों की एकरूपता, विश्वसनीयता के उद्देश्य से एक मानकीकृत ढांचा प्राप्त होगा।

# एमएमटीपी-पीएएमपी ने फिर शुरू किया डिजिटल सोना-चांदी खरीद का मंच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बहुमूल्य धातुओं को परिष्कृत करने वाली कंपनी एमएमटीसी-पीएएमपी डिजिटल रूप में सोने और चांदी की खरीद को फिर से शुरू कर दिया है। अब उपभोक्ता गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे साझेदार मंचों के अलावा कंपनी की वेबसाइट और एंड्रॉइड ऐप के माध्यम से सीधे डिजिटल सोने और चांदी की खरीदारी कर सकते हैं। कंपनी ने सबसे पहले 2017 में डिजिटल सोना और फरवरी, 2023 में चांदी की पेशकश की थी। हालांकि, बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव के लिए वेबसाइट को नया रूप देने के उद्देश्य से 2024 के अंत में सीधे मंच से बिक्री बंद कर दी गई थी।

कंपनी के सीएमडी समित गुहा ने कहा कि डिजिटल सोना और चांदी कीमती धातुओं के उद्योग में खरीदारी का एक पसंदीदा तरीका बनता जा रहा है। खासकर युवा और पहली बार निवेश करने वाले निवेशकों के बीच यह काफी लोकप्रिय है।



### मात्र दस रुपये से शुरू कर सकते हैं निवेश

इस सेवा के तहत ग्राहक मात्र 10 रुपये से सोने और चांदी में निवेश कर सकते हैं। प्रत्येक यूनिट के बदले में बीमाकृत, बैंक-स्तर की तिजोरियों में सुरक्षित भौतिक धातु मिलती है, जिसका ऑडिट एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष द्वारा किया है।

### चांदी 7,000 और सोना 600 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्थानीय बाजार में गुरुवार को सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। यह तेजी डॉलर में गिरावट और अमेरिका-ईरान शांति समझौते की उम्मीदों के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण आई है। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक मांग में सुधार के कारण चांदी की कीमत 7,000 रुपये बढ़कर 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। यह लगातार चौथा दिन है जब चांदी की कीमतों में तेजी आई है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 600 रुपये बढ़कर 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी।

**बदलाव** | कोफोर्ज का मुनाफा दोगुना, एआई से पैदा होंगे नए और ज्यादा लाभ वाले अवसर

# कामकाज का मॉडल बदल रहा एआई, पर बाजार नहीं होगा कम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी कोफोर्ज ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते इस्तेमाल से आईटी उद्योग का पारंपरिक 'लेबर-एज-ए-डिफॉल्ट' मॉडल बदल रहा है। हालांकि, कंपनी का मानना है कि इससे आईटी सेवाओं का बाजार छोटा नहीं होगा, बल्कि नए और ज्यादा मुनाफे वाले अवसर पैदा होंगे।

कंपनी का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना होकर 612.3 करोड़ रुपये पहुंच गया। एक साल पहले इसी अवधि में यह 308 करोड़ रुपये के आसपास था। वहीं, कंपनी का राजस्व 30 प्रतिशत बढ़कर 4,450.4 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 3,422.2 करोड़ रुपये था। कंपनी के सीईओ और कार्यकारी निदेशक सुधीर सिंह ने कहा कि एआई के बढ़ते इस्तेमाल से टेक्नोलॉजी सर्विस इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि एआई से कोड बनाना भले सस्ता हो, लेकिन उसका रखरखाव, सुरक्षा और संचालन महंगा पड़ता है। इसलिए आने वाले समय में एआई आधारित सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ेगी।



### एजेंट एआई बनेगा नया बड़ा बाजार

सुधीर सिंह ने कहा कि जैसे 20 साल पहले कंपनियां क्लाउड टेक्नोलॉजी की ओर बढ़ी थीं, वैसे ही अब "एजेंट एआई" नई तरह की मैनेज्ड सर्विसेज का बड़ा बाजार तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि एआई सिस्टम लागू होने के बाद कंपनियों को मॉडल की निगरानी करनी होगी। एआई एजेंट्स को दोबारा ट्रेन करना होगा और पूरे सिस्टम का संचालन संभालना होगा। इससे आईटी कंपनियों के लिए नए बिजनेस अवसर बनेंगे। कोफोर्ज ने निवेशकों को बताया कि फिलहाल एआई आधारित टेक्नोलॉजी सेवाओं का बाजार 160-180 अरब डॉलर का है। इसके अगले पांच वर्षों में 35 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए 800 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। कोफोर्ज ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने एआई पर 55 लाख डॉलर का निवेश किया।

### बढ़ती लागत से निपटने को प्रौद्योगिकी अपना रहा रियल एस्टेट क्षेत्र : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र बढ़ती लागत के दबाव और सख्त नियामकीय अनुपालन के बीच मूल्य श्रृंखला में दक्षता बढ़ाने के लिए तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों (टूल) को अपना रहा है। उद्योग मंडल फिक्की और केपीएमजी की एक संयुक्त रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रियल एस्टेट बाजार 2047 तक 5,800 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा जो 2025 में 650 अरब डॉलर का था। फिक्की और परामर्श कंपनी केपीएमजी की रिपोर्ट 'भारत के रियल एस्टेट परिदृश्य की पुनर्कल्पना – मूल्य श्रृंखला परिवर्तन में प्रौद्योगिकी की भूमिका' गुरुवार को यहां जारी की गई। फिक्की द्वारा आयोजित एक शिखर सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया कि ... यह क्षेत्र अब तेजी से डिजिटल और डेटा-आधारित माध्यमों को अपना रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### रूस की सेना ने यूक्रेन की ओर से दागे 347 ड्रोन को किया नष्ट

**कीव।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने रात भर में 347 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट किया। यह घटना मॉस्को द्वारा सप्ताह की शुरुआत में कीव के युद्धविराम प्रस्ताव को ठुकराए जाने और रूस के आगामी 'विजय दिवस' समारोह में सुरक्षा को लेकर बढ़ते तनाव के बाद एक बड़े हमले के रूप में सामने आई। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूक्रेन द्वारा किए गए हवाई हमलों में मॉस्को समेत 20 से अधिक क्षेत्रों में ड्रोन नष्ट किए गए। ये हमले रूस द्वारा चार साल पहले शुरू किए गए युद्ध के बाद यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा हवाई हमला था। इससे पहले मार्च में यूक्रेन ने 389 ड्रोन दागे थे। रूसी अधिकारियों ने यूक्रेन में शुक्रवार और शनिवार के लिए एकतरफा युद्धविराम की घोषणा की है।

### बांग्लादेश में खसरे का प्रकोप फैला, 12 और बच्चों ने तोड़ा दम

**ढाका।** बांग्लादेश में खसरे की महामारी से पिछले 24 घंटों में 12 और बच्चों की मौत हो गई है जिनमें एक बच्चे में खसरे की पुष्टि हुई थी, जबकि 11 बच्चों में खसरे जैसे लक्षण थे। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया है कि पूरे देश में 1,238 और बच्चों में खसरे के लक्षण पाए गए हैं। यह जानकारी 'प्रथम आलो' की रिपोर्ट में दी गई है। इनमें से 286 मामलों के प्रयोगशाला में पुष्टि हुई है। इससे पहले 4 मई को 24 घंटों के भीतर खसरे और खसरे के लक्षणों के कारण कम से कम 17 बच्चों की मौत हो गई थी। इसके साथ ही 15 मार्च से अब तक मरने वालों की कुल संख्या 279 हो गई है।

### जयशंकर ने सूरीनाम को दिया विकास में सहयोग का आश्वासन

**पारामारिबो।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत सूरीनाम की विकास क्षमता को पहचानता है और उसकी प्रगति यात्रा में एक भरोसेमंद सहयात्री बना रहेगा। जयशंकर ने संयुक्त आयोग की बैठक के बाद प्रेस से बातचीत करते हुए कहा कि भारत और सूरीनाम व्यापार, पर्यटन, डिजिटल क्षमताओं और कृत्रिम बुद्धिमत्ता सहित कई क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में द्विपक्षीय संबंधों के लिए अधिक महत्वाकांक्षी लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित किए गए।

# तीस्ता पर तनाव : भारत से जुड़ा मुद्दा लेकर चीन के पास पहुंचा बांग्लादेश

## तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना के लिए मांगी मदद, भारत से संबंधों पर पड़ेगा असर

**बीजिंग, एजेंसी**





तारिक रहमान के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने तीस्ता नदी पुनर्स्थापन परियोजना के लिए औपचारिक रूप से चीन से मदद मांगी है। इस कदम से भारत और बांग्लादेश के संबंधों के प्रभावित होने के आसार बढ़ गए हैं। चीन ने बांग्लादेश का समर्थन किया है, साथ ही उसके साथ पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग को और गहरा करने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।

बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी बांग्लादेश संगबाद संस्था (बीएसएस) के अनुसार, बांग्लादेश के विदेश मंत्री खलीलुर रहमान और चीन के उनके समकक्ष वांग यी के बीच बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में तीस्ता नदी व्यापक प्रबंधन एवं पुनर्स्थापन परियोजना (टीआरसीएमआरपी) से जुड़े मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से होते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है, जहां यह सिंचाई एवं लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत है।वांग ने नई बांग्लादेश सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि चीन उच्च गुणवत्ता वाली ''बेल्ट एंड रोड'' सहयोग परियोजना को बांग्लादेश की राष्ट्रीय विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और अर्थव्यवस्था, अवसंरचना एवं लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार चीन की कंपनियों को बांग्लादेश में निवेश के लिए भी प्रोत्साहित करेगी।

चीन के अनुसार, वांग ने जोर दिया कि बांग्लादेश और अन्य दक्षिण एशियाई देशों के साथ चीन के संबंधों का विकास किसी तीसरे पक्ष को लक्ष्य नहीं बनाता। तारिक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के फरवरी में सत्ता संभालने के बाद यह रहमान की चीन की पहली यात्रा है। वह पांच मई को यहां पहुंचे और बृहस्पतिवार को लौटेंगे। रहमान पिछले महीने भारत भी आए थे। भारतीय नेताओं के साथ उनकी वार्ता पर बीजिंग ने करीबी नजर रखी क्योंकि शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद यूनुस नीत अंतरिम प्रशासन के चीन और पाकिस्तान के करीब आने से ढाका और भारत के बीच संबंधों में तनाव आ गया था।

### पहले से तीस्ता के मुद्दे में दिलचस्पी दिखा रहा है चीन

चीन कई वर्ष से टीआरसीएमआरपी के विकास में रुचि दिखाता रहा है, जो भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी गलियारे के पास स्थित है। यह इसकी मुख्य भूमि को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ता है। इस पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी जो सीमा-पार नदी प्रबंधन पर ढाका के साथ सहयोग बढ़ाने के नई दिल्ली के प्रयासों को दर्शाता है। जल बंटवारा द्विपक्षीय संबंधों में एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है और गंगा नदी के शुष्क मौसम में जल बंटवारे को नियंत्रित करने के लिए 1996 में 30 वर्ष के लिए हस्ताक्षरित भारत-बांग्लादेश गंगा जल संधि को यदि नवीनीकृत नहीं किया गया तो यह इस वर्ष समाप्त होने वाली है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब हाल के वर्षों में चीन ने बांग्लादेश में अपनी आर्थिक एवं कूटनीतिक उपस्थिति का विस्तार किया है।

### चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को भ्रष्टाचार के मामले में मृत्युदंड

**बीजिंग।** चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों वी फेंघे और ली शांगफू को बृहस्पतिवार को भ्रष्टाचार के आरोपों में दो साल की राहत के साथ मौत की सजा सुनाई गई। सरकारी शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें अलग-अलग सजा दी। फेंघे को रिश्वत लेने के मामले में दोषी ठहराया गया, शांगफू को रिश्वत लेने और देने दोनों मामले में गुनहगार करार दिया गया। फेंघे और उनके बाद रक्षा मंत्री बने शांगफू को 2024 में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निकाल दिया गया था। दोनों ने जिनपिंग के तहत काम किया था। वे केंद्रीय सैन्य आयोग के सदस्य भी रहे। फेंघे 2018 से 2023 तक रक्षा मंत्री रहे, शांगफू ने उनके उत्तराधिकारी के रूप में कुछ महीने यह प्रभार संभाला। फेंघे और शांगफू दोनों ने 2015 में स्थापित पीपल्स लिबरेशन आर्मी की अति महत्वपूर्ण रॉकेट (मिसाइल) फोर्स का नेतृत्व किया था।

# ईरान के साथ अच्छी बातचीत, जल्द ही युद्ध खत्म होने के आसार : ट्रंप

**वॉशिंगटन/तेहरान, एजेंसी**



- ईरान ने कहा- अमेरिकी प्रस्ताव की पूरी समीक्षा करने के बाद मध्यस्थों को देंगे जवाब

ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव की अभी वह समीक्षा कर रहा है और अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है।

ट्रंप ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौता होने की संभावना है। मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तो वह अस्थायी होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके।

ट्रंप ने कहा कि ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। ट्रंप ने चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा।

### ट्रंप के प्रस्ताव पर ईरान में मतभेद

ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को अमेरिका की इच्छाओं की सूची बताया, एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका जरूरी रियायतें नहीं देता है तो ईरान कठोर जवाब देगा और अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा, अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका।

### पोप लियो से मिलने के लिए वेटिकन पहुंचे रुबियो

**वेटिकन सिटी।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो बृहस्पतिवार को वेटिकन की यात्रा पर पहुंचे। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और पोप लियो 14वें के बीच बढ़ते तनाव को कम करना और बिगड़े हुए रिश्तों को सुधारना है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचनाओं और ईरान में अमेरिका-इजराइल युद्ध को लेकर पोप नाराज हो गए थे। ट्रंप ने शिकागो में जन्मे पोप की आलोचना की थी वहीं लियो ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति शांति पर महज बाइबल का उपदेश पढ़ रहे हैं। रुबियो की वेटिकन के विदेश मंत्री कार्डिनल पिएत्रो पारोलिन से भी मुलाकात होनी है। पिएत्रो ने अपनी मुलाकात से पहले लियो का पुरजोर बचाव किया है।

# महाराष्ट्र की 1,194 बस्तियों और 411 गांवों में जल संकट

**मुंबई, एजेंसी**



- लाखों लोग टैंकरों पर हुए निर्भर जल्द संकट और बढ़ने के आसार

महाराष्ट्र में भीषण गर्मी के प्रकोप के बीच मई के पहले सप्ताह में 411 गांवों और 1,194 बस्तियों में रहने वाले लोग पीने के पानी की आपूर्ति के लिए पूरी तरह से पानी के टैंकरों पर निर्भर हैं। तपती गर्मी में भारी वृद्धि हुई है और डर है कि महीने के अंत तक पानी की कमी वाले क्षेत्रों की संख्या और बढ़ सकती है।

अधिकारियों के मुताबिक राज्य भर के बांधों में जल स्तर तेजी से घट रहा है और अब यह गिरकर लगभग 38 प्रतिशत रह गया है। महाराष्ट्र के अधिकांश हिस्सों में भीषण लू की स्थिति बनी हुई है, जिससे जल भंडार कम हो रहे हैं और ग्रामीणों को टैंकरों की आपूर्ति पर निर्भर होना पड़ रहा है। वर्तमान में कुल 1,605 स्थानों को कवर करने वाले 12 जिलों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। राज्य प्रशासन ने मई के पहले सप्ताह में ही पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए 466 टैंकर तैनात किए हैं, जिनमें 20 सरकारी और 446 निजी टैंकर शामिल हैं। इसकी तुलना में, अप्रैल के चौथे सप्ताह के दौरान 321 टैंकर चल रहे थे, जो बहुत कम समय में पानी की मांग में भारी वृद्धि को दर्शाता है।

# 90 देशों में 1.55 करोड़ डॉलर की नकली दवाएं जब्त

**सिंगापुर, एजेंसी**

- इंटरपोल का अभियान, 66 गिरोहों का भंडाफोड़, 269 लोग गिरफ्तार

इंटरपोल के समन्वय में 90 देशों और क्षेत्रों में चलाए गए 'ऑपरेशन पेंजिया 18' के तहत 1.55 करोड़ डॉलर मूल्य की 64.2 लाख से अधिक अवैध और नकली दवाओं को जब्त किया गया है। इस बीच अवैध दवा व्यापार में शामिल 66 आपराधिक समूहों का भंडाफोड़ करने के साथ 269 लोगों को गिरफ्तार किया गया।


इंटरपोल की ओर से जारी एक बयान के अनुसार यह अभियान 10 से 23 मार्च 2026 तक चला। इस दौरान दुनिया भर की कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने नकली और घटिया चिकित्सा उत्पादों को निशाना बनाते हुए 392 जांच शुरू कीं और 158 सर्च वारंट निकाले किए। इंटरपोल के महासचिव वाल्डेसी उरक्विजा ने कहा, नकली दवाएं केवल एक धोखाधड़ी नहीं हैं, बल्कि ये लोगों के जीवन को खतरे में डालती हैं। अपराधी ऑनलाइन माध्यम से उन लोगों को निशाना बनाते हैं जो त्वरित या किफायती इलाज की तलाश में होते हैं। इस वैश्विक अभियान में भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, बांग्लादेश, तुर्की और मलेशिया सहित 90 देशों ने हिस्सा लिया। आंकड़ों के अनुसार, सबसे अधिक जब्ती ब्रिटेन (21.2 लाख खुराक) और कोलंबिया (14.7 लाख खुराक) में हुई। भारत को इस तरह के उत्पादों के निर्माण केंद्र के रूप में भी चिन्हित किया गया है।


### दर्द निवारक और नींद की गोलियां सबसे ज्यादा

अभियान के दौरान इरेक्टाइल डिस्फंक्शन की दवाएं, नींद की गोलियां, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक्स और धूम्रपान रोधी उत्पाद सबसे अधिक मात्रा में जब्त किए गए। इसके अलावा, डिजिटल कार्रवाई के तहत दवाओं की अवैध बिक्री में शामिल लगभग 5,700 वेबसाइटों, सोशल मीडिया पेजों और बॉट्स को बंद कर दिया गया। जांच में एंटी-पैरासिटिक दवाओं की जब्ती में भारी उछाल देखा गया है, विशेष रूप से आइवरमेक्टिन और फेनबेंडाजोल, जिन्हें ऑनलाइन मंचों पर वैज्ञानिक साक्ष्यों के बिना कैंसर के वैकल्पिक उपचार के रूप में प्रचारित किया जा रहा था।

# डिजिटल साइकोलॉजी

## इमोशनल फूल बनाने का बड़ा हथियार






डिजिटल प्राइवेसी के बाद दूसरा बड़ा खतरा डिजिटल फिंगरप्रिंटिंग और डार्क पैटर्न्स है। शायद ही आपको एहसास हो कि इंटरनेट आपकी पसंद-नापसंद को आपके बिना बताए कंट्रोल करने की कोशिश कर रहा है। क्या आपने कभी गौर किया है कि जब आप किसी एप को अनइंस्टॉल करने लगते हैं तो वह इमोशनल मेसेज देता है... क्या आप वाकई हमें छोड़कर जा रहे हैं, हम आपको याद करेंगे। ऐसे ही जब आप शॉपिंग करते हैं तो वहां लिखा आता है... सिर्फ 2 स्टॉक बचे हैं, 15 लोग इसे अभी देख रहे हैं। दरअसल, यह कोई इत्तफाक नहीं है, बल्कि डिजिटल साइकोलॉजी का एक गहरा जाल है।

### यह है असली खेल

- कंपनियां अब सिर्फ आपका डेटा नहीं चुरातीं, बल्कि आपके व्यवहार को डिजाइन करती हैं। इसे बिहेवियरल इंजीनियरिंग कहते हैं।
- वेबसाइट और एप्स के इंटरफेस इस तरह बनाए जाते हैं कि आप वह कर बैठें जो नहीं करना चाहते थे जैसे अनचाहे सब्सक्रिप्शन लेना।
- सोशल मीडिया के इनफिनिटी स्क्रॉल को इस तरह बनाया गया है कि आपके दिमाग में डोपामाइन रिलीज हो और आपको लत लग जाए।
- आप कुकीज डिलीट भी कर दें, तब भी कंपनियां आपके ब्राउजर वर्जन, स्क्रीन रेजोल्यूशन और बैटरी लेवल से आपकी पहचान कर लेती हैं।

### फैक्ट

शॉपिंग साइट्स पर दिखने वाला काउंटडाउन टाइमर जैसे, सेल खत्म होने में 05 :00 मिनट बाकी, फर्जी होता है। और आपको दबाव में लाने के लिए है। प्रिंसटन यूनिवर्सिटी की एक स्टडी के अनुसार, दुनिया की टॉप 11,000 शॉपिंग वेबसाइट्स में से 1,200 से ज्यादा धोखा देने के लिए इन डार्क पैटर्न्स का इस्तेमाल करती हैं।

### एक्सपर्ट टिप्स

- सिर्फ इनकॉग्निटो मोड इस्तेमाल करने से आप ट्रैक होने से नहीं बचते। इसके बजाय प्राइवेसी फोकस्ड सर्च इंजन इस्तेमाल करें।
- एप्स के पुश नोटिफिकेशन बंद रखें। ये आपको बार-बार एप खोलने को उकसाते हैं। जरूरी एप्स के नोटिफिकेशन ऑन रखें।
- कोई वेबसाइट सभी कुकीज को स्वीकार करने का विकल्प दे तो कस्टमाइज पर क्लिक करें और ट्रैकिंग कुकीज को अनचेक करें।
- लेख पढ़ते समय हमेशा रीडिंग मोड का इस्तेमाल करें ताकि वेबसाइट पर विज्ञापनों और ध्यान भटकाने वाले एलिमेंट्स से बच सकें।
- हफ्ते में एक दिन या दिन में कुछ घंटे नो फोन जोन तय करें ताकि आपका दिमाग अपनी मर्जी से सोचे, एल्गोरिदम की मर्जी से नहीं।

### आपके लिए जरूरी बातें

- एआई अब आपके टाइपिंग पैटर्न और स्क्रीन पर उंगलियों के दबाव से यह समझ सकता है कि आप कब उदास हैं या कब एक्साइटेड। उसी हिसाब से आपको कंटेंट या विज्ञापन दिखाए जाते हैं।
- एल्गोरिदम आपको केवल वही चीजें दिखाता है जो आपकी विचारधारा से मेल खाती हैं। इससे आप एक बबल में फंस जाते हैं और आपको लगता है कि पूरी दुनिया वैसा ही सोच रही है जैसा आप।
- स्लीप स्टीलिंग यानी वीडियो एप्स का ऑटो-प्ले फीचर आपकी नींद चुराने के लिए बनाया गया है। एक के बाद एक वीडियो चलते रहते हैं और आपका दिमाग यह तय नहीं कर पाता कि कब रुकना है।
- आप किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नहीं भी हैं, तब भी आपके दोस्तों के कॉन्टैक्ट्स और डेटा के जरिए कंपनियां आपकी एक शैडो प्रोफाइल तैयार कर लेती हैं।

# एपस्टीन की आत्महत्या की कोशिश के बाद मिला रहस्यमय नोट सार्वजनिक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- जेल में साथ रहे टार्टाग्लियोन को मिला था नोट, वर्षों से अदालत की वॉल्ट में था बंद



न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उस रहस्यमय नोट को सार्वजनिक कर दिया है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ जेल में बंद रहे निकोलस टार्टाग्लियोन ने मिलने का दावा किया था। वर्षों एक अदालत के वॉल्ट में बंद रहा यह नोट एपस्टीन की आत्महत्या की पहली कोशिश के बाद टार्टाग्लियोन को मिला था।

न्यूयॉर्क के व्हाइट प्लेन्स में अमेरिकी जिला न्यायाधीश केनेथ करास ने नोट जारी करने का आदेश दिया था। इससे पहले 'द न्यूयॉर्क टाइम्स' ने पिछले सप्ताह इसे और उस मामले से जुड़े अन्य दस्तावेजों को सार्वजनिक करने का अनुरोध किया था जिसमें टार्टाग्लियोन शामिल था। संघीय अभियोजकों ने इस अनुरोध का विरोध नहीं किया। इस नोट के बारे में तब तक बहुत कम लोगों को ही पता था, जब तक कि चार लोगों की हत्या के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व पुलिस अधिकारी टार्टाग्लियोन ने लेखिका जेसिका रीड क्रॉस के पॉडकास्ट पर इसका ज़िक्र नहीं किया। टार्टाग्लियोन ने दावा किया कि उसे यह नोट एक किताब में तब मिला जब एपस्टीन 23 जुलाई, 2019 को मैनहट्टन फेडरल जेल में अपनी कोठरी के फर्श पर पड़ा मिला था और उसके गले में एक चादर की पट्टी लिपटी हुई थी।

### चुनौतियों से निपटने को अपनी क्षमता बढ़ाएंगे: पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की सेना ने कहा कि वह भविष्य की चुनौतियों से निपटने और हर प्रकार की आक्रामकता का निर्णायक जवाब देने के लिए अपनी क्षमताओं को बढ़ाती रहेगी। पाकिस्तान सेना ने 'मारका-ए-हक' के एक साल पूरे होने पर इसे देश के सैन्य इतिहास का निर्णायक अध्याय बताया।

पाकिस्तानी सेना ने पिछले साल भारत के साथ चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष को मारका-ए-हक नाम दिया है। पहलगाम में आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत होने के बाद भारत ने पिछले साल सात मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इसके तहत पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादियों के नौ ठिकानों पर हमले किए गए थ, जिनमें करीब 100 आतंकवादी मारे गए थे। इस कार्रवाई के बाद दोनों देशों के बीच भारी तनाव पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने भारत की कार्रवाई के जवाब में हमले किए थे, हालांकि उनमें से ज्यादातर को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया था।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार के साथ समय बिताने से मन प्रसन्न रहेगा। रुके कार्य पूरे होने के संकेत हैं।

**वृष** — आज आर्थिक मामलों में सावधानी बरतने की जरूरत है। व्यापार में बड़ी साझेदारी हो सकती है। प्रतियोगी छात्रों के लिए मेहनत का समय हैं।

**मिथुन** — आज का दिन नई योजनाओं पर काम करने के लिए अच्छा है। व्यापार में लाभ के अवसर मिल सकते हैं।

**कर्क** — आज भावनाओं में आकर कोई बड़ा निर्णय लेने से बचें। मेहनत का सकारात्मक परिणाम मिलेगा। घर में शांति का वातावरण बना रहेगा।

**सिंह** — आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा के दौरान सावधानी बरतें।

**कन्या** — आज कामकाज में व्यस्तता अधिक रह सकती है। किसी पुराने विवाद का समाधान निकलेगा। मेहनत का अच्छा परिणाम प्राप्त होगा।

**तुला** — आज भाग्य का साथ मिलेगा और रुके काम आगे बढ़ेंगे। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। धन निवेश से सलाह जरूर लें।

**वृश्चिक** — आज गुस्से पर नियंत्रण रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। नई उपलब्धि मिलने की संभावना है। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**धनु** — आज आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ सकती है। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिलेंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**मकर** — आज मेहनत के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना है। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।

**कुंभ** — आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। नई योजनाएं भविष्य में लाभ दिला सकती हैं।

**मीन** — आज मन रचनात्मक कार्यों में अधिक लगेगा। व्यवसाय में लाभ के संकेत मिल रहे हैं। किसी प्रिय व्यक्ति से शुभ समाचार प्राप्त होगा।

### टैगोर को 165वीं जयंती पर शंघाई में दी गई श्रद्धांजलि

**बीजिंग।** शंघाई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रवींद्रनाथ टैगोर की 165 वीं जयंती पर उनके प्रशंसकों और भारतीय समुदाय ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक बयान में कहा कि भारतीय महावाणिज्यदूत प्रतीक माथुर ने माओमिंग स्ट्रीट पर स्थित टैगोर की प्रतिमा और लू शुन पब्लिक पार्क में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय महावाणिज्यदूत ने जोर दिया कि लोग आपसी संपर्कों को मजबूत करें। चीनी बुद्धिजीवी टैगोर को काफी पसंद करते हैं।

**सबरीमाला मुद्दा** — सुप्रीम कोर्ट ने कहा– हर धर्म विघटित हो जाएगा, हर संवैधानिक अदालत को करना पड़ेगा बंद

# सवाल उठाने से धर्म और सभ्यता के विघटन का होगा खतरा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीम कोर्ट की नौ न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने बृहस्पतिवार को टिप्पणी की कि यदि लोग धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों पर संवैधानिक अदालत में सवाल उठाने लगेंगे तो विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं पर सवाल उठाने वाली सैकड़ों याचिकाएं दायर होंगी और इससे धर्मों और सभ्यता के विघटन का खतरा पैदा हो जाएगा।

संविधान पीठ महिलाओं के साथ धार्मिक स्थलों पर होने वाले भेदभाव से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई कर रही है। इनमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला भी शामिल है। यह पीठ दाऊदी बोहरा समुदाय सहित विभिन्न धर्मों की धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा और दायरे पर भी विचार कर रही है। दाऊदी बोहरा समुदाय के केंद्रीय बोर्ड ने 1986 में एक जनहित याचिका दायर कर 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की थी जिसने बॉम्बे बहिष्कार निवारण अधिनियम, 1949 को निरस्त कर दिया था। इस कानून के तहत समुदाय के किसी भी सदस्य का बहिष्कार करना अवैध था। संविधान पीठ के 1962 के फैसले में कहा गया था, दाऊदी बोहरा समुदाय की धार्मिक आस्था और सिद्धांतों से स्पष्ट है कि धार्मिक आधार पर इसके धार्मिक प्रमुख द्वारा बहिष्कार की शक्ति का प्रयोग धर्म संबंधी मामलों में इसके कामकाज के प्रबंधन का हिस्सा था और 1949 के अधिनियम ने ऐसे बहिष्कार को भी अमान्य घोषित करके संविधान के अनुच्छेद 26(ख) के तहत समुदाय के अधिकार का उल्लंघन किया।


### तर्क-वितर्क

सुधारवादी दाऊदी बोहरा समुदाय के एक समूह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन ने दलील दी कि किसी व्यक्ति के धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक आचरण के जवाब में अपनाई जाने वाली किसी प्रथा को संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत संरक्षण नहीं दिया जा सकता। इसलिए उसे संविधान के अनुच्छेद 26 के अंतर्गत धर्म से संबंधित मामला भी नहीं माना जा सकता। कहा, कोई प्रथा भले ही धार्मिक पहलू रखती हो लेकिन यदि उसका मौलिक अधिकारों पर गंभीर और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, तो उसे संविधान के अनुच्छेद 25 या अनुच्छेद 26 के तहत प्रतिबंधों से पूरी तरह छूट नहीं दी जा सकती।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि यदि हर कोई कुछ धार्मिक प्रथाओं या धर्म से जुड़े मामलों को संवैधानिक अदालत में चुनौती देने लगे तो इस सभ्यता का क्या होगा, जहां धर्म भारतीय समाज से इतनी गहराई से जुड़ा हुआ है। इस अधिकार या उस अधिकार को चुनौती देने वाली, मंदिर खोलने और मंदिर बंद करने के अधिकार को लेकर सैकड़ों याचिकाएं दायर की जाएंगी। हम इस बात से अवगत हैं। न्यायमूर्ति सुंदरेश ने कहा, हर धर्म विघटित हो जाएगा और हर संवैधानिक अदालत को बंद करना पड़ेगा। यदि विवादों को अनुमति दी जाती है तो हर कोई हर चीज पर सवाल उठाने लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मई, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 12 .21 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- उत्तराषाढ़ा 21.20 तक तत्पश्चात श्रवण।

### सुडोकू - 142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

### सुडोकू -143

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |



टूर्नामेंट की शुरुआत में खराब दौर से गुजरने के बावजूद टीम को वरुण चक्रवर्ती की काबिलियत पर कभी कोई शक नहीं हुआ। खेल में सब कुछ नतीजों पर आधारित होता है और लोग भावुक हो जाते हैं।
–ड्वेन ब्रावो, गेंदबाजी कोच, केकेआर


# स्टेडियम

बरेली, शुक्रवार, 8 मई 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
कोलकाता नाइट राइडर्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

# मिचेल मार्श के शतक के बाद प्रिंस यादव की गेंदबाजी से जीती लखनऊ

## आईपीएल-2026 : बारिश से प्रभावित मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 रन से हराया

लखनऊ, एजेंसी

मिचेल मार्श (111) की आतिशी शतकीय पारी के बाद प्रिंस यादव (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के वर्षा बाधित मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को नौ रनों से हराया।

लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार छह हार के बाद यह जीत नसीब हुई। वहीं आरसीबी की यह टूर्नामेंट में चौथी हार है। ऋषभ पंत का दिग्वेश राठी को आख़िरी ओवर देने का फैसला सही साबित हुआ। उन्होंने इस ओवर में 10 रन देते हुए स्कोर का बचाव किया और लखनऊ सुपर जाएंट्स को अभी टूर्नामेंट से बाहर होने से बचा लिया है। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आरसीबी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने नौ रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जेकब बेथेल (चार) को मोहम्मद शमी ने आउट किया।

वहीं अगले ही ओवर में प्रिंस यादव ने विराट कोहली को खाता भी खोलने का मौका नहीं दिया। इसके बाद कप्तान रजत पाटीदार और देवदत्त पड़िक्कल ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 95 रन जोड़े। 11वें ओवर में प्रिंस यादव ने पड़िक्कल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। पड़िक्कल ने 25 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लागते हुए (34) रन बनाये। इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर प्रिंस ने जितेश शर्मा (एक) भी शिकार कर लिया। अगले ओवर में शाहबाज अहमद ने रजत पाटीदार को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

पाटीदार ने 31 गेंदों में तीन चौके और छक्के उड़ाते हुए (61) रनों की पारी खेली। आरसीबी के बल्लेबाजों क्रुणाल पंड्या और रोमारियो शेफर्ड ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए आखिरी तक अपने को मुकाबले में बनाये रखा। आरसीबी निर्धारित 19 ओवरों में छह विकेट पर 203 रन ही बना सकी और नौ रनों से मुकाबला हार गई।

क्रुणाल पंड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 28 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके और दो छक्के भी जडे.। रोमारियो शेफर्ड ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते नाबाद 23 रन बनाये। 16वें ओवर शाहबाज अहमद ने टिम डेविड को आउट कर लखनऊ सुपर जायंट्स को छठी सफलता दिलाई। टिम डेविड ने 17 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाते हुए (40) रन बनाये। इससे पहले आज यहां लखनऊ सुपर जायंट्स ने आरसीबी के खिलाफ बारिश से प्रभावित मुकाबले में तीन विकेट पर 209 रनों का स्कोर खड़ा किया। डीएलएस पद्धति के तहत आरसीबी को 19 ओवरों में संशोधित 213 रन का लक्ष्य मिला है।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के मिशेल मार्श। एजेंसी

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**209/3** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का बेथेल बो हेजलवुड | 111 |
| अर्शिन कुलकर्णी का पाटीदार बो कृणाल | 17 |
| निकोलस पूरन का कृणाल बो रसिख | 38 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 32 |
| ऐडन मारक्रम नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 10, विकेट पतन : 1-95, 2-165, 3-194, **गेंदबाजी** : भुवनेश्वर 4-0-34-0, हेजलवुड 4-0-49-1, कृणाल पंड्या 4-0-31-1, रसिख सलाम 4-0-53-1, सुयश 2-0-21-0, शेफर्ड 1-0-16-0



बारिश से कई बार बाधित हुआ मैच।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

**203/6** (19 ओवर)

| | |
|---|---|
| जैकब बेथेल का प्रिंस बो शमी | 04 |
| विराट कोहली बो प्रिंस | 00 |
| देवदत्त पडीक्कल का एवं बो प्रिंस | 34 |
| रजत पाटीदार का मारक्रम बो शाहबाज | 61 |
| जितेश शर्मा का पंत बो प्रिंस | 01 |
| टिम डेविड का राठी बो शाहबाज | 40 |
| कृणाल पंड्या नाबाद | 28 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 23 |

**अतिरिक्त** : 12, विकेट पतन : 1-9, 2-9, 3-104, 4-106, 5-112, 6-158

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-33-1, प्रिंस यादव 4-0-33-3, मयंक यादव 4-0-50-0, दिग्वेश राठी 4-0-50-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 7 | 4 | 0 | 14 | 0.737 |
| 2. | पंजाब किंग्स | 10 | 6 | 3 | 1 | 13 | 0.571 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 1.234 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | 0.510 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | -0.147 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 10 | 5 | 5 | 0 | 10 | 0.151 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 10 | 4 | 6 | 0 | 8 | -0.949 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 9 | 3 | 5 | 1 | 7 | -0.539 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.649 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 10 | 3 | 7 | 0 | 6 | -0.934 |

### ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –475 रन
- केएल राहुल दिल्ली–445 रन

### पर्पल कैप





- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ–16 विकेट

## बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल करवाना नामुमकिन हो गया था : अरुण धूमल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष अरुण धूमल ने बृहस्पतिवार को कहा कि बेंगलुरु में लीग का फाइनल करवाना नामुमकिन हो गया था क्योंकि वहां के स्टेडियम की क्षमता कम है और राज्य सरकार की तरफ से मुफ्त टिकटों की बहुत ज्यादा मांग थी। अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में 1.30 लाख दर्शक बैठ सकते हैं और यह 31 मई को टी20 टूर्नामेंट के फाइनल की मेज़बानी करेगा। नियम के मुताबिक बेंगलुरु को ही पहले मेजबान चुना गया था क्योंकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) पिछली बार की चैंपियन टीम है। हालांकि बीसीसीआई ने बुधवार को कहा कि 'स्थानीय संघ और अधिकारियों की कुछ ऐसी मांगें थीं जो बीसीसीआई के तय नियमों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं इसलिए यह बदलाव किया गया है।' धूमल ने पीटीआई से बात करते हुए

**आईसीसी बोर्ड बैठक**

उन दिक्कतों के बारे में विस्तार से बताया जिनका सामना बीसीसीआई को करना पड़ा। कर्नाटक सरकार के पास राज्य के विधायकों, विधान पार्षदों और सांसदों के लिए तीन-तीन मुफ्त आईपीएल टिकटों का कोटा है जिसे ऐसे स्टेडियम में लागू करना मुश्किल होता जहां 40,000 से ज्यादा लोग नहीं बैठ सकते। उन्होंने कहा असल में तो यह बेंगलुरु में ही होना चाहिए था। हमने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ से बात की। पिछले साल जो घटना हुई (भगदड़), उसकी वजह से उन्हें कुछ दिक्कतें थीं। राज्य सरकार को विधायकों को मुफ्त टिकट देने होते हैं और केएससीए के अपने सदस्यों के लिए कुछ और वादे होते हैं। उन्होंने कहास्टेडियम की क्षमता भी उतनी ज्यादा नहीं है। लीग मैचों के लिए भी वहां बहुत कम टिकट उपलब्ध थे।

### हाईलाइट



## मैं फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं : लुइस सुआरेज

**मियामी।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिंग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितंबर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

## गुकेश ने सिंदारोव को हराया, सो से ड्रॉ खेला

**वारसा।** डी गुकेश ने विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले की तैयारियां पुख्ता करते हुए सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में अपने चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को पांचवें दौर में हराया और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। उजबेकिस्तान के सिंदारोव को हराने के बाद गुकेश ने वेसले सो को ड्रॉ पर रोका। अब उनके छह अंक हो गए हैं जबकि रैपिड वर्ग में तीन राउंड बाकी हैं। सिंदारोव के खिलाफ जीत से उन्हें दो अंक मिले जबकि ड्रॉ से एक अंक हासिल हुआ। सो नौ अंक लेकर अमेरिका के ही हैंस नीमैन के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद ब्लादीमिर फेडोसीव हैं जो एक अंक पीछे हैं। गुकेश, फेबियानो कारूआना, जान क्रिस्टोफ डुडा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव के छह अंक हैं।

## अल्तमाएर ने रोम में 2 मैच प्वाइंट बचाए

**रोम।** डेनियल अल्तमाएर ने बुधवार को रोम में इटेलियन ओपन में तब अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया जब इसकी सबसे ज्दाया जरूरत थी। उन्होंने दो मैच पॉइंट बचाकर झांग झीझेन को हराया। एटीपी रैंकिंग में 64वें नंबर के खिलाड़ी अल्तमाएर ने दूसरे सेट में 3-5, 15/40 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर मैच पॉइंट बचाए, और फिर 4-6, 7-6(3), 6-4 से जीत हासिल करके इस सीजन में अपना पहला एटीपी मास्टर्स 1000 मैच जीता। 27 वर्षीय खिलाड़ी को इस जीत का इनाम दूसरे दौर में रोम के दो बार के चैंपियन एलेक्जेंडर ज्वेरेव से मुकाबले के रूप में मिला है।

# रेसलर विनेश फोगाट एशियाई खेलों के चयन ट्रायल्स से बाहर

- डब्ल्यूएफआई के नए पात्रता मापदंड में फंस गईं

नई दिल्ली, एजेंसी

तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोषित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए गुरुवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसंबर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।

विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं।



उन्होंने ग्रीष्मकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिंग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसंबर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोषणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की, क्योंकि वह पिछले साल जुलाई में मां बनी थीं। 31 वर्षीय भारतीय पहलवान ने हाल ही में उत्तर प्रदेश में 10 से 12 मई तक होने वाले नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट को अपनी वापसी के लिए चुना था।

रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसार, नेशनल ओपन रैंकिंग टूर्नामेंट के परिणाम चयन ट्रायल में पात्रता के लिए मान्य नहीं होंगे। फेडरेशन ने एशियन गेम्स के सेलेक्शन ट्रायल इसी महीने के अंत में दो दिनों में आयोजित करने का फैसला किया है। महिला कुश्ती के चयन ट्रायल 30 मई को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में होंगे, जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन प्रतियोगिताएं 31 मई को लखनऊ के क्षेत्रीय केंद्र में होंगी। ये ट्रायल सभी 18 ओलंपिक भार वर्गों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें से प्रत्येक में तीन डिसिप्लिन में छह कैटेगरी होंगी। फेडरेशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि चयन प्रक्रिया में पिछले प्रदर्शनों पर विचार नहीं किया जाएगा, केवल सेलेक्शन ट्रायल के रिजल्ट पर ही ध्यान दिया जाएगा। एशियन गेम्स 2026 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे।

# दिल्ली के सामने वरुण और नारायण की चुनौती

- कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुकाबला आज

नई दिल्ली, एजेंसी

पेचीदा पिचों पर चकमा खाने वाली या अच्छी पिचों पर बड़ा स्कोर नहीं बचा पाने वाली दिल्ली कैपिटल्स को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शुक्रवार को आईपीएल के 'करो या मरो' के मुकाबले में घरेलू मैदान पर भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है ।

दस मैचों में आठ अंक लेकर सातवें स्थान पर काबिज दिल्ली को अब प्लेआफ में जगह बनाने के लिये 16 अंक तक पहुंचने के लिये बाकी चारों मैच जीतने होंगे। वहीं आठवें स्थान पर खड़ी केकेआर को भी बाकी पांचों मैच जीतने होंगे। ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि दिल्ली कैपिटल्स का यह मैच किस तरह की पिच पर खेला जाएगा। समझा जाता है कि वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी का सामना करने के लिए दिल्ली बल्लेबाजों की मददगार पिच नंबर छह पर खेल सकती है जिस पर उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 264 रन बनाए थे पर जीत फिर भी नहीं मिली थी। इस पिच को चुनने की वजह बल्लेबाजों पर भरोसे की कमी है जो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सीम लेती पिच पर छह विकेट नौ रन पर गंवा बैठे थे। धीमी विकेट पर दिल्ली के बल्लेबाज गुजरात टाइटंस के राशिद खान या सीएसके के नूर अहमद और अकील हुसैन को नहीं खेल पाये थे। सुनील (इकॉनॉमी रेट 6.80) और वरुण (इकॉनॉमी रेट 8.88) के सामने पाथुम निसांका, समीर रिजवी या करुण नायर को मुश्किलें पेश आ सकती है।



अभ्यास सत्र के दौरान दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव, माधव तिवारी, आशुतोष शर्मा और नीतीश राणा। एजेंसी

### केकेआर का शीर्षक्रम नहीं उतर सका खरा

नई दिल्ली। केकेआर का शीर्षक्रम भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर सका है। कप्तान अजिंक्य रहाणे (131.42 की स्ट्राइक रेट से 205 रन) और अंगकृष रघुवंशी (137.43 की स्ट्राइक रेट से 268 रन) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके। रिंकू सिंह (145.39 की स्ट्राइक रेट से 245 रन) पर ही बल्लेबाजी का दारोमदार रहा है। दिल्ली के लिए केएल राहुल ने आईपीएल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 180 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 445 रन बनाये हैं।

### टीम

**दिल्ली कैपिटल्स :** अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नितीश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेल, आशुतोष शर्मा, दुष्मंथा चमीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, डेविड मिलर, औकिब नबी डार, पथुम निसांका, लुंगी एनगिडी, साहिल पारख, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, अजय जादव मंडल, करुण नायर, टी नटराजन।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, सुनील नारायण, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, वरुण चक्रवर्ती, कैमरन ग्रीन, मथीशा पथिराना, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, तेजस्वी दहिया, रचिन रवींद्र, आकाश दीप, ब्लेसिंग मुजाराबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी, फिन एलन, दक्ष कामरा, कार्तिक त्यागी।

**तीरंदाजी विश्व कप** | भारतीय पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हारी

# कोरिया पर जीत से महिलाओं ने पक्का किया पदक

शंघाई, एजेंसी

भारत का तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में बृहस्पतिवार को प्रदर्शन मिला जुला रहा जब महिला रिकर्व टीम ने रिकॉर्ड दस बार की ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को सेमीफाइनल में हराकर पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम पहले दौर में बांग्लादेश से हार गई। मिश्रित टीम वर्ग में भारत की चुनौती समाप्त हो गई जब धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत दूसरे दौर में ब्राजील से शूटआफ में 4-5 से हार गए।

महिला टीम की सदस्यों दीपिका कुमारी, अंकिता भकत और कुमकुम मोहोद ने सेमीफाइनल में कोरिया को 5-1 से मात दी। अब उसका सामना स्वर्ण पदक के मुकाबले में रविवार को चीन से होगा।



महिला टीम की सदस्य अंकिता भकत, दीपिका कुमारी और कुमकुम मोहोद।

पुरुष रिकर्व टीम में तरुणदीप रॉय, धीरज बोम्मादेवरा और यशदीप भोगे थे जिन्हें बांग्लादेश ने 6-2 से मात दी। भारतीय महिला टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने छह तीरों में से चार पर 10 स्कोर किया और सिर्फ दो अंक गंवाकर पहला सेट 58-55 से जीता। दूसरे सेट में मुकाबला 56-56 से बराबर रहा लेकिन भारत ने 3-1 की बढ़त बना ली। मैच जीतने के लिए अब सिर्फ दो अंक की जरूरत थी और अगला सेट भारत ने 58-56 से अपने नाम किया। लेकिन कोरिया ने यहां अनुभवहीन टीम भेजी है क्योंकि उसका फोकस चार महीने बाद जापान में होने वाले एशियाई खेलों पर है । कोरियाई टीम में दो नये चेहरे ली युंजी और ओ येजिन थे जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन कांग चाएयंग एकमात्र अनुभवी तीरंदाज थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उजबेकिस्तान को पहले दौर में 6-2 (53-56, 57-54, 55-54, 55-51) से हराया। क्वार्टर फाइनल में तनावपूर्ण शूटआफ में वियतनाम पर 5-4 से जीत दर्ज की।

### पुरुष टीम का रहा निराशाजनक प्रदर्शन

भारतीय पुरुष टीम ने पहला सेट बांग्लादेश ने के सामने 52-55 से गंवाया। दूसरे सेट में बांग्लादेश ने उसे 54-54 से बराबरी पर रोका। तीसरे सेट में दोनों टीमों का स्कोर 53 रहा। चौथा सेट में बांग्लादेश ने 57-53 से हराया।

## चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचा पेरिस सेंट जर्मेन

**म्युनिख।** पेरिस सेंट जर्मेन ने बायर्न म्युनिख से 1-1 से ड्रॉ खेलकर चैंपियंस लीग फुटबॉल के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उस्मान डेम्बेले ने तीसरे ही मिनट में गोल दाग दिया। हैरी केन ने स्टॉपेज टाइम में म्युनिख के लिए गोल किया पर तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इसके साथ ही उनकी टीम का एक ही सत्र में बुंडेस्लिगा, जर्मन कप और चैम्पियंस लीग जीतने का सपना टूट गया। गत चैंपियन पीएसजी ने औसत के आधार पर 6-5 से जीत दर्ज की। उसने पेरिस में पिछले सप्ताह पहले चरण का मुकाबला 5-4 से जीता था। अब उसका सामना 30 मई को हंगरी के बुडापेस्ट में आर्सनल से होगा जिसने एटलेटिको मैड्रिड को हराया।

# रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने पर नेमार ने मांगी माफी

रियो डी जेनेरियो, एजेंसी

स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिंग सेशन के दौरान उस युवा को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर ज़ोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था।

यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिंग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है। नेमार ने कहा अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया।



रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं।

नेमार ने कहा, हाँ, मैंने जिस तरह से प्रतिक्रिया दी, उसमें मैंने थोड़ी ज्यादा ही प्रतिक्रिया दे दी। यह अलग तरह से हो सकता था, लेकिन आखिर में मैंने अपना आपा खो दिया। हर कोई गलतियाँ करता है। यह मेरी गलती थी, उसकी गलती थी। मैंने थोड़ी बड़ी गलती की। वह एक ऐसा लड़का है जिसे मैं बहुत पसंद करता हूँ, जिसके लिए मेरे मन में खास लगाव है। फुटबॉल में ऐसा होता रहता है - आप अपने दोस्त, अपने भाई से बहस कर लेते हैं। यही फुटबॉल है, यह खेल का ही एक हिस्सा है। रोबिन्हो जूनियर ने कहा कि नेमार को तुरंत एहसास हो गया था कि वह बहुत आगे निकल गए हैं और उन्होंने इस कहा-सुनी के लिए कई बार माफी मांगी।